RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 225
फरीदाबाद, शनिवार, 23 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




अंतिम पंघल ने दिलाया रेसलिंग का पहला ओलिंपिक कोटा

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 66,009 | ▼ | 221.09 |
| निफ्टी | 19.674 | ▼ | 68.10 |
| सोना | 60.170 | ▼ | 170 /10 gm |
| चांदी | 75,300 | ▲ | 800 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 27.00°C

## क्विक न्यूज

### पालघर तट के पास समुद्र में 3.8 तीव्रता का भूकंप




**मुंबई।** मुंबई के पास पालघर तटीय क्षेत्र में शुक्रवार को 3.8 तीव्रता का भूकंप का झटका आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। एनसीएस में वैज्ञानिक जे एल गौतम ने कहा कि शाम करीब 5.19 बजे मुंबई से उत्तर पश्चिम में करीब 78 किलोमीटर दूर पालघर के तट के पास समुद्र में 10 किलोमीटर गहराई में भूकंप आया। एनसीएस पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत एक संस्थान है और देश में भूकंप संबंधी गतिविधि पर निगरानी के लिए केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है।

### मोदी ने जी20 के आयोजन में शामिल कर्मचारियों से किया संवाद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी20 शिखर सम्मेलन में योगदान देने वाले कर्मचारियों से संवाद किया और इस वैश्विक आयोजन की सफलता का उन्हें श्रेय दिया। भारत की अध्यक्षता में यहां भारत मंडपम में 9 और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, इतना बड़ा और सफल आयोजन हुआ जी20 का, जिसके लिए हर तरफ से तारीफ ही तारीफ आ रही है। इसके पीछे आप सभी हैं।

### विद्यार्थियों ने की डीयू परिसर का माहौल सुधारने की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में भाग ले रहे विद्यार्थियों ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि छात्र नेता अथक रूप से कार्य करेंगे और परिसर के माहौल को बेहतर बनाएंगे। चुनाव में हिस्सा लेने वाले ज्यादातर छात्रों ने छात्र संघ चुनाव में पहली बार मतदान किया। डूसू चुनाव इससे पहले 2019 में हुए थे। 2020 और 2021 में कोविड-19 की वजह से चुनाव नहीं हो सके थे। 2022 में अकादमिक सत्र में बार-बार रुकावट की वजह से भी चुनाव संभव नहीं हो पाए थे। हंसराज कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा तनुप्रिया ने कहा कि वह छात्र नेताओं से उम्मीद करती हैं कि वे अथक रूप से कार्य करेंगे और परिसर के माहौल को बेहतर बनाएंगे।

# चीन ने तीन भारतीय खिलाड़ियों की एंट्री रोकी, मंत्री ने दौरा रद्द किया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**चीन** ने अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशू खिलाड़ियों के 19वें एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए देश में एंट्री पर रोक लगा दी है। भारत ने चीन के इस कदम का विरोध किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा- भारतीय नागरिकों के प्रति चीन के भेदभावपूर्ण व्यवहार को हम खारिज करते हैं। चीन की कार्रवाई एशियन गेम्स की भावना, इवेंट के नियमों का उल्लंघन है। उधर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियन गेम्स में शामिल होने के लिए अपना चीन दौरा रद्द कर दिया है। उधर, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं चीन के इस फैसले की निंदा करता हूं। अरुणाचल प्रदेश विवादित क्षेत्र नहीं है, बल्कि भारत का अभिन्न अंग है। चीन के इस कदम से राज्य की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा। चीन के इस कदम पर इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी को रोक लगानी चाहिए।

अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को चीन के हांगझोऊ शहर में 19वें एशियन गेम्स में 24 सितंबर को होने वाले वुशू गेम में हिस्सा लेना था। तीनों खिलाड़ियों के नाम न्येमान वांग्सू, ओनिलु तेगा और मेपुंग लाम्पु हैं। एशियन गेम्स 2023 की इवेंट कमेटी ने खेल में



भाग लेने के लिए मंजूरी दे दी थी। दो एथलीट अपने एक्रेडेशन कार्ड डाउनलोड नहीं कर पाए, जो चीन में एंट्री के लिए वीजा के रूप में काम करता। तीसरे एथलीट को एक्रेडेशन कार्ड मिल गया था। बाद में चीन की ओर से बताया गया कि उसे हॉन्गकॉन्ग से आगे यात्रा करने की अनुमति नहीं है। एशियन गेम्स में वुशू इवेंट 24 सितंबर से शुरू हो रहा



है। तीनों खिलाड़ियों को 24 सितंबर तक हांगझोऊ में रहना था, लेकिन वीजा में देरी होने की वजह से उन्हें एशियन गेम्स से बाहर होना पड़ा। वुशू टीम के बाकी प्लेयर चीन के लिए रवाना हो गए हैं। ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीआइ) के अंतरिम अध्यक्ष रणधीर सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने वर्किंग कमेटी के साथ बैठक की थी और इस मुद्दे को सरकार के सामने भी उठा रहे हैं। वहीं, ओसीआइ के उपाध्यक्ष वेई जिजहोंग ने दावा किया कि चीन पहले ही भारतीय खिलाड़ियों के लिए वीजा जारी कर चुका है, जिसे खिलाड़ियों ने लेने से मना कर दिया था।

### सालों से अरुणाचल को अपना बताता है चीन

**चीन** सालों से अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा करता रहा है। भारत के इस हिस्से को चीन दक्षिण तिब्बत कहता है। सितंबर 2023 में चीन ने देश का लेटेस्ट मैप जारी किया था, जिसमें पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल और पूर्वी लद्दाख में अक्साई चिन क्षेत्र को अपनी सीमा में दिखाया था।

## सनातन पर टिप्पणी के लिए उदयनिधि को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को सनातन धर्म पर टिप्पणी के लिए नोटिस दिया गया है। इसमें उनके खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका पर जवाब मांगा है। उदयनिधि ने एक कार्यक्रम में सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोनावायरस से की थी और धर्म को खत्म करने को कहा था। इसके बाद से वे विवादों में घिरे हुए थे। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने बी. जगन्नाथ द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। इसमें उदयनिधि के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

## पांच दिन का विशेष सत्र एक दिन पहले समाप्त, पुरानी से नई संसद में शिफ्टिंग

# महिला आरक्षण बिल को जल्द लागू करे सरकारः राहुल गांधी

# पूर्ण बहुमत की सरकार ही ले सकती है ऐसे फैसले : नरेंद्र मोदी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल लागू किए जाने को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। राहुल ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा- केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल अभी से क्यों नहीं लागू करती। इसमें जनगणना और परिसीमन जैसे नियम क्यों जोड़े गए। राहुल ने कहा- महिला आरक्षण अच्छा कदम है, लेकिन इसमें दो शर्तें लगाई गई हैं। इसे लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन कराना होगा। इन्हें करने में बहुत साल लगेंगे। महिला आरक्षण को आज से लागू किया जा सकता है। भाजपा को इन दोनों शर्तों को हटाकर आरक्षण को तुरंत लागू करना चाहिए। राहुल ने कहा- ये कोई जटिल मामला नहीं है, लेकिन सरकार यह नहीं करना चाहती। ये आज से 10 साल बाद लागू होगा। यह भी नहीं मालूम कि होगा या नहीं होगा।

पीएम मोदी रोज ओबीसी के बारे में बात करते हैं लेकिन





ओबीसी को महिला आरक्षण में शामिल क्यों नहीं किया? कांग्रेस सत्ता में आने के बाद जातिगत जनगणना कराएगी। तब पता चलेगा कि देश में कितने ओबीसी, दलित और आदिवासी हैं। भाजपा नेता उमा भारती ने बताया है कि ओबीसी के सीनियर नेता 23 सितंबर को मीटिंग करेंगे। इसमें वे चर्चा करेंगे कि महिला आरक्षण में ओबीसी कोटा कैसे मिल सकता है। हालांकि, उमा भारती ने मीटिंग की जगह और समय नहीं बताया है।

उन्होंने कहा कि जिस ओबीसी आरक्षण की वजह से यह विधेयक 27 साल तक रुका रहा, उसके बिना ही यह पारित हो गया। हमारी पार्टी ने इसे जैसे भी पास किया वह स्वीकार है, लेकिन हम ओबीसी आरक्षण के लिए कोशिश करते रहेंगे। देश की 60 फीसद ओबीसी आबादी के लिए बिल में एक संशोधन और किया जा सकता है। राहुल ने कहा- महिला आरक्षण एक डाइवर्जन टैक्टिक है। इसके जरिए ओबीसी जनगणना से लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है। मुझे पता लगाना है कि ओबीसी हिंदुस्तान में कितने हैं। जितने भी हैं, उन्हें भागीदारी मिलनी चाहिए।

उधर, महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) लोकसभा और राज्यसभा से पास होने के बाद शुक्रवार को भाजपा ने दिल्ली मुख्यालय में जश्न मनाया। महिला कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और और धन्यवाद दिया। इस मौके पर पीएम ने महिला कार्यकर्ताओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मोदी ने कहा, मैं आज देश की हर माता-बहन और बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसों 20 और 21 सितंबर को हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है। हम सबका सौभाग्य है कि ये अवसर हमें मिला है।

आने वाली हर पीढ़ी तक इस दिवस की और इस निर्णय की चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए भाजपा तीन दशक से कोशिश कर रही थी। ये हमारा वायदा था। इसे हमने पूरा करके दिखाया है। जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है, तो ऐसे ही मजबूत फैसले लिए जाते हैं। उधर, भाजपा कार्यालय के बाहर सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता पहुंचने लगी थीं। उन्होंने गुलाल लगाकर और मिठाई बांटकर बिल के पास होने का जश्न मनाया।

## लालू, राबड़ी, तेजस्वी समेत 17 के खिलाफ समन

**लैंड फॉर जॉब्स केस में 4 अक्टूबर को होना होगा पेश**

**पटना।** लैंड फॉर जॉब्स मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत 17 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। सभी को चार अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा है। लैंड फॉर जॉब्स केस में तेजस्वी के खिलाफ चार्जशीट भी कोर्ट ने मंजूर कर ली है। उनके खिलाफ भी केस चलेगा। सीबीआई ने पहली बार बिहार के डिप्टी ष्टरूतेजस्वी यादव को आरोपी बनाया है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि ये कोई पहला और आखिरी मामला नहीं है। ये सब चलता रहेगा। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। इन सब मामलों में कोई दम नहीं है। सुशील मोदी ने कहा है कि लैंड फॉर जॉब्स केस में कोई बच नहीं पाएगा। ललन सिंह ने पुख्ता सबूत दिए हैं। इससे पहले गुरुवार को सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि तीन रेल अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने की इजाजत गृह मंत्रालय से मिल गई है। रेल अधिकारी मनदीप कपूर, मनोज पांडे, डॉ. पीएल बंकर के खिलाफ केस चलाने की परमिशन मिली है। वहीं, 12 सितंबर को ही लालू प्रसाद यादव पर केस चलाने की इजाजत गृह मंत्रालय ने दे दी थी।

## यूपी पुलिस ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई

# ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करने वाला ढेर

**एजेंसी।** अयोध्या

**अयोध्या** में चलती ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करने वाले आरोपी अनीश को एसटीएफ ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मुठभेड़ में दो आरोपी पकड़े गए हैं। जबकि क्रास फायरिंग में एक दरोगा और दो सिपाही जख्मी हुए हैं। ये एनकाउंटर अयोध्या के पूराकलंदर के छतरिवा पारा कैल रोड पर हुआ। शुक्रवार तड़के एसटीएफ को आरोपियों के बारे में इनपुट मिला कि वो इनायतनगर में छिपे हैं। एसटीएफ और अयोध्या पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया। इलाके की घेराबंदी करके सर्च शुरू किया। खुद को घिरता हुआ देख तीनों बदमाश अनीश, विशम्भर और आजाद ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में विशम्भर और आजाद घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी।

इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर अनीश वहां से बाइक से भाग निकला। एसटीएफ ने 40 किमी. दूर



### दो अन्य आरोपियों के पैर में मारी गोली

पूराकलंदर तक उसका पीछा किया। सड़क को पहले ही पुलिस ने सील कर दिया था।

यहां पुलिस ने उसे घेरकर सरेंडर करने के लिए कहा। मगर, अनीश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली अनीश को लगी। घायल अनीश को पुलिस जिला अस्पताल अयोध्या लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। एनकाउंटर में थानाध्यक्ष पूराकलंदर रतन शर्मा भी घायल हुए हैं। उनके हाथ में गोली लगी है। दो अन्य सिपाहियों के भी जख्मी हैं। उनको भी अस्पताल में एडमिट किया गया है। अयोध्या एसएसपी राजकरन अयर ने बताया कि अनीश (30) पुत्र रियाज खान महिला कॉस्टेबल पर हमले का मुख्य आरोपी था। यह हैदरगंज के दशलावन का रहने वाला था। वहीं, आजाद भी इसी गांव का रहने वाला है। इसके अलावा, तीसरा आरोपी विशंभर दयाल सुल्तानपुर का रहने वाला है।

# आतंकियों का मददगार डीएसपी गिरफ्तार, पांच लाख रिश्वत ली

**एजेंसी।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने आतंकियों की मदद करने के आरोप में गुरुवार को निलंबित डीएसपी आदिल मुश्ताक को गिरफ्तार किया है। शेख आदिल पर आतंकवादी गतिविधि में शामिल एक आरोपी मुजामिल जहूर से पांच लाख रिश्वत लेने और एक अन्य पुलिस अधिकारी को फंसाने का आरोप है। डीएसपी आदिल मुजामिल जहूर से लगातार संपर्क में था। वह उसे टेरर फंडिंग केस में लगातार बचाने की कोशिश में लगा हुआ था। पुलिस को आदिल और मुजामिल के बीच टेलीग्राम ऐप पर चैट और करीब 40 बार फोन पर बातचीत के रिकॉर्ड भी मिले हैं। श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शेख आदिल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत



मामला दर्ज किया गया है। इनमें झूठे सबूत देना और सबूत नष्ट करना भी शामिल है।

दरअसल, टेरर फंडिंग केस में इसी साल फरवरी महीने में पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 31 लाख रुपए जब्त किए गए थे। तीनों ने पूछताछ के दौरान मुजामिल जहूर के नाम का खुलासा किया था। जांच के दौरान डीएसपी आदिल और मुजामिल जहूर के बीच संपर्क का खुलासा हुआ। मार्च में डीएसपी आदिल को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं पुलिस मुजामिल की तलाश कर रही थी। इस बीच उसने जुलाई में मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। केस दर्ज कराने के चार दिन बाद मुजामिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

पूछताछ में पता चला कि मुजामिल ने जिस पुलिस अफसर के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई थी, उसकी शिकायत भी डीएसपी शेख आदिल ने ही ड्राफ्ट की थी। इतना ही नहीं, मुजामिल को गिरफ्तारी से बचाने के लिए शेख आदिल उसे कानूनी सलाह भी दे रहा था। शेख आदिल कश्मीर के बारामूला जिले का रहने वाला है और जम्मू-कश्मीर पुलिस के 2015 बैच का अधिकारी है। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि डीएसपी आदिल के खिलाफ पहले भी जबरन वसूली और महिलाओं को ब्लैकमेल करने का आरोप लगा था।

# भारत से मॉनसून की वापसी 25 सितंबर से संभव

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण पश्चिम मॉनसून की उत्तर पश्चिम भारत से वापसी 25 सितंबर के आसपास शुरू होने की संभावना है।

आमतौर पर, दक्षिण पश्चिम मॉनसून एक जून तक केरल में दस्तक देता है और इसका प्रसार 8 जुलाई तक पूरे देश में हो जाता है। इसकी वापसी 17 सितंबर के आसपास उत्तर पश्चिम भारत से शुरू होती है जो 15 अक्टूबर तक पूरी हो जाती है। आईएमडी ने कहा, उत्तर पश्चिम और आसपास के पश्चिम मध्य भारत में कम बारिश की गतिविधियां अगले पांच दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। पश्चिम राजस्थान के कुछ हिस्सों से दक्षिण पश्चिम मॉनसून की वापसी के लिए स्थितियां 25 सितंबर के आसपास अनुकूल होंगी। इस वर्ष मॉनसून की लगातार 13वीं बार देरी से वापसी है।

# भाजपा सांसद बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश को संसद में गालियां दीं

**एजेंसी।** नई दिल्ली

- बिधूड़ी के बोलते समय भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और हर्षवर्धन हंसते हुए नजर आए
- भाजपा ने रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**लोकसभा** में गुरुवार 21 सितंबर को चंद्रयान पर चर्चा के दौरान दिल्ली से भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा से बसपा सांसद कुंवर दानिश अली को गालियां दीं और अभद्र व्यवहार किया। हालांकि, सदन की कार्यवाही से बिधूड़ी के अपशब्दों को हटा दिया गया है। इसका वीडियो शुक्रवार सुबह को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जब रमेश बिधूड़ी ये सब बोल रहे थे, तब अध्यक्ष की आसंदी पर कोडिकुन्नील सुरेश बैठे थे। उन्होंने बिधूड़ी से बैठने को कहा, लेकिन वे चुप नहीं हुए। बिधूड़ी के इस दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने बिधूड़ी को चेतावनी दी है कि सदन में ऐसा व्यवहार दोबारा होने पर कड़ी कार्रवाई होगी। भाजपा ने भी रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आपत्तिजनक टिप्पणी के तुरंत बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सदन में खेद जताया था। कांग्रेस समेत कई



विपक्षी दल बिधूड़ी के सदन से निलंबन की मांग कर रही है।

उधर, बसपा के सांसद दानिश अली ने कहा है कि मैंने लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखकर मामले को प्रिविलेज कमेटी में भेजने की मांग की है। जब मेरे जैसे निर्वाचित सदस्य का यह हाल है तो सामान्य व्यक्ति का क्या हाल होगा। मुझे उम्मीद है, न्याय मिलेगा, स्पीकर जांच कराएंगे। वरना मैं भी इस संसद को छोड़ने के बारे में सोच रहा हूं क्योंकि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

खास बात यह है कि रमेश बिधूड़ी के बोलते समय उनके पीछे बैठे भाजपा के ही सांसद और पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद और हर्षवर्धन हंसते हुए नजर आए। जब लोगों ने इस बारे में सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ लिखना शुरू किया तो उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि वे दुखी और अपमानित महसूस कर रहे हैं। कुछ लोगों ने उनका नाम घसीटा है। उन्होंने यह भी लिखा कि सदन में जो अराजकता हुई थी, उसे हम स्पष्ट रूप से नहीं सुन सके कि कौन क्या कह रहा था। इस मामले में नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर उन्होंने केवल आतंकवादी कहा होता तो हमें इसकी आदत है।

उन शब्दों को पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए कहा गया। भाजपा से जुड़े मुस्लिम इसे कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं? इससे पता चलता है कि वे हमारे बारे में क्या सोचते हैं? उन्हें शर्म आनी चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उन्होंने जो कहा है वह निंदनीय है। रक्षामंत्री की माफी नाकाफी, है। सदन के अंदर या बाहर ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। यह रमेश बिधूड़ी नहीं, बल्कि भाजपा पार्टी की सोच है। हमारी मांग है कि रमेश की सदस्यता रद्द की जानी चाहिए।

- विस्तृत खबर पेज-9 पर

# पांच दुकानों पर पॉलिथीन मिलने पर 37,500 का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**शुक्रवार** को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर पांच दुकानों का चालान कर नगर निगम ने 37500 रुपये का जुर्माना लगाया। निगम की टीम ने छापेमारी कर 16 किलो पॉलिथीन बरामद किया गया। नगर निगम के एएसआई ओम प्रकाश, एएसआई बृजमोहन और नोडल अधिकारी बिशन सिंह तेवतिया ने बताया कि शुक्रवार को टीम ने चावला कॉलोनी 100 फीट रोड और बस अड्डा के सामने सब्जी मंडी की पांच दुकानों पर छापा मारा गया। इसमें दुकानदारों के पास कुल 16 किलो पॉलिथीन बरामद हुई। सभी दुकानदारों का 37,500 रुपये का चालान किया गया। उन्होंने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए कोई पाया गया तो कानूनी कार्रवाई व जुर्माना किया जाएगा।

# एंटी करप्शन ब्यूरो ने 50 हजार की रिश्वत लेते एएसआई दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### मारपीट के आरोपी पर संगीन मामला बनाने की धमकी दे हड़पे थे रुपये

**फरीदाबाद** सदर के अंतर्गत आने वाली आईएमटी चौकी के एएसआई सुंदर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एएसआई सुंदर लड़ाई झगड़े के एक मामले में बंद एक आरोपी को छोड़ने की एवज में पहले तो एक लाख की मांग कर रहा था, लेकिन बाद में 50 हजार की मांग पर आरोपी को छोड़ने पर राजी हो गया। जिसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो के एसपी को दी गई। इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए एएसआई को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसका भतीजा मारपीट के एक मामले में चुप करके बैठा हुआ था। जिसे वह खुद थाने लेकर पहुंचे थे, जहां थाना इंचार्ज ने बताया कि यह मामला आईएमटी चौकी के अंतर्गत आता है, इसलिए इसे चौकी में ले जाएं। उन्होंने बताया कि वह आईएमटी चौकी में पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात एएसआई सुंदर से हुई। उन्होंने उसे चौकी में बिठा लिया और जांच करने की बात कही। जिस पर वह लोग वापस आ गए, लेकिन तीन-चार दिन बाद जब वह वहां पहुंचे, तब भी उन्होंने उसे नहीं छोड़ा और कहा की जांच चल रही है, कल तक वापस भेज देंगे। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद भी उसे वापस नहीं भेजा गया और जब चौकी में संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि इस पर कई धाराओं के तहत संगीत मामला बनता है, इसलिए यह लंबा अंदर जाएगा। इसके बाद उन्होंने उसे क्राइम ब्रांच में ले जाकर टॉर्चर किया और कहा कि बगैर पैसे के कोई काम नहीं होता। एएसआई ने उनसे कहा कि एक लाख का इंतजाम कर लो, लेकिन बाद में वह 50 हजार पर मान गया। इस पर वह एंटी करप्शन के अधिकारी के पास पहुंचे तो उन्होंने कहा कि कोई सबूत दो तभी कार्रवाई होगी। जिस पर उन्होंने एएसआई के पास जाकर उसकी रिकॉर्डिंग कर ली। इसके बाद एंटी करप्शन की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन ब्यूरो के एसपी एस सुब्रमण्यम ने बताया कि 50 हजार की रिश्वत लेते हुए एएसआई को उनकी टीम ने गिरफ्तार किया है, जिस पर आगे की कार्रवाई पुलिस करेगी। उन्होंने अपील की कि रिश्वत शिकायत सीधे उन्हें दें।



# गैस एजेंसी कर्मी से लूटे 10 हजार



**फरीदाबाद।** फतेहपुर बिल्लोच के रहने वाले युवक केशव को बीती रात पांच बदमाशों ने लाठी डंडों से जमकर पीटा। इस दौरान उसके हाथ पांव तोड़ कर उसे सड़क किनारे गंदे पानी में डाल दिया गया। उसे बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हमलावर उससे 10 हजार रुपए भी छीन कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अस्पताल में दाखिल केशव ने बताया कि वह फतेहपुर बिल्लोच में रहता है। करीब चार साल से प्याला स्थित वशिष्ठ गैस एजेंसी में काम करता है।

बीती रात लगभग 12.30 बजे के करीब प्याला से लौट रहा था। डीग के पास शराब के ठेके के नजदीक पहुंचा तो उसे स्विफ्ट कार सवार पांच युवकों ने उसे रोक लिया। उस पर साथ लाठी डंडों और चाकू से हमला किया गया। कार सवार 10 हजार रुपए और उसकी जेब में रखे डॉक्यूमेंट लूट कर फरार हो गए। केशव ने बताया कि वह एक बदमाश जग्गी को पहचानता है और अन्य को भी देख कर पहचान लेगा।

केशव ने बताया की जब उसे बदमाशों ने रोका तभी उसने अपनी गैस एजेंसी के अकाउंटेंट राकेश गुप्ता को फोन कर दिया था। राकेश गुप्ता ने डायल 112 पर फोन किया। एक घंटे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक बदमाशों ने लाठी डंडों से हमला कर उसके हाथ-पांव तोड़ दिए थे। वह सड़क किनारे गंदे पानी में पड़ा रहा। बाद में उसे पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया।

# खेत में काम करते हुए पैर फिसलने से यमुना में डूबा युवक

### 24 घंटे बाद शव बरामद किया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**कस्बा** हसनपुर के काशीपुर गांव में एक किसान खेतों पर काम कर रहा था, उसी समय उसका पैर फिसल गया और वह खेत के किनारे यमुना नदी में डूब गया। 24 घंटे बाद शुक्रवार को किसान का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

हसनपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह के अनुसार, काशीपुर गांव निवासी टेकचंद ने दी शिकायत में कहा है कि उसका 24 वर्षीय बेटा बिजेंद्र आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था और खेतों में काम करता था। 21 सितंबर को सुबह बिजेंद्र गांव के निकट यमुना नदी के किनारे स्थित खेतों पर काम करने के लिए गया था। बिजेंद्र जब अपने खेतों पर काम कर रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह यमुना नदी में डूब गया।

उन्होंने काफी कोशिश की, लेकिन नहीं मिला तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। उसका कहना था कि जिला प्रशासन की ओर से उन्हें कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने अपने स्तर पर बिजेंद्र को ढूंढा, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं चल पाया। शुक्रवार को सुबह बिजेंद्र का शव यमुना नदी से बरामद हुआ। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। हसनपुर थाना प्रभारी का कहना था कि लापता युवक का शव यमुना से बरामद कर परिजनों के बयान पर 174 सीआरपीसी की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

# धोखाधड़ी कर महिला के खाते से 25 हजार उड़ाए

**फरीदाबाद।** एक महिला से धोखाधड़ी कर खाते से 25 हजार रुपये उड़ा लिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। साधना पत्नी लायक राम ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि 20 मई 2023 को उसके पास कॉल आई। फोन करने वाले ने अपना नाम मनोज कुमार बताया और कहा कि वे उनके पिता के दोस्त है। उसने उसके एकाउंड फोन पे से 2500 रुपये डालने के लिए कहा। महिला ने अपना एकांट पे का नंबर दे दिया। दोबारा उसी फोन से एक फोन आया कि उसने गलती से 25000 रुपये डाल दिए हैं। उसने 22500 रुपये वापस डालने के लिए कहा। महिला ने दो बार में 10,000 व 12500 रुपये डाल दिए। जब उसने अपना बैलेंस देखा तो पाया कि मेरे खाते से 25000 रूपए निकल गए हैं। थोड़ी देर में फोन नंबर पर एक कॉल आया और उस कॉल से बताया गया।

# एसबीआई के सिक्योरिटी गार्ड ने महिला से किया दुष्कर्म

### एफडी बनवाने के नाम पर एक लाख रुपए हड़पे, अश्लील फोटो बनाए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**महिला** के साथ दुष्कर्म के केस में पुलिस ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने न केवल महिला से रेप किया, बल्कि उसकी अश्लील फोटो भी ले ली। उससे एफडी कराने के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी कर ली। सेक्टर-8 पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम रोहताश है। वह सेक्टर-15 स्थित एसबीआई शाखा में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। महिला ने शिकायत दी है कि वह सितंबर 2022 में अपनी बेटी का आधार कार्ड बनवाने के लिए नीलम फ्लाई ओवर के पास स्थित एसबीआई बैंक में गई थी। उसकी मुलाकात रोहताश के साथ हुई थी। रोहताश ने उससे कहा कि आज मशीन खराब है और आधार कार्ड नहीं बन पाएगा। बहाने से उसने महिला का नंबर ले लिया और कहा कि जब मशीन चलेगी वह उसे फोन करके बता देगा। महिला का पता भी ले लिया।

महिला ने बताया कि इसके बाद वह कॉलोनी में उसके घर के आसपास चक्कर काटने लगा। महिला की बेटी का आधार कार्ड भी बैंक के माध्यम से बनवा दिया और धीरे-धीरे आरोपी उससे नजदीकी बढ़ाने की कोशिश करने लगा। इसके बाद महिला से पति के बारे में पूछा। उसने बताया कि उसका पति तो ड्राइवरी का काम करते हैं। इसके बाद रोहताश महिला को फोन करने लगा और महिला के साथ दोस्ती कर ली।

फरवरी 2023 में जब महिला का पति बाहर गया हुआ था तो रोहताश उसके घर आया और उसके साथ संबंध बनाए। उसके कुछ अश्लील फोटो भी ले लिए। आरोपी महिला के घर आता- जाता रहा और घर पर ही दुष्कर्म करता रहा। उसने एफडी करवाने के नाम से महिला से एक लाख से अधिक रुपए ऐंठ लिए।

महिला ने तंग आकर यह बात अपने पति को बताई तो उसके पति ने रोहताश से बात की। आरोपी ने उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। बाद में अपना ट्रांसफर दूसरी ब्रांच में करवा लिया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं को जल्द से जल्द करें पूरा : मूलचंद शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### केबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा बल्लभगढ़ के उपमंडल स्तरीय सचिवालय पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की विकास कार्यों की घोषणाओं के तहत हो रहे कार्यों सहित बल्लभगढ़ में चल रहे अन्य विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक नगर निगम के अधिकारियों के साथ की।

मूलचंद शर्मा ने समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। वही केबिनेट मंत्री ने सबसे पहले एसडीएम कार्यालय के कांफ्रेंस रूम को लेकर अधिकारियों को बधाई दी। मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को रुके हुए काम और शहर की सफाई को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहर के विकास कार्यों को लेकर झड़ी लगाई हुई है। ज्यादातर गलियों में सीवर पानी, साफ सफाई की ज्यादा दिक्कतें लोगों को होती थीं।

उसी को लेकर नगर निगम के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बल्लभगढ़ सचिवालय में समीक्षा बैठक की है। बैठक में जल्द ही कार्य पूरे करने के लिए नगर निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। ताकि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। बैठक में नगर निगम कमिश्नर मोना श्रीनिवास, एसडीएम त्रिलोकचंद, बल्लभगढ़ नगर निगम जॉन की ज्वाइंट कमिश्नर शिखा, एमओएच प्रभोजोत, निगम के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कर्दम, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, पारस जैन, रवि भगत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद हैं।

# हुडा विभाग ने दो एकड़ जमीन पर बने अवैध कब्जों को हटाया



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हुडा** विभाग द्वारा हुडा की जमीन पर किए अवैध कब्जों को हटाने के लिए शुक्रवार को एक अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग की तरफ से दो एकड़ जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त करवाया गया। अब इस जमीन को सड़क के लिए स्मार्ट सिटी फरीदाबाद के अधिकारियों को सौंपा जाएगा। जिससे यहां पर आगे सड़क का निर्माण हो सकें हुडा विभाग की तरफ से शुक्रवार की सुबह अवैध कब्जों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया। सुबह से हुडा की जमीन पर बने अवैध कब्जों को हटाने के लिए हुडा विभाग के अधिकारियों ने ओल्ड फरीदाबाद चौक पर डेरा डाल दिया था। इस दौरान जेसीबी की सहायता से हुडा विभाग की जमीन पर बनी झुग्गी, झोपड़ियों, मकान व दुकानों को जेसीबी की सहायता से तोड़ दिया गया। इस तोड़फोड़ अभियान का नेतृत्व हुडा विभाग के कनिष्ठ अभियंता योगेश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हुडा विभाग की जमीन पर बने सभी अवैध कब्जों को हटा दिया गया है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अब इस जमीन को स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। जिससे वे इस जमीन पर आगे विकास कार्य कर सकें।

# गणेश उत्सव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन अच्छी परंपरा : राजेश नागर

### गांधी कॉलोनी में आयोजित श्री सार्वजनिक गणेश उत्सव पर्व में शामिल हुए विधायक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**विधायक** राजेश नागर गांधी कॉलोनी में आयोजित श्री सार्वजनिक गणेश उत्सव पर्व में शामिल हुए। इसका आयोजन महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर एक विशाल चिकित्सा कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। विधायक ने कैंप का उद्घाटन करने के बाद अपने स्वास्थ्य की भी जांच करवाई और आयोजकों को धार्मिक आध्यात्मिक महत्व के कार्यक्रम को लोगों के स्वास्थ्य से जोड़ने को एक नई परंपरा बताया।

नागर ने कहा कि प्रथम पूज्य गणेशजी का पूजन नित्य ही हमें ऊर्जा प्रदान करने वाला है। वहीं हमें जीवन में निज भावों को त्याग कर सार्वजनिक हित में कर्म करने की प्रेरणा देता है। गणेश जी के पूजन के बिना कोई भी मांगलिक कार्य प्रारंभ ही नहीं होता है, इसलिए गणपति का महत्व सभी देवों में सर्वाधिक बताया गया है। नागर ने कहा कि महाराष्ट्र मित्र मंडल ने सैकड़ों किलोमीटर दूर इस शहर में न केवल अपनी परंपरा को जीवित रखा हुआ है, बल्कि लोगों को गणपति पूजन के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। इस आयोजन से हजारों लोग जुड़े हुए हैं और वह समाज में समरसता का संदेश दे रहे हैं। विधायक ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण धार्मिक आध्यात्मिक कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाना निश्चित तौर पर एक विशिष्ट उपलब्धि है। जिसे अन्य संस्थाओं को भी अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में स्वास्थ्य बहुत बड़ा मुद्दा है। जो व्यक्ति स्वस्थ होता है, वह केवल अपने जीवन में बल्कि अन्य के जीवन में भी उत्कृष्ट उपलब्धियां स्थापित करता है। ऐसे आयोजनों में भागीदारी करनी चाहिए।

# स्लम बस्ती के बच्चों के पुनर्वास लिए प्रशासन ने 15 शिविर किए आयोजित : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीसी** विक्रम सिंह के आदेशानुसार और एडीसी आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में इन कैंपों का आयोजन किया गया। डीसी ने कहा कि जिला में विभिन्न कैंपों के दौरान 488 बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रों में दाखिला कराया गया। वहीं 734 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन भी किए गए। चिन्हित गरीब 77 बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया गया और 1777 बच्चों की निशुल्क जांच माप शिविर कैंपों के माध्यम से आरबीएसके से संबंधित बीमारियों की जांच की गई। वहीं जांच के उपरांत उन्हें निशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। करीब 1000 बच्चों को चाइल्ड वैलफेयर कमेटी के सामने पेश कर उनके बेहतर भविष्य के लिए जरूरी कदम उठाए गए। इनमें से 785 बच्चों के निशुल्क आधार कार्ड बनाए गए तथा बने हुए आधार में त्रुटियों को ठीक करवाया गया। इसके साथ ही करीब 422 बच्चों के परिवार पहचान पत्र बनाए गए व बने हुए फैमिली आईडी में आ रही परेशानियों को दूर कराया गया।

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों के जरूरी कागजात जैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाकर उन्हें उपलब्ध कराना रहा है। कैंपों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जहां इन बच्चों का निशुल्क जांच व उपचार किया गया।उन्होंने बताया कि इन कैंपों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गयी। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया था। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह बच्चे शिक्षा से वंचित न हो, इसलिए इन बच्चों को चिन्हित कर नजदीकी सरकारी स्कूलों में इनका दाखिला भी कराया गया तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की गयी। बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की गई। कैंप में संबंधित सभी विभागों में डीपीओ आईसीडीएस, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम फरीदाबाद, श्रम विभाग, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र विभाग ने अपने दायित्वों का पालन किया गया।

गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल संतोष नगर, वैष्णो कान्वेंट स्कूल एकता नगर, इंदिरा नगर, गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल राहुल कॉलोनी, ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल एसजीएम नगर, शिव महादेव पब्लिक स्कूल चंदन नगर, गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल कल्याणपुर झुग्गी, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंखिर गांव, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़खल गांव, गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल आदर्श नगर, गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल आदि शामिल हैं।

## पायनियर पाठकों के लिए


यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**कोई है कम कोई ज्यादा कोई है खूब ही ज्यादा**
**अनर्गल बोलते हैं ये हों जैसे गलियों के दादा**
**विदा होती हुई शुचिता सदन में रो रही होगी**
**सियासी भूलते जाते हैं अब भाषा की मर्यादा**



## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा आयिसा परवीन पुत्री मौ0 ईम्तयाज निवासी गांव बनहारा थाना, पोस्ट अमरपुर, जिला बांका बिहार हाल किरायेदार मकान मालिक गिन्नी के पास, निखिल विहार, ईस्माइलपुर, फरीदाबाद दिनांक 17.08.2023 को घर से बिना बताये कहीं चली गई है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, पतला-फुर्तीला शरीर कद 4 फुट 8 इंच बा उम्र 14 साल है, जिसने काले रंग का सूट व सलवार और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 532 दिनांक 19.08.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना पल्ला : 9582200139**
**चौकी इन्चार्ज नवीन नगर फरीदाबाद : 9582200174**
**अनुसन्धान अधिकारी ई.ए.एस.आई. नरेन्द्र : 8800195493**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा शशी पत्नी महिंद्र निवासी मकान नम्बर-561, नंगला एन्क्लेव पार्ट-02, नियर पंचशील स्कूल, फरीदाबाद दिनांक 11.09.2023 को समय करीब दोपहर 01.00 बजे अपने पिता के घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर कद करीब 4 फुट 6 इंच बा उम्र करीब 25 साल है, जिसने नीले रंग का सूट व सलवार और पैरों में चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 652 दिनांक 18.09.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा औरत के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी : 9582200156**
**पुलिस थाना सारन : 9582200128**
**परिवारजन : 8750289755**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा महेंदर पुत्र श्री सूरज सिंह निवासी मकान नम्बर-2363, नंगला एन्क्लेव पार्ट-02, फरीदाबाद दिनांक 30.01.2023 को समय करीब दोपहर 01.00 बजे बिना किसी को बताये कहीं चले गए है, जो अभी तक वापिस नहीं आये है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, कमजोर शरीर व दिमाग से मनबुद्धि है कद करीब 5 फुट 6 इंच बा उम्र करीब 72 साल है, जिन्होंने मटमैले रंग की जर्सी, ग्रे रंग की जैकेट जिस पर एल.जी. लिखा हुआ है व नीले रंग की पेन्ट और पैरों में जूते पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 148 दिनांक 18.03.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा बुजुर्ग आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी : 9582200156**
**पुलिस थाना सारन : 9582200128**
**परिवारजन : 8700434350, 9953976401**

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 23 सितंबर, 2023



# पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचाएं सरकारी योजनाओं का लाभ : बनवारी लाल

## सहकारिता मंत्री ने जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक में 12 में से 10 शिकायतों का किया निपटारा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हरियाणा** के सहकारिता व जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं का लाभ तत्परता व पारदर्शी तरीके से जनता को देना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार की सुशासन की पहल का लाभ आमजन को आसानी से मिल सके। इसके अलावा अधिकारी उनके कार्यालयों में आने वाले आम नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें व उनके कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरे करें।

डॉ. बनवारी लाल शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को यह निर्देश दे रहे थे। इस बैठक में 12 शिकायतों में से 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा दो शिकायतें आगामी बैठक के लिए लंबित रख ली गईं। मंत्री ने कहा कि बैठक में जिन शिकायतों की जांच संबंधी आदेश दिए गए हैं, उनकी रिपोर्ट मीटिंग से पहले उन्हें उपलब्ध करवा दी जाए।

बैठक में गांव पूठली तहसील हथीन निवासी नरवीर सिंह की शिकायत थी कि उसके पिता की मृत्यु के बाद उनकी ग्रेच्युटी राशि एक लाख 44 हजार 150 रुपये वर्ष 2011 से अब तक प्राप्त नहीं हुई है। जिस पर मंत्री ने एसडीएम हथीन व एलडीएम को जांच कर यह राशि दिलवाने के आदेश दिए। महाग्राम पंचायत दीघोट के सरपंच ललित कुमार ने गांव में सीवरेज व जलापूर्ति लाइन बिछाने के कारण खराब हुई गलियों को ठीक करवाने संबंधी शिकायत पर मंत्री ने एसडीएम होडल को निर्देश दिए कि वे अपनी देखरेख में दीघोट की गलियों को जनस्वास्थ्य विभाग के माध्मय से ठीक करवाएं। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि लाइन बिछाने के लिए पक्की गलियों को जेसीबी से खुदाई करके पूरी तरह खराब न किया जाए, बल्कि किसी कटर से जरूरत अनुसार ही खुदाई की जाए, ताकि पूरी गली खराब न हो।



गांव सेवली निवासी राकेश की शिकायत थी कि बिजली निगम द्वारा उसे गलत बिल भेजा गया, जिस पर मंत्री ने बिजली निगम को निर्देश दिए कि बिना चेकिंग के बिजली उपभोक्ताओं को गलत बिल न भेजे जाएं। भविष्य में गलत बिल भेजने पर संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेवार होंगे। बड़ौली निवासी सरोज की शिकायत थी कि उसकी जमीन की रजिस्ट्री के बाद उसका इंतकाल नहीं किया गया। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मंत्री ने एसडीएम पलवल को जांच के आदेश दिए तथा संबंधित दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव गहलब निवासी रामजीलाल ने प्लॉट पर कब्जे संबंधी शिकायत पर बताया कि पुलिस विभाग के हस्तक्षेप से उसकी प्लॉट से कब्जा तो हट गया है, परंतु अभी भी प्लॉट के कुछ हिस्से पर कब्जा है, जिस पर मंत्री ने उस कब्जे को भी हटवाने के निर्देश दिए। गांव सहनोली निवासी मनीषा ने छात्रवत्ति नहीं मिलने के बारे में शिकायत दी थी, जिस पर मंत्री ने जिला उच्च शिक्षा अधिकारी को जल्द कार्रवाई कर छात्रा को छात्रवत्ति दिलवाने के निर्देश दिए। गांव सीसवाल, जिला हिसार निवासी बसंत कुमार ने शिकायत दी थी कि वह समाज कल्याण विभाग से 2012 में सेवानिवृत्त हुआ था और उसे अब तक रिटायरमेंट लाभ नहीं मिले हैं। इस पर मंत्री ने एसडीएम पलवल को जांच कर लाभ करने में देरी करने वाले अधिकारी की जिम्मेवारी फिक्स करते हुए कार्रवाई करने के आदेश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल का स्वागत करते हुए एजेंडे में शामिल शिकायतों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन एवं विधायक जगदीश नायर, विधायक दीपक मंगला व प्रवीण डागर, पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला, एएसपी जसलीन कौर, एडीसी साहिल गुप्ता, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, एसडीएम पलवल शशि वसुंधरा, एसडीएम हथीन लक्ष्मी नारायण, एसडीएम होडल रणवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, जेजेपी जिलाध्यक्ष देवेंद्र सौरोत, मुकेश सिंगला व ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# 26 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या, तीन गिरफ्तार

## दोस्त का फोन आने पर घर से निकला था, गली में युवकों ने घेरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**लक्कड़पुर** इलाके में रात को 26 वर्षीय युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। रात को दोस्त का फोन आने पर वह घर ने निकला था। बाद में युवकों ने उसे गली में पकड़ कर चाकू से गोद दिया। सूचना के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। शव का अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों का सौंप दिया है। पुलिस ने हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

लक्कड़पुर गांव में शिव दुर्गा विहार में रहने वाले जयराम भड़ना ने पुलिस को बताया कि उनके तीन बच्चे हैं। 21 सितंबर को रात आठ बजे उनके दूसरे नंबर के बेटे आकाश भड़ाना के फोन पर रोहित का फोन आया था। उससे बात करते हुए वह घर से बाहर निकल गया। अपने दोस्त राहुल के साथ पप्पू के ऑफिस वाली गली में चला गया।

उसका कहना है कि वहां पर अंकित व दीपक ने उसे पीछे से पकड़ लिया और संदीप ने उनके बेटे आकाश के पेट में चाकू घोंप दिया। इसके बाद आकाश जमीन पर गिर गया। घटना के बाद रोहित और सिद्धार्थ उनके बेटे आकाश को लेकर एशियन अस्पताल पहुंचे। वहां पर डॉक्टरों ने उनके बेटे को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि फरीदाबाद में लगातार हत्या, लूट, स्नेचिंग जैसी वारदातें बढ़ रही हैं।

बदमाशों में पुलिस और कानून का खौफ बिल्कुल खत्म हो चुका है। 20 सितंबर को सेहतपुर पल्ला इलाके में एक 17 वर्षीय किशोर की एक सूदखोर ने गोली मार कर हत्या कर दी थी।

## दुकानदार को मारपीट कर किया बेहोश, कैश निकाला

**पलवल।** घर से सोने के लिए कमरे पर जा रहे एक दुकानदार के साथ गांव के ही दो युवकों द्वारा रास्ता रोककर बुरी तरह से मारपीट की गई। हमलावर उससे दुकान की दिनभर की बिक्री के रुपये भी लूट कर ले गए। मुंडकटी थाना पुलिस ने गांव के ही दो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन के अनुसार, सोंदहद गांव निवासी चतर सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने घर से रात के करीब साढ़े 10 बजे खाना खाने के बाद बैठक पर सोने के लिए जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में उसे गांव के ही निवासी प्रवीण व लवकुश मिले। आरोप है कि दोनों युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और बिना किसी बात के उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे जमीन पर गिराकर लात-घूसों से पीटा फिर किसी तेजधार हथियार से सिर पर हमला कर सिर फाड़ दिया और उससे पांच हजार 300 रुपए लूट लिए, जो उसकी दुकान की बिक्री के थे। इसके बाद वह बेहोश हो गया। शोर सुनकर पड़ोस के लोग पहुंचे।

## 26 सितंबर को निकाली जाएगी अमृत कलश यात्रा : नेहा सिंह



**पलवल।** आजादी के अमृत महोत्सव में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत जिला की सभी पंचायतों में 30 सितंबर तक तथा एक से 13 अक्टूबर के मध्य खंड स्तर व शहरी निकाय क्षेत्रों में अमृत कलश यात्रा निकाली जाएंगी। मेरी माटी-मेरी देश अभियान के दूसरे चरण में जिला में निकाली जाने वाली अमृत कलश यात्रा के सफलतम आयोजन के संबंध में डीसी नेहा सिंह ने जिला सचिवालय में बैठक लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय पर सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अमृत कलश यात्रा को भव्य तरीके से संपन्न करवाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि 26 सितंबर को जिला के समस्त गांवों व शहर के वार्डों में मिट्टी एकत्रित करने के उद्देश्य से अमृत कलश यात्राएं निकाली जाएंगी। इस मौके पर मिट्टी लेते समय गांवों व वार्डों में पंच प्रण की शपथ भी दिलाई जाएगी।

बैठक में एडीसी साहिल गुप्ता, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, बीडीपीओ नरेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक गांव के हरेक घर से कलश में मिट्टी लेकर उन्हें दिल्ली कर्त्तव्य पथ पर भेजा जाएगा। इस मिट्टी का उपयोग दिल्ली में अमर शहीदों की याद में बनने वाली अमृत वाटिका में किया जाएगा।

## 10 बाइकों समेत 54 वाहन इंपाउंड, बुलेट बाइक पर पुलिस की खास निगाह

**पलवल।** आम नागरिकों के लिए सिरदर्द बन चुकी पटाखा छोड़कर हवाबाजी करने वाली बुलेट बाइक व ब्लैक फिल्म लगाकर सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वाली गाडियों की अब खैर नहीं। पुलिस ने 538 वाहनों के चालान करते हुए 10 बुलेट बाइकों सहित 54 वाहनों को इंपाउंड करते हुए 20 लाख रुपए का जुर्माना किया है।

नगर परिषद के पार्षद अनिल गौसाई, संजय छाबड़ा व बॉबी सहित अन्य नागरिकों ने बताया कि जवाहर नगर कैंप, न्यू कॉलोनी, बाली नगर, आदर्श कॉलोनी, राजपूत मोहल्ला, हरी नगर, तुहीराम कॉलोनी, देव नगर, कृष्णा कॉलोनी, न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी व बाली नगर सहित शहर के दर्जनों क्षेत्र ऐसे हैं, जहां शाम होते ही इनका आतंक शुरू हो जाता है। लोग घरों से निकाल कर देखने लगते है कि कहां गोली चल गई। वहीं शहर में शराब के ठेकों के निकट, नेशनल हाईवे पर, सार्वजनिक स्थलों के आसपास शाम होते ही गाडियों आकर खड़ी हो जाती है। गाडियों में बैठे लोग वहां रह रहे लोगों की ओर कोई ध्यान न रखते हुए गाडियों में ही शराब पीनी शुरू कर देते है।



# किसी जाति-धर्म का नहीं, सर्व समाज का होता है शहीद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पृथला** विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि शहीद किसी जाति धर्म का नहीं होता, बल्कि सर्व समाज का होता है, जो सम्मान भाजपा सरकार में शहीदों और उनके आश्रितों को मिल रहा है, उतना सम्मान पिछली सरकारों में कभी नहीं मिला।

नयनपाल रावत गांव सागरपुर में शहीद पंडित चंदीराम की मूर्ति अनावरण करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शहीद चंदीराम की मूर्ति को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि शहीदों की कुर्बानियों की बदौलत ही हम सुरक्षित है, आज हमारे वीर सैनिक देश की सीमाओं पर दिन-रात तैनात रहते हैं, तभी हम चैन से सो पाते हैं। इसलिए ऐसे वीरों को मातृभूमि कभी भुला नहीं पाएगी और न ही उनकी कुर्बानी का मोल चुका पाएगी। श्री रावत ने बताया कि शहीद हवलदार चंदीराम शर्मा का जन्म एक जुलाई, 1936 को ग्राम सागरपुर निवासी स्वर्गीय हीरालाल शर्मा के घर पर हुआ था। उनके दो पुत्र नंद किशोर शर्मा, प्रेमचंद शर्मा तथा दो पुत्री शकुंतला व जयवी है। पांच जनवरी 1957 को 14 राजपूत रेजीमेंट, फतेहगढ़ में वह भारतीय सेना में सिपाही के पद पर भर्ती हुए तथा 1965 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए। इस मौके पर राजकीय स्कूल का नाम भी शहीद सैनिक चंदीराम शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सागरपुर रखा गया। विधायक नयनपाल रावत ने 11 फौजियों धर्मवीर फौजी, कैलाश, राजेश, रोहताश, अनिल, संजय, मुरारी, सुरेंद्र आदि को 5000-5000 रुपये देकर सम्मानित किया।



इस मौके पर प्रभु दयाल, नंदकिशोर पूर्व सरपंच, भोला, प्रभु, धनसिंघ, निरंजन पूर्व सरपंच, दया किशन, अजय डगर सरपंच, तेजपाल बघेल, गजेंदर रावत सरपंच, संजय रावत सरपंच, जगबीर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अमृता विश्व विद्यापीठम ने स्कूलों में सेफ एंड ब्रेव ऑनलाइन पहल की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनआईआरएफ**-2023 रैंकिंग में भारत के शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल अमृता विश्व विद्यापीठम ने माता अमृतानंदमयी मठ की युवा शाखा, आयुध के साथ मिलकर पूरी दिल्ली के स्कूलों के लिए सेफ एंड ब्रेव ऑनलाइन पहल की शुरुआत की है। हिमांशु गुप्ता आईएएस शिक्षा निदेशक जीएनसीटीडी ने ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक तौर पर इस पहल का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम बिल्कुल नया व अनोखा है, जिसे छात्रों को ऑनलाइन दुनिया को सुरक्षित तरीके से और जिम्मेदारी के साथ कदम बढ़ाने के लिए जरूरी ज्ञान एवं कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है।




इस कार्यक्रम को विशेष रूप से आठवीं से 11वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांत सिखाने के लिए बेहद मनोरंजक वीडियो और परस्पर बातचीत पर आधारित गतिविधियों का एक साथ उपयोग किया गया है। इस पाठ्यक्रम में साइबर जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों को शामिल किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इन तीन मुख्य क्षेत्रों में अनजान लोगों से होने वाले खतरे से निपटने के लिए छात्रों को ऑनलाइन अजनबियों की मौजूदगी की पहचान करने और उस पर प्रतिक्रिया देने के लिए जरूरी टूल्स से लैस करना, इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए, निजी गोपनीयता की सुरक्षा के संबंध में सही राह दिखाना, असली तथा नकली साइटों की पहचान करना और शेयर की जाने वाली खबरों की असलियत का पता लगाना, डिजिटल लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल साधनों के सेहतमंद तरीके से उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा स्क्रीन पर समय बिताने के शारीरिक एवं मानसिक प्रभावों की समझ को बढ़ावा देना शामिल हैं।

डॉ. कृष्णाश्री अच्युतन निदेशक साइबर सिक्योरिटी अमृता विश्व विद्यापीठम अमृतपुरी ने इस कार्यक्रम के बारे में बात करते हुस कहा कि साइबरबुलिंग और साइबर अपराध करने वाले लोग बच्चों को बड़ी आसानी से अपना निशाना बना सकते हैं। साथ ही बच्चों के अनुचित डिजिटल सामग्रियों के संपर्क में आने की संभावना भी अधिक होती है। लिहाजा बच्चों को अपनी निजी जानकारी की हिफाजत के लिए ज्ञान और कौशल से लैस करना बेहद जरूरी हो गया है। हमारा उद्देश्य इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को डिजिटल दुनिया के बारे में पूरी जानकारी के साथ उन्हें सशक्त बनाना, डिजिटल माध्यमों के बारे में उनकी समझ बढ़ाना तथा ऐसे प्लेटफार्म पर दूसरों के लिए सम्मान को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता ने कहा, मौजूदा समय की मांग है कि हम डिजिटल टेक्नोलॉजी का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करने के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाएं। साथ ही देश में चल रही डिजिटल क्रांति के कारण आने वाली चुनौतियों को भी समझें। बच्चों को अलग-अलग तरह के ऑनलाइन खतरों के बारे में शिक्षित करना भी बेहद महत्वपूर्ण है, जिनमें साइबर फिशिंग, बुलीइंग, हैकिंग, फर्जी लिंक शामिल है।

## कार्यशाला में उत्पादन व पौध संरक्षण पर जागरूक किया



**पलवल।** गांव सिहौल स्थित धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर में शुक्रवार को गुड एग्रीकल्चर प्रेक्टिस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक डॉ. बीएस सहरावत, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पलवल के उपनिदेशक डॉ. अनिल सहरावत, जिला बागवानी अधिकारी डॉ. अब्दुल रज्जाक, कृषि विशेषज्ञ डॉ. बीडी पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर दीपक वर्मा, जितेंद्र कुमार, बिजेंद्र सिंह दलाल, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विश्वास वैभव, डॉ. राजेश कुमार सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों किसान मौजूद थे। डॉ. बीएस सहरावत ने कहा कि देश की निरंतर बढ़ती हुई आबादी के लिए खाद्यान्न की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्पादन एवं पौध संरक्षण तकनीकी की अहम भूमिका है। आज के समय मे लोग अधिक फसल उत्पादन करने के लिए अंधाधुंध कीटनाशक दवाओं, खरपतवार नाशक, कवकनाशी, फफूंदनाशी आदि रसायनों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। जिससे पर्यावरण और मृदा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण पर इन रसायनों के बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए अपनाई गई विभिन्न योजनाबद्ध वैज्ञानिक पद्धतियों की मिली-जुली और सुरक्षा पद्धति को एकीकृत कीट प्रबंधन कहते हैं। इस पद्धति में उपलब्ध संसाधनों का सही समय पर व सही मात्रा में उपयोग करते हैं, जिसमें कीट व्याधि के नियंत्रण के साथ उत्पादन भी बढ़ता है।

# संक्षिप्त समाचार

## कॉलेज में कार्डियक अरेस्ट पर कार्यशाला का आयोजन



**पलवल।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल के युवा रेडक्रॉस प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्या प्रतिभा सिंगला की अध्यक्षता में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत युवा रेडक्रॉस के प्रभारी डॉ. पीके वर्मा ने स्वागत भाषण से की। जिसमें शीथॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (अमृता अस्पातल के विपणन और व्यवसाय विकास सहयोगी) के सीईओ रविंद्र तेवतिया ने विद्यार्थियों को कार्डियक अरेस्ट से जुड़ी हुई विशेष जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि कार्डियक अरेस्ट होने पर किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए एवं व्यक्ति को कैसे बचाया जा सकता है। रविंद्र ने पीपीटी द्वारा तथा डेमो देकर विद्यार्थियों को कार्डियक अरेस्ट के प्रति जागरूक किया तथा बताया कि अमृता अस्पताल 130 एकड़ में फैला हुआ है। इस अस्पताल में सभी आधुनिक उपकरण तथा सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एनके गोयल ने सभी का धन्यवाद किया। मंच संचालन युवा रेडक्रॉ प्रकोष्ठ की कोऑर्डिनेटर डॉ. रुचि शर्मा ने किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. केडी शर्मा, रसायन विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजु कक्कड़ एवं राजनीति विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह उपस्थित रहे।

## इंस्टाग्राम पर डाली हथियार संग फोटो

**पलवल।** इंस्टाग्राम पर देसी पिस्टल, मैगजीन व जिंदा कारतूस की फोटो डालना दो लोगों को महंगा पड़ गया। साइबर क्राइम थाने में साइबर सेल इंचार्ज की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों ही इंस्टाग्राम आईडी की जांच करने में जुटी है कि ये किसकी है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी रेणु शेखावत के अनुसार, साइबर सेल इंचार्ज जसवीर सिंह ने दी तहरीर में कहा है कि उनकी ड्यूटी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड होने वाले गैरकानूनी, आपत्तिजनक पोस्ट, फोटोग्राफ, वीडियो व कमेंट्स आदि जो आपराधिक प्रवृत्ति व अपराधों को बढ़ावा देने वाले होते हैं, को मॉनिटर करने की है। शकायत में कहा है कि 20 सितंबर को वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की एक्टिविटी की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें इंस्टाग्राम पर दो इंस्टाग्राम अकाउंट जिन नामों से बनाए हुए हैं, दोनों की जांच की जा रही है। दोनों इंस्टाग्राम अकाउंट पर देसी पिस्टल, मैगजीन व जिंदा कारतूस की फोटो वायरल की हुई है। जिसको उन्होंने तुरंत साइबर टेक्निक से पैन ड्राइव में सुरक्षित किया। विभाग के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। दोनों इंस्टाग्राम आईडी नामपता नामालूम इंस्टाग्राम अकाउंट उपयोगकर्ता ने अवैध हथियारों को सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन एक्सपोज करके आमजन में भय व आपराधिक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। दोनों इंस्टाग्राम आईडी के अज्ञात संचालकों के खिलाफ साइबर क्राइम थाना पलवल में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## एनएसएस यूनिट द्वारा करवाई गई निबंध लेखन प्रतियोगिता



**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट द्वारा एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का विषय व्यक्तित्व निर्माण में एनएसएस की भूमिका रहा। इस प्रतियोगिता में 30 से अधिक स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी ने प्रशंसा करते हुए कहा कि एनएसएस यूनिट महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं को करवाने में सक्रिय रहती है, जिससे स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने यह भी बताया कि एनएसएस यूनिट की स्वयंसेविकाएं महाविद्यालय में होने वाले सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेती हैं। प्राचार्या ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजक एनएसएस यूनिट की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रानी सांगवान तथा बबीता फौजदार रहीं।

## एमवीएन की छात्राओं ने महिला आरक्षण बिल पास होते देखा



**पलवल।** एमवीएन विश्वविद्यालय, बीपीटी विभाग की छात्राओं ने शिक्षकों के साथ नए संसद भवन का भ्रमण किया। छात्राओं ने सदनों में बिल पास होते हुए लाइव देखा। नई संसद का दृश्य देखकर वे मंत्रमुग्ध हो गए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूण गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन और डीन एकेडेमिक डॉ. योगेंद्र सिंह ने उन्हें इस यात्रा में मदद की। लोकसभा और राज्यसभा हॉल पूरे कक्ष पर लकड़ी के कमल के फूल के साथ बहुत सुंदर लग रहे थे। दोनों सभाओं में प्रत्येक दर्शक के लिए ऑडियो हेडफोन थे। छात्रा प्रत्येक मंत्री के भाषण को स्पष्ट और जोर से सुनकर उत्साहित थीं। छात्राओं ने संसद भवन का संग्रहालय देखा, जिसमें संविधान स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरों और मूर्तियों के साथ था। छात्राओं ने राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक के बारे में जेपी नड्डा का भाषण सुना। वे खुश थे और यात्रा के बाद अधिक आश्वस्त हो गए। छात्राओं ने इस विजिट के लिए एमवीएन विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया।

## श्रीमद्भागवत कथा सुनने से नष्ट हो जाते हैं जन्म-जन्मांतर के विकार

**फरीदाबाद।** भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। यह बात आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने एनआईटी-86 फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के नफीसा गार्डन जवाहर कॉलोनी में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा से पहले कलश यात्रा में शामिल होते हुए कही। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। भड़ाना ने कहा कि भागवत पुराण हिंदुओं के 18 पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद् भागवत या केवल भागवतम् भी कहते हैं। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है, जिसमें श्रीकृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरूपण भी किया गया है। भगवान की विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद् भागवत मोक्ष दायिनी है। इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति प्राप्त होती है। इस मौके पर उनके साथ जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, राजा भैया, सचिन चौधरी, सुभाष बघेल, राम गौर, सुदेश राणा, हरजिंदर मेहंदीरत्ता, मनप्रीत कौर, अनिल त्यागी, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, भीम, विनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# हमारी नीतियां निवेशकों और उद्योगों के लिए मैत्रीपूर्ण : मनोहर लाल



गुरुग्राम के मानेसर में फ्लिकार्ट के क्षेत्रीय वितरण केंद्र के शिलान्यास समारोह में सांकेतिक रूप से मिट्टी डालते मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व अन्य।



शिलान्यास समारोह में दीप प्रज्जवलित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### 140 एकड़ जमीन पर 1389 करोड़ रुपये के निवेश से बनेगा क्षेत्रीय वितरण केंद्र

### मुख्यमंत्री ने किया फ्लिपकार्ट के क्षेत्रीय वितरण केंद्र का किया शिलान्यास

### सोनीपत में किरयाना पूर्ति केंद्र का वर्चुअली शुभारंभ भी किया

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शुक्रवार को मानेसर में फ्लिपकार्ट के क्षेत्रीय वितरण केंद्र का शिलान्यास किया। साथ ही वर्चुअल माध्यम से सोनीपत में किरयाना पूर्ति केंद्र का शुभारंभ किया। इन दोनों केन्द्रों से हरियाणा में निवेशकों की रूचि और बढ़ेगी। साथ ही युवाओं को रोजगार के भी अधिक अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मनोहर लाल ने कहा कि आज हरियाणा के औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षेत्र में दो नये मील पत्थर रखकर मुझे बड़े संतोष का अनुभव हो रहा है। आज हरियाणा में निवेशकों के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण है। हमारी नीतियां भी निवेशकों और उद्योगों के लिए मैत्रीपूर्ण हैं। हम बड़े लक्ष्य तय कर रहे हैं और उन्हें पूरा भी कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि हरियाणा मेनुफैक्चरिंग हब के रूप में उभर रहा है। उन्हें खुशी है कि फ्लिपकार्ट ने इस अनुकूल वातावरण को देखते हुए यहां इतना बड़ा निवेश किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लिपकार्ट द्वारा 285 एकड़ जमीन पर वेयरहाउसिंग और ट्रांसपोर्ट हब स्थापित किया जा रहा है। इसमें से 140 एकड़ जमीन पर 1389 करोड़ रुपये के निवेश से बनाया जाने वाला यह क्षेत्रीय वितरण केंद्र एशिया का सबसे बड़ा वितरण केन्द्र होगा। इससे 10 हजार लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

**ग्लोबल सिटी के बनने से बदलेगी गुरुग्राम की तस्वीर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम जिला में विकसित होने वाले ग्लोबल सिटी को क्षेत्र के विकास में नया अध्याय बताया। एनपीआर और सीपीआर के बीच करीब एक हजार एकड़ भूमि पर विकसित होने वाले ग्लोबल सिटी के काम को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के बड़े निवेश वर्ष 2024 तक भारत को 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने में अत्यंत कारगर सिद्ध होंगे, जिसमें हरियाणा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निरंतर निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा में उद्योग व निवेश के लिए प्रगतिशील व्यावसायिक माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारी हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 में व्यवसायों के लिए अनेक वित्तीय और नीतिगत प्रोत्साहनों का प्रावधान किया गया है। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गोदामों की ऊंचाई 15 मीटर से बढ़ाकर 21 मीटर और उन तक पहुंचने की दूरी 90 मीटर से बढ़ाकर 135 मीटर की है। यही नहीं, हमने महिला सशक्तिकरण के लिए वेयर हाउसिंग में महिलाओं को रात की पाली में काम करने की अनुमति दी है।



गुरुग्राम के सोहना खंड में अमृत कलशयात्रा निकालतीं महिलाएं।

## देशभक्ति के संकल्प से निकाली अमृत कलशयात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### गांव-गांव में आयोजित किया जा रहा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

### अमृत कलश यात्रा को एक उत्सव के रूप में मनाया गया

**शुक्रवार** को गांव-गांव में अमृत कलश यात्रा निकाले जाने की शुरूआत की गई। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शुरू किए गए इस अभियान में 30 सितंबर तक प्रत्येक गांव से पावन माटी व चावल एकत्रित किए जा रहे हैं।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि शुक्रवार को सोहना ब्लॉक में गांव मंडावर, जोहलका, बहलपा तथा गुरुग्राम ब्लॉक के गांव टीकली और फर्रूखनगर खंड के गांव सुल्तानपुर सहित जिला के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में गांव के वीर शहीदों को नमन किया गया तथा स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अमृत कलश यात्रा में गांव के सरपंच, पंच, बीडीसी मेंबर और जिला पार्षदों ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम जिला के सभी गांवों व शहरी क्षेत्रों में 22 सितंबर से 13 अक्टूबर तक यह यात्रा निकाली जाएगी। आजादी के अमृत काल में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव से मिट्टी व चावल एकत्रित कर उसे दिल्ली के कर्तव्य पथ पर भेजा जाएगा। इसका उपयोग वहां अमर शहीदों की याद में बनने वाली अमृत वाटिका में किया जाएगा।

एडीसी ने कहा कि आज गांवों में अमृत कलश यात्रा को एक उत्सव के रूप में मनाया गया। इनमें पंचायत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, युवाओं, विद्यार्थियों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ह्यमहिलाओं की बड़ी भागीदारी रही। इस दौरान राष्ट्र भक्ति के मार्ग पर चलने की शपथ भी दिलवाई गई। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में सभी सरकारी व पंचायती विभाग मिलकर सहयोग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### छह दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण का हुआ समापन




**सोहना।** एस आर एफ फाउंडेशन व एमवे के तत्वाधान में चला पौषण माह के तहत प्रशिक्षण सप्ताह में गर्भवती महिलाओं और दूध पिलाने वाली माताओं को कुपोषण व पौषणता की जानकारी दी गई। महिलाओं को पौषण आहार की महत्वता के विषय में जानकारी दी गई। खंड के गांव दौला में एस आर एफ फाउंडेशन व एमवे के तत्वाधान में चला पौषण माह के तहत प्रशिक्षण सप्ताह समापन हो गया। इस पौषण सप्ताह में गर्भवती महिलाओं और दूध पिलाने वाली माताओं को पौषण भोजन क्यो लेना चाहिए। शरीर में पौषणता का क्या महत्व है। कूपौषणता क्या होती है। इसकी कमी से महिलाओं को कौन-कौन सी बीमारियां हो सकती है। 0 से 6 वर्ष उम्र वाले बच्चों को पौष्टिक भोजन खिलाना क्यो जरुरी होता है। यह सब जानकारियां महिलाओं को साप्ताहिक प्रशिक्षण के दौरान दी गई। ताकि कि कुपोषणता को जड़ से समाप्त कर सके। महिलाओं को घर की रसोई में रखे कुपौणता को दूर करने वाले व्यंजनों की जानकारी दी गई। यें व्यंजन महिलाओं को अपनी रसोई में हर दिन उपयोग होने वाले आसानी से और कम कीमत में मिल जाते है। जिनका उपयोग करने से महिलाओं को आसानी और सेहत के लिए अच्छे होते है। महिलाओं को अपने घर के खाली पड़े आंगन में पौष्टिक सब्जियां उगाने और गमलों में पैदा करने की सलाह दी गई। इस प्रशिक्षण सप्ताह में आने वाली 1800 महिलाओं को जागरुक किया गया। महिलाओं को बारी-बारी से जागरुक करने में एमवे के विशेषज्ञ अमिता भाला, नेहा निगम, रमेश सिंह , राजीव सिंह, डॉक्टर नलिन मिश्रा, विजय गुलानी, अंजीत सम, जग्नेश और राज नारायण आदि ने प्रशिक्षण दिया गया था।

### गणेश महोत्सव में हास्य, वीर रस के कवियों ने किया भाव-विभोर



**गुरुग्राम।** सेक्टर-27 में गणेश महोत्सव के तीसरे दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय कवि डा. कीर्ति काले, हास्य कवि अरुण जैमिनी, डा. अर्जुन सिसोदिया व डा. ओमप्रकाश कल्याण ने अपनी हास्य और वीर रस की रचनाओं से मनोरंजन किया। अपनी रचना में डा. कीर्ति काले ने सुनाया-अयोध्या में अगर ढूंढोगे तो श्रीराम मिलते हैं-जो वृन्दावन में ढूंढोगे तो घनश्याम मिलते हैं, अगर काशी में ढूंढोगे तो भोलेनाथ मिल जाएं-मगर मां बाप के चरणों में चारों धाम मिलते हैं...। डा. अरुण जैमिनी ने सुनाया-आंखों में पानी, दादी की कहानी, संतो की बानी, कर्ण जैसा दानी, परोपकारी बंदे और अर्थी को कंधे-ढूंढते रह जाओगे...। डा. ओमप्रकाश कल्याणे ने अपनी हरियाणवीरचना में सुनाया-छुरी कटारी बल्लभ लाठी और गड़ासा तूही सै, मीठा गुड़ है सुथरी बुरा और बतासा तूही सै, तेरे आगे पाणी भरती बॉलीवुड की सब छोरी, तू कैटरीना तू ही सपना और बिपासा तू ही सै...। कवि सम्मेलन में समिति के कवि अतुल मोघे, सतीश देवतले, अविनाश जोशी, जयश्री मोघे ने भी अपनी रचनाएं पढ़ीं। शाम के गणेश जी की आरती भव्यता से की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में वन विकास निगम हरियाणा के संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रवीण जाधव ने शिरकत की।

### बाजरे की खरीद के लिए टीन सैड परिसर को कराया खाली



**सोहना।** मार्केट कमेटी प्रशासन ने बाजरे की सरकारी खरीद के दौरान किसानों को सुरक्षा देने के उद्देश्य से टीन सैड को खाली कराया गया है। टीन सैड के नीचे सब्जी आढ़ती सुबह 4 बजे से 11 बजे तक सब्जी की खुली बोली लगाकर बेचने का काम कर रहे थे। मार्केट कमेटी प्रशासन ने बाजरे की सरकारी खरीद के दौरान किसानों को फसल बिक्री के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसान द्वारा लाया गया और आढ़ती द्वारा खरीदा जाने वाला बाजरा बरसात होने पर खराब होने से बचाया जाएगा। जिसके लिए खराब मौसम में किसान अपने बाजरे की ढेरियां टीन सैड के नीचे लगाकर बिक्री कर सकेंगे। टीन सैड के नीचे हर दिन सब्जी की खुली बोली करीब 20 आढ़ती हर दिन अपना सामान रखकर बिक्री कर रहे थे। जिनकी 40 फीसदी सब्जी टीन सैड के नीचे 24 घंटा रखी रहती थी। लेकिन मार्केट कमेटी प्रशासन ने सभी आढ़तियों का टीन सैड के नीचे सब्जी की खुली बोली लगाने पर गुरुवार की शाम को ऑक्शन रिकार्डर लिखित में आदेश जारी करते हुए चेतावनी दे दी गई थी। आढ़तियों ने अनाज मंडी के खाली पड़ा फड़ पर शुक्रवार से सब्जी की खुली बोली लाने के लिए मार्केट कमेटी ने आदेश जारी कर दिए है। ऑक्शन रिकार्डर विरेन्द्र यादव ने बताया कि खुले फड़ से खुली बोली के बाद तुरन्त न बिकने वाली सब्जी को तुरन्त उठाने के आदेश दे दिए गए है।

## केंद्र, राज्य सरकार की योजनाओं से हर कोई लाभान्वित: सुधीर सिंगला



गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत शिविर के दौरान योजनाओं की जानकारी देते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला के कार्यालय पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आम जनता के लिए शुक्रवार को कैम्प लगाया गया। इस कैंप में पहुंचे लोगों ने योजना से संबंधित खुद को पंजीकृत कराया। साथ ही विधायक ने लोगों को अपील की कि वे खुद को पंजीकृत कराकर योजना का लाभ लें।

यहां लोगों को सरकारी की योजनाओं का लाभ लेने के प्रति जागरुक, प्रेरित करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से जनहित में अनेक योजनाओं को लागू किया गया है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शुरुआत में प्रधान मंत्री ने प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक मूलभूत बैंक खाता, वित्तीय साक्षरता, ऋण, बीमा और पेंशन सुविधा तक पहुंच के साथ देश के सभी परिवारों को बैंकिंग सेवाओं तक सार्वजनिक पहुंच प्रदान की। इसके अंतर्गत ऐसा कोई व्यक्ति जिसका कोई बचत बैंक खाता न हो, वह बिना किसी न्यूनतम शेष की आवश्यकता के एक खाता खोल सकता है। पीएमजेडीवाई में बैंक सुविधा से वंचित व्यक्तियों को बैंकिंग सेवाओं की सहज उपलब्धकता तथा वित्तीडय साक्षरता कार्यक्रम के जरिए वित्तीय उत्पोदों के बारे में जागरूकता सृजित करने की व्यथवस्थाई की गई है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री द्वारा 9 मई, 2015 को आरंभ की गई थी। एपीवाई 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बचत बैंक/डाकघर बचत बैंक खाताधारकों के लिए खुली है और चयनित पेंशन राशि के आधार पर अभिदान अलग अलग होता है।

## मुख्यमंत्री ने अशोक सिंघल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के लिए प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शुक्रवार को जिला के गांव मुबारिकपुर के समीप अशोक सिंघल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ इस संस्थान के निर्माण से जुड़ी औपचारिकताओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएम मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित स्थल के आस-पास सड़क तंत्र को विकसित करने तथा निर्माण से संबंधित आवश्यक कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढाने में यह एक महत्वपूर्ण संस्थान होगा। ऐसे में इस संस्थान के निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं।



गांव मुबारिकपुर के पास बनने वाले अशोक सिंघल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थल का दौरा करके जानकारी लेते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन के मानचित्र का अवलोकन किया और संस्थान तक रोड क्नेक्टिविटी के लिए प्रस्तावित विकल्पों का स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि अशोक सिंघल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए गांव मुबारिकपुर के समीप 40 एकड़ भू-खण्ड चिन्हित किया जा चुका है। इस विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक पद्धतियों पर आधारित कोर्सिज करवाएं जाएंगे। यह अपनी तरह का एक अनूठा शिक्षण संस्थान होगा। मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान डीसी निशांत कुमार यादव ने संस्थान से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से सुदर्शन शर्मा, दिनेश शास्त्री, शिव कुमार शास्त्री उपस्थित रहे।

## लेजरवैली पार्क के पास से हटाया गया शराब का निर्माणाधीन ठेका

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**सेक्टर-29** महाराणा पार्क (लेजरवैली) की पार्किंग के गेट के पास 500 करोड़ रुपये से भी अधिक कीमत की जमीन को 30 साल के लिए शराब कंपनी लेक फॉरेस्ट को लीज पर देने (शराब का ठेका व अहाता खोलने के लिए) के प्रयासों को को कड़ा झटका लगा है। लेजरवैली पार्क एसोसिएशन की शिकायत पर डीसी निशांत कुमार यादव ने इस पर कड़ा संज्ञान लिया और ठेका निर्माण के काम को बंद करवा दिया। इस साइट को शराब के ठेके के लिए कैंसिल कर दिया है।



हटाया जा रहा शराब के ठेका बनाने का मलबा।

लेजरवैली पार्क एसोसिएशन के महामंत्री रविंद्र जैन एडवोकेट ने डीसी निशांत कुमार यादव को दी शिकायत में कहा था कि आबकारी एवं कराधान विभाग की ओर से लेजरवैली पार्क के सामने पार्किंग के गेट के साथ 3000 गज से बड़ा प्लॉट 500 करोड़ से अधिक कीमत का है। इसे 30 साल की लीज पर शराब का ठेका खोलने के लिए लेक फॉरेस्ट कंपनी को दिया गया है।

रविंद्र जैन ने कहा कि पार्क एक ऐसा स्थल है, जहां लोग बच्चों, परिवार के साथ पहुंचते हैं। शराब कंपनी ने अपना ठेका, अहाता बनाने का काम शुरू कर दिया था। उनकी शिकायत पर डीसी निशांत कुमार यादव ने त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस विषय पर चर्चा की।

## इंस्पायर फिल्म्स बाजार में 21.20 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आ रही है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** की अग्रणी मीडिया प्रोडक्शन कंपनी इंस्पायर फिल्म्स लिमिटेड 10 रुपये अंकित मूल्य पर 59 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 35,98,000 शेयरों का आईपीओ ला रही है, जिससे कुल 21.22 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। न्यूनतम निवेश हिस्सेदारी 2,000 शेयर होगी। शेयरों के आवंटन में एंकर निवेशकों के लिए 10,24,000 शेयर, योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए 6,82,000 शेयर, हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनआई) के लिए 5,14,000 शेयर, खुदरा निवेशकों के लिए 11,98,000 शेयर और मार्केट मेकर्स के लिए 1,80,000 शेयर शामिल हैं। एंकर अलॉटमेंट की तारीख 22 सितंबर तय की गई है, जबकि आईपीओ की अवधि 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगी। आईपीओ के बाद कंपनी के शेयर 9 अक्टूबर 2023 को एनएसई के इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। नारनोलिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर है और माशितला सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड इश्यू के रजिस्ट्रार है।

इंस्पायर फिल्मस के यश पटनायक ने कहा, आईपीओ की राशि तीन महत्वपूर्ण उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उपयोग की जाएगी। सबसे पहले, इसका उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया होगा, जिससे परिचालन स्थिरता सुनिश्चित होगी। दूसरा, जुटाई गई धनराशि को सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए निर्देशित किया जाएगा, जिससे महत्वपूर्ण वृद्धि और विकास में सुविधा होगी। अंत में, इस राशि का एक हिस्सा इश्यू से संबंधित खर्चों को पूरा करने के लिए निर्धारित किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सुचारू और निर्बाध हो





जाएगी। उन्होंने आगे कहा, इंस्पायर फिल्म्स लिमिटेड विभिन्न प्रसारण चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म और एप्लिकेशन में टेलीविजन और डिजिटल कंटेंट के लिए विशेष कंटेंट के उत्पादन और वितरण में अग्रणी है। कंपनी बहुआयामी तरीके से काम करती है जिसमें प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग, टेलेंट अधिग्रहण, लोकेशन स्काउटिंग, सेट डिज़ाइन, बजट प्रबंधन और उत्पादन और पोस्ट-प्रोडक्शन दोनों प्रक्रियाओं का सावधानीपूर्वक देखरेख शामिल है।

इंस्पायर फिल्म्स ने अपने मज़बूत पोर्टफोलियो के साथ कई सफल प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया है, जिसमें डिज्नी .हॉटस्टार के लिए 'डियर इश्क', एमएक्स प्लेयर के लिए 'तू जख्म है' और 'एक वीर की अरदास वीरा, "साड्डा हक ', 'इश्क में मरजावां', 'तेरे इश्क में घायल' और अन्य समीक्षकों द्वारा प्रशंसित शो की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। कंटेंट निर्माण में उत्कृष्टता प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता मनोरंजन की निरंतर विकसित हो रही दुनिया में एक महत्वपूर्ण निर्माता के रूप में अपनी जगह दृढ़ता से स्थापित करती है। कंपनी ने शानदार वित्तीय वृद्धि दिखाई है। वित्तीय वर्ष 23 के लिए परिचालन से इसकी आय 4,883.16 लाख रुपये थी, जो वित्तीय वर्ष 22 के लिए 3,814.77 लाख रुपये और वित्तीय वर्ष 21 के लिए 1,938.39 लाख रुपये की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।

## महिलाओं को राजनीति में आरक्षण देकर पीएम मोदी ने बढ़ाया मान: नवीन गोयल

**गुरुग्राम।** महिलाओं को राजनीति में 33 फीसदी आरक्षण देने पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि ऐसा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ाया है। वैसे तो भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को उचित टिकटें देकर राजनीति में आगे बढ़ाती रही है, अब हर राजनीतिक दल को ऐसा करना होगा। इस विधेयक के बाद अब आगामी चुनावों में महिलाओं की भागीदारी व्यापक पैमाने पर सुनिश्चित होगी। महिलाओं की राजनीति में हिस्सेदारी बढ़ेगी।

नवीन गोयल ने कहा कि 27 साल से अटके, लटके पड़े विधेयक को बिना किसी विवाद के पास करके मोदी सरकार ने महिलाओं को राजनीति में मजबूत करने का काम किया है। आज हमारे देश व समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में मजबूती केसाथ खड़ी हैं। महिलाओं से हमें बहुत उम्मीदें रहती हैं और हर उम्मीद पर वे खरा उतरकर देश का मान बढ़ाती हैं।



सेना में, खेल के मैदान में, चिकित्सा जगत में, हवाई जहाज उड़ाने समेत कठिन से कठिन काम करने में महिलाएं अग्रणी भूमिका में रहती हैं। उन्होंने कहा कि दो घरों को संभालते हुए महिलाएं हकीकत में उचित सम्मान की हकदार होती हैं। अक्सर महिलाओं को राजनीति में ज्यादा आगे नहीं आने दिया जाता। उन्हें पीछे धकेलने का काम किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं को सदा अग्रणी रखा गया। महिलाओं को आगे बढ़ाया गया। वर्तमान सरकार में वित्त मंत्रालय से जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय को महिला निर्मला सीतारमण संभाल रही हैं।

## नायका फैशन के हिडन जेम्स के साथ इस त्योहारी सीजन में होम ग्रोन गौरव का जश्न मनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गुड़गांव/फरीदाबाद

**साल** का वह समय फिर से आ गया है जब त्योहार आरंभ होते हैं, जिससे आपका सोशल कैलेंडर एक के बाद एक गेट टू गेदर से भर जाता है। हर इवेंट के साथ, इम्पेकेबल स्टाइल में दिखने के लिए अनइनवाइटेड स्ट्रेस आता है ताकि आप रूम और ग्राम दोनों में अलग दिखें! तो यहां आपके पास नायका फैशन के 'हिडन जेम्स' को अपना फेसटिव वॉर्डरोब तैयार करते समय अपने ओनली गो-टू क्यों होना चाहिए, इसके बारे में 7 कारण हैं।

**1.** श्योर शॉट कन्वर्सेशन स्टार्टर : यदि आप ऐसे लुक में रुचि रखते हैं जो हर ग्रुप के बीच चौंकाने और प्रशंसा के बीच स्पार्क का मौका देगे, तो 'हिडन जेम्स' वहां है जहां आप उन सभी को पाएंगे और ऑर्डिनरी, मॉन्क एंड एमईआई, टीआईसी, वाया ईस्ट, कारज जयपुर के साथ अन्य के नवीनतम और यूनिक डिजाइनों के साथ यह सुनिश्चित होगा कि आप शहर में चर्चा का विषय बने रहें। **ऑर्डिनरी की फाउण्डर सिमरन चौधरी के अनुसार**-ऑर्डिनारी में, हम हाई-क्वालिटी वाले पहनावे बनाने में अनलिमिटेड घंटे बिताते हैं जो कला को कार्य के साथ जोड़ते हैं। नायका फैशन पर हिडन जेम्स क्यूरेशन का एक पार्ट होने से हमें बहुत ज्यादा, रिलेवेंट ऑडियंस तक पहुंचने में मदद मिली है जो कान्टेम्परी परिधान की तलाश करते हैं । उन्हें हर अवसर पर अलग दिखने में मदद करता है।



**2.** केवल आपके लिए एक्सपर्ट द्वारा चुने गए : हमारे जागरूक, इन-हाउस स्टाइल एक्सपर्ट द्वारा चुने गए, और हिडन जेम्स के एडिटर की पसंद' अनुभाग के तहत आसानी से पाए जाने वाले कुछ सबसे रोमांचक स्थानीय लेबल हैं जो गुणवत्ता, डिजाइन और ट्रेंड में बल देते हैं - स्टूडियो मलंग, गजरा गैंग, नाज बाय नूर, कपराहा, लिखा, द हेमिंग बर्ड आदि कुछ नाम हैं। ये पूरे देश भर से आने वाले क्यूरेशन महिलाओं और पुरुषों के लिए पारंपरिक और कान्टेम्परी फैशन का मिश्रण पेश करते हैं, साथ ही आपको स्टाइलिश बने रहने के लिए एक्सेसरीज भी देते हैं। स्टे स्टालिश

**3.** हेरिटेज और क्राफ्टमेंनशीप का उत्सव : लेबल शौर्य सनाढ्य, लिखा, पेहनो'सा, बारो मासी उन हिडन जेम्स में से हैं जो नायका फैशन पर 500 से अधिक स्टाइल की पेशकश करते हैं जो अपने काम के माध्यम से भारतीय हेरिटेज और क्राफ्टमेन शीप का सम्मान करते हैं। ब्लॉक प्रिंटिंग, चिकनकारी, बांधनी, जरदोजी, मुकैश, इकत, कलमकारी और बहुत कुछ । शानदार पीसेस के बारे में सोचें। ट्रेडिशनल भारतीय पहनावे से लेकर कान्टेम्परी ऑपशन , सलवार सूट से लेकर को-ऑर्ड सेट, साड़ी से लेकर ड्रेस तक, नायका फैशन पर हर किसी के लिए कुछ न कुछ है।

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 23 सितंबर , 2023


# व्हाट्सएप अकाउंट के माध्यम से धोखाधड़ी कर ठगी करने का आरोपी काबू, केस दर्ज

**तावडू।** अपराध जांच शाखा टीम ने एक ऐसे शातिर बदमाश को दबोचा है जो मोबाइल पर लड़की के नाम से व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर लोगों से धोखाधड़ी कर रुपये ऐंठेने का काम करता था। जिसके विरुद्ध सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी युवक की पहचान साजिद उर्फ बब्बल पुत्र इसब निवासी बडेड थाना पुन्हाना जिला नूंह के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गस्त के दौरान पुलिस नगर के बाईपास पर मौजूद थी तभी सूचना मिली कि साजिद उर्फ बबल निवासी बडेड जो बेहद शातिर व धोखेबाज किस्म का बदमाश है।फ़िलहाल सिलखो बस स्टैंड पर मौजूद है। जिसने अपने मोबाइल में गाड़ी और मोटरसाइकिल की फोटो ली हुई है।साथ ही एक कंपनी की महिला कर्मचारी बनकर लोगों से रुपए ऐंठने के लिए व्हाट्सएप के माध्यम से वाहनों का कम दाम बात कर फोटो भेजता है।

साजिद ने अपने मोबाइल में लड़की के नाम से ही व्हाट्सएप अकाउंट बनाया हुआ है।सूचना के मुताबिक पुलिस ने मौके पर पहुंच आरोपी युवक को दबोच लिया, जिसने पूछताछ में अपना नाम साजिद उर्फ बबल बताया, तलाशी लेने पर एक मोबाइल मिला। जिसमें दो सिम थी।

# भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी पर जमकर बरसे आफताब अहमद

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



आफताब अहमद सीएलपी उपनेता विधायक कांग्रेस।

**दिल्ली** से भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी के द्वारा संसद में दिए गए विवादित बयान को लेकर अब उन पर चौतरफा हमला हो रहा है। सीएलपी उपनेता विधायक कांग्रेस आफताब अहमद ने न केवल भाजपा सांसद के इन बयानों की कड़ी निंदा की है बल्कि उन्हें बर्खास्त करने की मांग भी उठा दी है।

विधायक आफताब अहमद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आजादी का 75 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने कहा की नई संसद में पहले ही स्टिंग में भाजपा के सांसद की भाषा अमर्यादित, अशोभनीय, असंवैधानिक है। एक साथी सांसद के लिए संसद में इस तरह की भाषा कहना अपने आप में संसदीय प्रणालियों को शर्मसार तो करता ही है, उससे ज्यादा इस व्यवहार के लिए संसद से बाहर तो अल्पसंख्यक मुसलमानों के लिए हर रोज गालियां, हर रोज मारपीट, लिंचिंग हर रोज इस तरह की घटनाएं सुनी थी, लेकिन पहली बार अब पार्लियामेंट के सदन के अंदर भी इस तरह की हो रही हैं। यह अपने आप में शर्मनाक है। आपका मेहमान ने कहा कि हमारे साथी विधायक मामन खान ने विधानसभा में अपने इलाके की मांग रखी थी, ना उन्होंने किसी को अपशब्द कहे थे, लेकिन उनको जेल में डाल दिया।

पीएम ने देश से माफी मांगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने माफी मांगी। क्या उसका निष्कासन और उसकी सदस्यता रद्द की गई, हम मांग करते हैं अगर संसदीय प्रणाली में लोगों का यकीन रखना है तो लोकसभा में की गई ऐसे सांसद की सदस्यता निरस्त हो। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं। पार्टी भी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके शब्दों की निंदा करें। इस तरह की कृत्य करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लेकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि इस तरह अगर संसद में होने लगा, बाहर पहले से ही हो रहा था।

आफताब अहमद ने कहा कि उग्रवादी कहना, आतंकवादी कहना, कटवा कहना, भड़वा कहना इस तरह के भाषा का प्रयोग मैं समझता हूं। भारतीय जनता पार्टी ने किस तरह की मानसिकता बनी हुई है। उनके शीर्ष नेतृत्व में किस तरह की सांसद की भाषा है। क्या देश में किस तरह का शासन चल रहा है, इससे आप शहर अंदाज लगा सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## हिंदी सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता केशव व हिमांशु रहे प्रथम



**गुरुग्राम।** मानेसर स्थित राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र (एनबीआरसी)में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत में हिंदी सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें हिंदी भाषी समूह में केशव और हिन्दी भाषी समूह में हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर एनबीआरसी के निदेशक डॉ. कृशानु राय ने कहा कि राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र भारत सरकार की विश्वस्तरीय प्रतिष्ठित संस्था है। अत: प्रयास है कि यहाँ राजभाषा हिंदी में कामकाज हो। उन्होंने कहा कि यहां वैज्ञानिक शोध और प्रयोग होते हैं, जिनमें पूरी तरह हिंदी का प्रयोग नहीं किया जा सकता। मगर फिर भी संस्थान का प्रयास है कि किसी तरह हिंदी को भी इसमें जगह मिले। इस मौके पर आयोजित हिंदी प्रश्नोत्तरी में हिंदीभाषी समूह में केशव प्रथम, केदार द्वितीय और तन्मय तृतीय स्थान पर रहे। एनबीआरसी में कार्यरत और पढ़ रहे अहिन्दीभाषी वर्ग में भी हिंदी के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। उनके लिए अलग से प्रश्नोत्तरी करवाई गई जिसमें हिमांशु मल ने प्रथम, आर्काप्रोवो ने द्वितीय और हरिहर साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राजभाषा विभाग से निखिल अरोड़ा, वरिष्ठ पत्रकार अमित नेहरा, जेएनयू के एसोसिएट प्रोफेसर गंगा सहाय मीणा व पत्रकार पवन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। एनबीआरसी के हिंदी अधिकारी डॉ. इंद्रजीत यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तन्मय भट्टाचार्य, तकनीकी अधिकारी जितेंद्र अहलावत व प्रशासन अधिकारी पूजा गोसाईं ने प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि संस्थान भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करके राजभाषा हिंदी का प्रचार प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कालरपुरी में एनीमिया को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**तावडू।** उपमंडल के गांव कालरपुरी में शुक्रवार को एसबीआई फाउंडेशन की ग्राम सेवा परियोजना के तहत किशोरियों में एनीमिया को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पांच गाँवो की 105 किशोरियों की जांच हुई। अखिल भारतीय ग्रामीण उत्थान समिति के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में संस्था से जुड़े अनिल शर्मा, सुमित ,अशोक व सुरेश आदि ने बताया कि ग्राम सेवा केंद्र कालर पुरी में कार्यशाला में गांव रंगाला,फतेहपुर,ऊँटोन पाड़ा और कालरपुरी की 105 बालिकाओं ने खून की जांच कराई। अधिकतर में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई ।कार्यक्रम में पहुंचे तावडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पहुंचे आयुष चिकित्सा अधिकारी कासिम ने बच्चों को संबोधित करते हुए एनीमिया के कारण,बचाव और सावधानियां संबंधित विस्तारित जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी।

## टेंट की दुकान में चोरी

**मेवात।** टेंट की दुकान से लाखों रुपए का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना पिनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत लाहाबास गांव की है। पीड़ित दुकानदार ने इस मामले में पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक देर रात पिनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत लाहाबास गांव में जाकिर पुत्र बशीर ने शादी - ब्याह इत्यादि में टेंट लगाने की दुकान की हुई है। दुकानदार का कहना है कि उसने रोजाना की तरह अपनी दुकान को बंद किया था और रात्रि में अपने घर चला गया था, लेकिन अज्ञात चोर 12 भगोना, 4 टप, 2 ड्राम, 100 प्लेट कैरेट सहित चोरी कर ली। इसके अलावा 20 कुर्सी, दो सिवाने के कपड़े भी चोरी कर लिए गए। दुकानदार का कहना है कि सुबह जब कुछ लड़के सड़क पर रेस लगाने के लिए आए तो उसकी दुकान का ताला टूटा होने की सूचना दी। जिसके बाद 112 नंबर पर डायल करके पुलिस को मौके पर बुलाया और घटना के बारे में जानकारी दी। जाकिर ने पिनगवां पुलिस को शिकायत दे दी है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है, लेकिन पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है। दुकानदार के मुताबिक चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपए में है।

## श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गज-ग्राहा का उद्घार



**फिरोजपुर झिरका।** गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में भैरों मंदिर समिति के सौजन्य से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को गज ग्राहा का उद्धार, राम जन्म, कृष्ण जन्म नंद उत्सव कथा का वृतांत कथावाचक गौरव कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद द्वारा दोपहर दो बजे से लेकर शाम पांच बजे तक सुनाई गई। उन्होने गज ग्राहा का उद्धार कथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार गंडक नदी में एक दिन कोनहारा के तट पर जब गज (हाथी) पानी पीने आया तो नदी में मौजूद ग्राह (मगरमच्छ) ने उसे अपने मजबूत जबड़ों में जकड़ लिया। माना जाता है कि गज ग्राह के जबड़ों से खुद को छुड़ाने के लिए कई वर्षों तक उससे लड़ता रहा। इस दौरान गज ने बड़े ही मार्मिक भाव से हरि यानी विष्णु को याद किया।माना जाता है कि दर्द से पीढ़ित गज की सच्ची प्रार्थना सुनकर भगवान विष्णु वहां उपस्थित हुए और उन्होंने अपना सुदर्शन चक्र चलाकर गज को ग्राह से मुक्ति दिलाई जिससे उसकी जान बच सकी। जिस दिन भगवान विष्णु ने अपने भक्त की मदद की वो दिन कार्तिक पूर्णिमा का ही दिन था। विष्णु जी के इस कृतज्ञ से खुश होकर सभी देवी-देवता गंडक नदी के कोनहारा तट पर ही उपस्थित होकर उनके जयकारे लगाने लगे। भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में ओत प्रोत श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और इसके अलावा श्री राम जन्म एवं कृष्ण जन्म नंद उत्सव कथा का आनंद दिया और रामकृष्ण भजनों पर समस्त धर्म प्रेमी नाचते गाते नजर आए। इसके उपरांत श्रीमद् भागवत भगवान की आरती की गई और कथा में उपस्थित समस्त धर्म प्रेमियों में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अधिवक्ता सर्वेश सिंघला, विकास कुमार गुप्ता, सुदर्शन शर्मा, राधेश्याम खंडेलवाल, रत्नलाल गोयल, मनोहर, टिक्कम चंद सैनी सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

# आप नेता सहित दो नामजद, 15 - 20 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रिजवान कासिम।** मेवात



आम आदमी पार्टी के नेता फखरुद्दीन।

**आम** आदमी पार्टी के नेता फखरुद्दीन एडवोकेट सहित दो नामजद व 15 - 20 अन्य लोगों के खिलाफ सिटी थाना नूंह पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घटना गत 20 सितंबर की बताई जा रही है। एआरओ ऑफिस शाहपुर नंगली रोड पर सरकारी नीलामी में भाग लेने के दौरान मारपीट व लूटपाट की घटना सामने आई है। मुकदमा दर्ज होने से आम आदमी पार्टी के नेता फखरुद्दीन एडवोकेट की मुश्किलें बढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता।

जानकारी के मुताबिक सिटी थाना नूंह में जकरिया पुत्र शमसुद्दीन निवासी वार्ड नंबर 9 आईटीआई कॉलोनी सोहना ने सिटी थाना नूंह में शिकायत देकर आरोप लगाया कि वह गत 20 सितंबर को एआरओ ऑफिस शाहपुर नंगली रोड पर एक सरकारी जमीन नीलामी में भाग लेने के लिए आया था। बोली का रिजर्व मूल्य 4,50,75000 था। जिसकी एवज में 22,53, 750 की डीडी उसके भाई रिजवान के नाम से नीलामी के लिए एआरओ ऑफिस में जमा कराई थी। दोपहर करीब 2 बजे नीलामी एआरओ ऑफिस में शुरू की गई तो फखरुद्दीन पुत्र हिदायत निवासी हिदायत कॉलोनी नूंह व इक्का निवासी नूंह व 15 - 20 गांव सालाहेड़ी व चंदेनी के आदमी लेकर एआरओ ऑफिस आ गए और नीलामी के दौरान हमें बीड न लगाने के लिए धमकाया । जब हमने बोला कि सरकारी नीलामी है, बोली कोई भी लगा सकता है। जिस पर उन्होंने हमें गाली - गलौज करके हमारे साथ हाथापाई शुरू की और झगड़ा करके 47000 की नकदी व गले में दो तोले की सोने की चेन जबरदस्ती छीन ली। इस दौरान मारपीट में चोट भी आई और जब विरोध किया तो आम आदमी पार्टी के नेता फखरुद्दीन ने रिवाल्वर तानकर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि आज तो हम बोली कैंसिल करवा देंगे और यदि आगे नीलामी में आए तो तुम्हें जान से मार देंगे।

अन्य बोली दाताओं व हमारे पार्टनर नवीन कुमार तथा विकास ने समझदारी दिखाते हुए हमें उक्त लोगों से बचाकर ऑफिस में बंद कर दिया। जिससे हमारी जान बच गई। इस दौरान पुलिस को फोन किया गया और 112 नंबर गाड़ी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद मारपीट में घायल व्यक्ति ने सीएचसी नूंह में अपनी एमएलआर कटवाई व और सिटी नूंह पुलिस को शिकायत दी। जब इस बारे में एआरओ अधिकारी जितेंद्र कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन करीब पौने चार एकड़ की नीलामी हुई थी।

जिसमें तकरीबन 11 डीलरों ने डिमांड ड्राफ्ट जमा करा दिए थे, लेकिन उन दिनों इंटरनेट बंद होने की वजह से कुछ लोग डिमांड ड्राफ्ट जमा नहीं कर पाए थे, इसलिए इस दिन नीलामी को पोस्टपोंड करने की बात थी, लेकिन इस दौरान कार्यालय में झगड़ा हुआ। उन्होंने कहा कि झगड़े के बाद पुलिस बुलाई गई। अब उसी मामले में सिटी थाना नूंह पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 148, 149, 323, 379, 506 आईपीसी तथा हथियार की धाराओं के तहत मुकदमा अंकित कर लिया है। इस मुकदमे के दर्ज होने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता फखरुद्दीन की मुश्किल बढ़ सकती है। मुकदमा दर्ज होने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता भूमिगत बताए जा रहे हैं।

# राजकीय गर्ल प्राथमिक विद्यालय भादस में लगाया गया पोषण कैम्प : डॉ. अजीत सिंह यादव



**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत डॉ. साकेत कुमार, महानिदेशक आयुष हरियाणा के निर्देशानुसार आयुष विभाग, नूह द्वारा डॉ. अजीत सिंह यादव, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी नूंह के मार्गदर्शन में राजकीय गर्ल प्राथमिक विद्यालय भादस में पोषण कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में कुल 257 स्कूली बच्चों व आमजन के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया जिसमें आयुर्वेदिक पद्वति द्वारा 115, यूनानी पद्वति द्वारा 76, होम्योपैथिक पद्वति द्वारा 56 रोगियों का ईलाज किया गया। इस पोषण कैम्प में सभी बच्चों को खान पान और पोषण के बारे डॉ. अरूण, होम्योपैथिक विशेषज्ञ व डॉ. मोहम्मद अरशद ग्यास, यूनानी चिकित्सा अधिकारी ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस पोषण कैम्प में डा0 आबिद, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, अब्दुल गफ्फार, फार्मासिस्ट, वसीम अहमद, फार्मासिस्ट व मुबीन अहमद, फार्मासिस्ट आदि स्टाफ उपस्थित रहा। डॉ. अजीत सिंह यादव, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने बताया कि ये पोषण कैम्प 30 सितम्बर तक चलेगें। इन पोषण कैम्पों में बच्चों का उचित खान-पान की जानकारी दी जाएगी तथा खुन की कमी से बचाव के बारे में बताया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



**जिला** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैडक्रॉस सोसाइटी नूंह धीरेंद्र खडगटा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव वाजिद अली की देखरेख में जिला रैडक्रॉस सोसायटी नूंह ने एक दिवसीय सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा एवंम नशा मुक्त हरियाणा विषय पर जागरूकता सेमीनार का आयोजन राजकीय उच्च विद्यालय भिरावटी में किया। सेमिनार की अध्यक्षता विद्यालय इंचार्ज चंद्रशेखर ने की। उन्होंने बताया कि जागरूकता किसी भी बड़ी से बड़ी समस्या का बहुत बड़ा निदान है। इसलिए आमजन को इस प्रकार के जागरूकता सेमिनारों में हिस्सा लेना चाहिए।

इस सेमिनार के मुख्य वक्ता के तौर पर जिला रैडक्रॉस सोसायटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा मुहिम के तहत सड़क सुरक्षा नियमों की पालना हेतु जागरुक किया। उन्होंने सभी उपस्थित 250 विद्यार्थियों को मोटर वाहन संशोधन विधेयक-2019 की विस्तृत जानकारी दी। जिनमें मुख्यत: शराब पीकर वाहन ना चलाने, नाबालिग से वाहन ना चलवाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, आपातकाल वाहन को तुरंत रास्ता देने, आपातकाल नम्बरों की जानकारी दी। वाहन चलाते समय निर्धारित लेन का प्रयोग, सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने, वाहन ओवरस्पीड,ओवरलोड न चलने बारे जागरूक किया। सेमीनार के दूसरे सत्र में नाश की जड़ बारे बताया कि हरियाणा को नशा मुक्त बनाने एवं दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए व्यापाक जागरूकता ही एक सफल प्रयास हो सकता है। मलिक ने बताया कि मादक पदार्थों का सेवन एवं नशीली दवाओं का सेवन हमारे जीवन में आर्थिक, सामाजिक, जैसे परिवारों का टूटना, प्रतिष्ठा का नुकसान, सामाजिक कलंक, कानूनी लागत जैसे सड़क दुर्घटना, घरेलू हिंसा, अपराध, आक्रामकता, गिरफ्तारी, कारावास तथा सांसारिक रिश्तों को हानि देता है। नशीले पदार्थों का सेवन तथा दवाओं का दुरुपयोग हमारे सपनो को समाप्त कर देता है।

जो दवा चिकिसक द्वारा सेवन हेतु बताई जाए वो दवा कहलाती है स्वयं दवा का सेवन ड्रग्स कहलाती है। मात्रा से अधिक किसी भी पदार्थ का सेवन जहर होता है और वह जहर आम इंसान के लिए घातक सिद्द होता है। सेमिनार के अंत में नरेश डागर ने सभी प्रतिभागियों को नशीले पदार्थों के सेवन तथा दवाओं के दुरुपयोग से बचने हेतु शपथ दिलाई गई।

# तावडू में बंदर पकड़ो अभियान की हुई शुरुआत,नगरवासियों को मिलेगी निजात

### 1600 बंदरों को पकड़ने का है लक्ष्य 20 लाख रुपये होंगे खर्च

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू



**नगर** वासियों को अब बंदरों के आतंक से निजात मिलने जा रही है।नगर पालिका प्रशासन ने बंदर पकड़ने की अभियान की शुरुआत करा दी है। इसके लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा 20 लाख रुपए खर्च किये जाएंगे। करीब 1600 बंदरों को पकड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

तावडू नगर पालिका प्रशासन के कनिष्ठ अभियंता राशिद ने बताया कि नगरवासी बन्दरों के आतंक से बेहद परेशान थे।समस्या से निजात पाने के लिए कई बार कार्यालय में नगर वासियों की ओर से गुहार लगाई जा चुकी है।सरकारी भवनों में भी बंदरों की अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है।लेकिन अब नगर पालिका प्रशासन ने इनका पुख्ता इंतजाम कर लिया है।प्रशासन द्वारा नियम अनुसार एक टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई है। जिसमें नगर से 1600 बंदरों को पकड़ने पर करीब 20 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके लिए फिलहाल दो टीमों ने काम शुरू कर दिया है,जो अलग-अलग स्थानों पर पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ने का काम कर रही है।

पकड़े गए बंदरों को अलवर सरिस्का वन्य जीव केंद्र में छोड़ा जाएगा।इसके लिए सरिस्का वन्य जीव प्रबंधन टीम से समन्वय स्थापित किया गया है। बंदरों को छोड़ने के दौरान भी पूरी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। बंदरों को सरिस्का जंगल में रेस्क्यू करने के दौरान एक पुलिस जवान सहित नगर पालिका से भी एक कर्मचारी निगरानी के लिए मौजूद रहेगा।जिसकी बाकायदा वीडियो ग्राफी भी कराई जाएगी।बन्दर पकड़ने वाली टीम को 2 साल तक का समय दिया गया है।इस समय सीमा के अंतर्गत नगर से सभी बंदरो का सफाया कर सरिस्का में छोड़ना है। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि नगर वासियों को एक बड़ी समस्या से निजात मिलने जा रही है।

बता दे की पिछले काफी समय नगर की गली मोहल्ला और सरकारी भवनों में बड़ी संख्या में बंदरों की मौजूदगी है। जहां पर इनका आतंक जग जाहिर है। कई बार नगर वासियों पर हमला कर चुके हैं। पूर्व में भी एक महिला इन बंदरों के डर की वजह से छत से गिरकर चोटिल हो गई थी,जिसकी बाद में मौत हो गई थी। दर्जनों बार बच्चों छोटे-बड़े बच्चे और बुजुर्ग बन्दरों के हमले के शिकार हो चुके हैं।

# हसनपुर में पशु जागरूकता एवं प्रजनन शिविर का हुआ आयोजन

**तावडू।** उपमंडल के गांव हसनपुर में शुक्रवार को पशु जागरूकता एवं प्रजनन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लाला लाजपत राय पशु विज्ञान केंद्र हिसार सहित विशेषज्ञों ने पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य व पौष्टिक आहार को लेकर जागरूक किया। जागरूकता एवं प्रजनन शिविर में पशु पालकों को बदलते मौसम में सावधानी बरतने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए लुवास विश्वविद्यालय से डा. वीरेंद्र सिंह पंवार व कुलपति डा. विनोद कुमार वर्मा ने पशुपालकों को मौसमी बीमारियों से बचाव व अन्य जानकारी दी। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए उपनिदेशक पशुपालन एवं डेरिंग विभाग,नूंह डा. वीरेंद्र सिंह सहरावत ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में पशुपालकों को अवगत कराया। इसके साथ ही पशुओं को होने वाली बीमारियों से बचाव व समय पर टीकाकारण कराने का आवाहन किया।

# एचडीएफसी परिवर्तन परियोजना के अन्तर्गत अंत कक्षा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका

**एचडी**एफसी बैंक परिवर्तन परियोजना व सहगल फाउंडेशन के माध्यम से खंड फिरोजपुर झिरका के राजकीय माध्यमिक विद्यालय पथराली मे गुरुवार को एच डी एफ सी परिवर्तन परियोजना के अन्तर्गत अंतराष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर गांव पथराली के राजकीय माध्यमिक विद्यालय मे सात गावों के छात्र, छात्राओं के साथ अंत: कक्षा प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया ।

इस अंत: कक्षा प्रतियोगिता के तहत पश्नोतरी, निबंध, चित्रकला, रोलप्ले इन चार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 100 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया । सभी छात्रों को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान श्रैणी के अनुसार पुरस्कार देकर उनका होंसला व उत्साह बढ़ाने का कार्य किया । इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी फिरोजपुर झिरका द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि क्लस्टर समन्वयक केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगोन के प्राचार्य आलमदीन ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत करते हुए कहा कि कोई भी समाज शिक्षा के बगैर तरक्की नही कर सकता। असली योद्वा वो हैं जो विपरीत परिस्थितियों मे इतिहास बनाकर दिखाए। शिक्षा के क्षेत्र मे संसाधनों का अभाव किसी की राह मे रोडा नहीं बन सकता अगर अभिवावक व शिक्षको का होंसला बुलंद हो। प्रोजेक्ट कोओर्डिनेटर कैलाश प्रसाद गुप्ता ने इस अवसर पर सभी स्कूल के अध्यापको का धन्यवाद किया कि कम समय मे जो इतनी अच्छी तरह बच्चों से तैयारी कराई इसके साथ कहा कि अपनी बेटियों को जरूर पढ़ाएं एक बेटी कई घरों को रोशन करने का काम करती है। शिक्षा के क्षेत्र मे नूंह जैसे जिले मे बहुत अधिक बल देने की जरूरत है। एचडीएफसी बैंक फिरोजपुर झिरका से सेल्स ऑफिसर ममशेद अली ने कहा कि जिस तरह आज ये प्रतियोगिता इस स्कूल में की गई है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
जोन क्रमांक-05, E-mail : zonefivebhilai@gmail.com
क्र./लो.क.वि./जोन क्र. 5/2023/1081/314 भिलाई, दिनांक 11/09/2023
// ई-निविदा आमंत्रण सूचना//
[illegible]

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. एवं जारी दिनांक | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | जोन-5, वार्ड 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70 के अंतर्गत [illegible] (द्वितीय निविदा) | 147049 06.09.2023 | 190.00 | 25.09.2023 |

[illegible] ( Online ) [illegible] www.bhilainagarnigam.com [illegible] www.uad.cg.gov.in [illegible] eproc.cgstate.gov.in [illegible]
जोन आयुक्त
जोन क्र.-05, [illegible] नगर पालिक निगम, भिलाई

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# भारत-कनाडा संबंध
## वर्तमान गतिरोध


**भारत और कनाडा** के बीच अच्छे संबंध रहे हैं, पर वर्तमान समय में उनमें गतिरोध आ गया है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में गलतियां, गलतफहमियां, दबंगई व विवाद सर्वाधिक सामान्य समस्यायें हैं। इसलिए विभिन्न तथ्यों व आरोपों पर पहुंचने के लिए संतुलित समझदारी व दृष्टिकोण आवश्यक है। 'खालिस्तान' समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच वर्तमान गतिरोध ने चिन्ता पैदा की है। जहां कनाडा ने घटना में भारत की कथित व अंतर्निहित भूमिका पर अपनी बात रखी है, वहीं भारत ने उसके आरोपों को खारिज कर दिया है। इसलिए किसी नतीजे तक पहुंचने से पहले स्थिति पर सभी दृष्टिकोण से नजर डालना जरूरी है। मुखर खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर को 18 जून को कनाडा में ब्रिटिश कोलम्बिया के सुरे में एक सिख सांस्कृतिक केन्द्र के बाहर गोली मार दी गई थी। चूंकि वह वास्तव में भारत की 'मोस्ट वांटेड' सूची में था, इसलिए कनाडा ने



आरोप लगाया है कि निज्जर पर भारतीय सुरक्षा बलों ने निशाना लगा कर उसका सफाया कर दिया। कनाडा ने भारत सरकार से इस पर स्पष्टीकरण मांगा और भारत ने आधिकारिक रूप से हत्या में किसी संलिप्तता से इनकार कर दिया। इतिहास पर नजर डालें तो भारत पिछले सालों में अनेक आतंकी हमलों का शिकार बना है, जिसके परिणामस्वरूप असंख्य लोगों की जान गई है। इस संदर्भ में भारत ने लगातार अपनी सीमा के भीतर और बाहर विधिक तरीकों से आतंकवाद से मुकाबले की प्रतिबद्धता प्रकट की है। इसके साथ ही भारत की नीति कभी भी ऐसे राह से भटके व उसका विरोध करने वाले तत्वों के सफाये और उनके लिए हत्यारे भेजने की नहीं रही है। भारत ने पूरी दृढ़ता से खुलेआम वैध न्यायिक प्रक्रियाओं में विश्वास प्रकट किया है और अनेक मामलों में ऐसे तत्वों के प्रत्यर्पण की मांग की है। भारत ने लगातार वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए संयुक्त प्रयासों तथा अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी पहलों में महत्वपूर्ण योगदान किया है। निज्जर की कथित हत्या के मामले में भारत ने विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के साझे के महत्व पर जोर दिया है। किसी देश को कथित गलत काम हेतु दोषी ठहराने के लिए केवल आरोप लगाना काफी नहीं है। किसी विधिक या राजनयिक संदर्भ में हमेशा सबूत देने की जिम्मेदारी आरोप लगाने वाले पर होती है। इसलिए किसी प्रकार के दंडात्मक उपाय करने या उनकी मांग के पहले निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता पर कनाडा के आरोपों के समर्थन में स्पष्ट प्रमाण दिए जाने चाहिए। ऐसा न होने पर यह स्पष्टत: जल्दबाजी में नतीजों पर पहुंचना होगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने इस घटना की किसी जांच में पूरा सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। पारदर्शी व खुली प्रक्रिया में शामिल होने की भारत की इच्छा से इस मुद्दे के राजनयिक ढंग से निपटारे की भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। भारत और कनाडा ने कनाडाई नागरिक की हत्या से पैदा चिन्ताओं को संबोधित करने के लिए राजनयिक संवाद पर जोर दिया है। दुर्भाग्य से कनाडा द्वारा एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक के निष्कासन की त्वरित प्रतिक्रिया में भारत को भी कार्रवाई करनी पड़ी है और उसने एक कनाडाई राजनयिक को पांच दिन में देश छोड़ने का आदेश दिया है। इससे दोनों देशों के बीच माहौल खराब हुआ है। राजनयिक प्रक्रिया शुरू होने के बाद आवश्यक है कि सभी पक्ष परस्पर संचार के रास्ते खुले रखें, अंतरराष्ट्रीय समझौतों व मानकों का पालन करें तथा आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष को प्राथमिकता दें।

# कौशल की कमी से बेरोजगारी

कौशल की कमी दूर करने के लिए कृत्रिम बुद्धि-एआई व मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों में प्रशिक्षण देना जरूरी हो गया है।



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, सेवानिवृत्त अधिकारी हैं)



दुनिया भर में रोजगारों की बदलती प्रकृति तथा कौशल आवश्यकताओं को देखते हुए कौशल के क्षेत्र में आई कमी के कारण रोजगार के अवसरों में बाधा आ रही है। बिजनेस नेताओं को तेजी से यह कमी पहचानने तथा कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करने की जरूरत है। उनको कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देने चाहिए कि वे सफलता के लिए अपना कौशल विकास कैसे करें। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लगभग 86 मिलियन कामगारों को 'अपस्किलिंग' या 'रिस्किलिंग' के माध्यम से उत्कृष्ट डिजिटल कौशल प्राप्त करना चाहिए ताकि वे तेजी से बदलती तकनीकों के अनुसार स्वयं को ढाल सकें। यूएनडीपी का मानव विकास सूचकांक भारत को 191 देशों में 132वें स्थान पर रखता है। यह स्थिति चिन्ताजनक है क्योंकि कंपनियों को कुशल कामगारों की कमी का सामना करना पड़ता है, जबकि करोड़ों शिक्षित लोग बेरोजगार बने रहते हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए भारत ने पिछले दशक में कौशल-आधारित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में कदम उठाए हैं। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की स्थापना कौशल विकास को प्राथमिकता देने के लिए की गई है। जुलाई, 2015 में शुरू 'स्किल इंडिया मिशन' का उद्देश्य भारत में कुशल कामगारों की कमी को संबोधित करना है। लेकिन प्रशिक्षित, पंजीकृत व अंतत: नौकरी में लगे लोगों तथा मांग के बीच भारी अंतर है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन का अनुमान है कि भारत में वर्ष 2030 तक लगभग 29 मिलियन कुशल कामगारों की कमी होगी। विभिन्न उद्योगों में कर्मचारियों पर अपस्किल व रिस्किल होने का दबाव है, लेकिन बहुत से लोगों को लंबे कार्यदिवस के कारण इसे प्राप्त करना चुनौती लगता है। कामगार की बेहतरी को प्राथमिकता देने वाली सहायक व्यवस्थाओं की कमी के कारण बहुत से कामगारों में अपस्किलिंग व रिस्किलिंग के प्रति प्रेरणा का अभाव है। ऐसे में संगठनों को कर्मचारियों द्वारा स्वत: नए कौशल सीखने को बढ़ावा देने के लिए नई वित्तीय पहलें करनी चाहिए।

उच्च वृद्धि के लिए कुशल कार्यबल बहुत जरूरी है, पर भारत में केवल 45 प्रतिशत प्रशिक्षित लोग ही रोजगार योग्य हैं और केवल 4.69 प्रतिशत कार्यबल को ही व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त है। इससे देश में कौशल की कमी का संकेत मिलता है जिसके पीछे प्रशिक्षण ढांचे का अभाव तथा निजी क्षेत्र की सीमित सहभागिता है। प्रशिक्षण संस्थानों पर नजर रखने के लिए एक निगरानी संस्था का अभाव भी इस स्थिति को पैदा करने में सहायक है। यदि युवा जनसंख्या को कुशल तरीके से अपस्किल, रिस्किल व स्किल नहीं किया जाता है तो भारत का 'जनसंख्या लाभांश' एक चुनौती बन सकता है। अनुमान है कि 2025 तक भारतीय जनसंख्या का लगभग 70 प्रतिशत काम करने योग्य होगा। ऐसे में समुचित रोजगार अवसरों के अभाव में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती बन जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में स्कूल स्तर पर कौशल विकास के गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। एक गंभीर राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण व्यवस्था बनाने की जरूरत है जो 10 साल की स्कूली शिक्षा के बाद लागू हो सकती हो। अधिकांश विकसित देशों में व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था है जो युवाओं को रोजगार हेतु तैयार करती है तथा उनको स्व-रोजगार उद्यमिता के लिए बढ़ावा देती है। कौशल की कमी का सीधा संबंध शिक्षा के प्रकार से है जो स्कूल स्तर पर दी जाती है। इसके साथ ही हमें ऐसा इकोसिस्टम बनाना चाहिए जो प्रत्येक रोजगार-इच्छुक व्यक्ति को बाजार-संचालित कौशल प्रदान कर सके। उदाहरण के लिए, यदि कोई कारपेंटर, प्लंबर या एलेक्ट्रीशियन बनना चाहता है तो उसे कम से एक वैश्विम स्तर का कोर्स उपलब्ध होना चाहिए। इसके लिए हर हाईस्कूल में एक कौशल प्रशिक्षण केन्द्र होना चाहिए जहां रोजगार के इच्छुक छात्रों को स्कूली पढ़ाई के अतिरिक्त समय में अपनी पसंद के क्षेत्र में कौशल प्राप्त करने का अवसर मिले। इसी प्रकार शिक्षा प्रदाताओं को ऐसे छात्रों की ज्ञान व कौशल से सहायता करनी चाहिए जो काम करने वाली दुनिया के लिए प्रासांगिक हों ताकि वे उत्पादक व रोजगार प्राप्त करने योग्य बन सकें। स्कूल स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में संगति बनाई जानी चाहिए तथा कौशल प्रदाताओं व उद्योगों के बीच व्यापक समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए। यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। आज शिक्षा इस बात तक सीमित नहीं है कि स्कूलों व कालेजों में क्या पढ़ाया जाता है, बल्कि सीखने का दायरा बहुत व्यापक है जिसका कारण विकसित होते बाजार तथा तकनीकी प्रगति है। प्रतियोगी व विकसित होते रोजगार बाजार में कॅरियर सुनिश्चित करने के लिए अपस्किलिंग तथा उद्योग-प्रासांगिक बने रहने की जरूरत युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बाजार-संचालित कौशल प्राप्त करने से रोजगार के अवसर बहुत बढ़ते हैं तथा नौजवानों को लाभदायक कॅरियर बनाने में सहायता मिलती है। भारत में वर्तमान समय में प्रभावी व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण व्यवस्था की कमी है जो प्रेरणादायक तथा सभी युवाओं की पहुंच में हो। इस मुद्दे को संबोधित करने तथा भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने के लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय को एक राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालय-एनएसयू स्थापित करने की आवश्यकता है जिसका प्रस्ताव राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालय विधेयक, 2015 में किया गया है। यह विश्वविद्यालय कौशल-प्रासांगिक पाठ्यक्रम तैयार कर कौशल-आधारित प्रमाणपत्र और डिग्री देने की व्यवस्था कर सकता है। इससे नौजवानों की रोजगार प्राप्त करने की क्षमता बढ़ेगी। एनएसयू के साथ ही राज्य सरकारें सार्वजनिक निजी साझेदारी-पीपीपी माध्यम से बहुकौशल विकास केन्द्रों-एमएसडीसी की स्थापना कर सकती हैं। ये केन्द्र प्रमुख औद्योगिक क्लस्टरों में क्लस्टर-विशेष कौशलों की कमी की पहचान कर कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना कर सकते हैं जो वर्तमान कामगारों के कौशल उच्चीकरण की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। उत्कृष्ट कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना से उद्योगों में उच्चस्तरीय कौशल की कमी पूरी करने के लिए नवीनतम जानकारियों व पाठ्यक्रमों का समावेश किया जा सकता है। विश्व बैंक ने 3-12 महीनों में अल्पकालीन कौशल विकास पाठ्यक्रमों की बाजार क्षमता बढ़ाने के लिए 250 मिलियन डालर के स्किल इंडिया मिशन आपरेशन-सीमो को अनुमति दी है। तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य से तालमेल बिठाने के लिए वैश्विक स्किल गैप मैंपिंग करानी जरूरी है ताकि भर्तियों को 'डिग्री-आधारित' के बजाय 'कौशल-आधारित' बनाया जा सके। वर्ड इकोनोमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में अगले पांच साल में 150 मिलियन नए तकनीकी रोजगार सृजित होंगे जिसमें 2030 तक 77 प्रतिशत रोजगारों में डिजिटल कौशल की जरूरत होगी। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि वर्तमान समय में दुनिया भर में केवल 33 प्रतिशत तकनीकी रोजगारों में कुशल कामगार काम कर रहे हैं। इस स्थिति के कारण वैश्विक पैमाने पर तकनीकी प्रगति में बाधा आ सकती है। इसलिए उभरती तकनीकों में कौशल की कमी को संबोधित करना बहुत जरूरी है। इनमें कृत्रिम बुद्धि-एआई, मशीन लर्निंग-एमएल, ब्लाकचेन, रोबोटिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन व डेटा एनालिटिक्स शामिल हैं। वर्तमान समय में एक कुशल कार्यबल की आवश्यकता है जो इन तकनीकों को समझ कर उनका क्रियान्वयन कर सके तथा उनके आधार पर भावी खोज कर सके। इससे इन तकनीकों तथा उद्योगों की प्रगति में सकारात्मक योगदान मिलेगा। व्यावसायिक शिक्षा तथा नवीनतम कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान केन्द्रित कर भारत अपने कार्यबल को भावी मांगें पूरी करने के लिए तैयार कर सकता है।

# शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य की चुनौतियां

> कार्बन डाइऑक्साइड हटाने में कार्बन डाइऑक्साइड को उत्पादन के विभिन्न स्त्रोतों पर या सीधे वायुमंडल से कैप्चर करना और पलायन को रोकने के लिए इसे सुरक्षित रूप से संग्रहीत करना शामिल है

**ईशू रतन श्रीवास्तव**
(लेखक, रेलवे विभाग में मैकेनिकल इंजीनियर हैं)



ग्लोबल वार्मिंग का युग समाप्त हो गया है, वैश्विक उबाल का युग आ गया है, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने हाल ही में टिप्पणी की। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला है कि बताई गई नीति प्रतिबद्धताओं पर आधारित अनुमान ग्लोबल वार्मिंग के स्तर को 1.5 डिग्री सेल्सियस या यहां तक कि 2 डिग्री सेल्सियस पर नियंत्रित करने में विफल रहते हैं।

इसलिए, जब उत्सर्जन शमन वांछित गति से नहीं हो रहा है और चरम जलवायु घटनाएं उम्मीद से पहले टिपिंग बिंदु का संकेत देती हैं, तो कार्बन कैप्चर समाधान के लिए एक मार्ग प्रदान कर सकता है। समानता और न्याय की मांग करने वाली विकास संबंधी अनिवार्यताएं, उप-इष्टतम प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर और जीवनशैली अनुकूलन से संबंधित चुनौतियां नेट जीरो रोड को एक कठिन क्षेत्र बनाती हैं। भोजन, ऊर्जा, परिवहन और सीमेंट और स्टील जैसी सामग्रियां उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, लेकिन ये ऐसी मूलभूत आवश्यकताएं हैं कि इन्हें हमारे जीवन से रातोंरात दूर नहीं किया जा सकता है। भोजन का ही मामला लें, 19वीं सदी की शुरुआत से वैश्विक जनसंख्या लगभग आठ गुना बढ़ गई है। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, यह उर्वरक-सघन खेती है जिसके बिना यह अनुमान लगाया जाता है कि दुनिया की आधी आबादी का भरण-पोषण नहीं किया जा सकता है। इन उर्वरकों को जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके संश्लेषित किया जाता है जो उत्सर्जन में योगदान करते हैं।

बिजली के संबंध में, नवीकरणीय स्त्रोत आंतरिक अनिश्चितताओं के साथ आते हैं और केवल विश्वसनीय भंडारण समाधान ही जीवाश्म ईंधन को पूरी तरह से बदल सकते हैं। इससे बड़ी मात्रा में लिथियम के खनन की आवश्यकता होती है, जिसका व्यावसायिक खनन मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिकी लिथियम त्रिकोण में




केंद्रित है और विशेष रूप से इसमें उच्च जल पदचिह्न है। इसके अतिरिक्त, ली-आयन बैटरियों में एक प्रमुख तत्व, कोबाल्ट का खनन, बाल श्रम से संबंधित नैतिक मुद्दों से जुड़ा है। पंप्ड हाइड्रो, बैटरी भंडारण का एक विकल्प, पर्यावरण संबंधी चिंताएं भी रखता है। कार्बन डाइऑक्साइड हटाने में कार्बन डाइऑक्साइड को उत्पादन के विभिन्न स्त्रोतों पर या सीधे वायुमंडल से कैप्चर करना और पलायन को रोकने के लिए इसे सुरक्षित रूप से संग्रहीत करना शामिल है। जंगल, चट्टानें और महासागर जैसी प्राकृतिक प्रणालियां कार्बन सिंक के रूप में कार्य करती हैं, कार्बन को अवशोषित और अलग करती हैं। हालाँकि, गर्म जलवायु इन प्रणालियों की कार्बेंडाइऑक्साइड को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देती है। इन प्राकृतिक प्रणालियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, बेहतर अवशोषण के लिए संरक्षण प्रयास और इंजीनियर तकनीक आवश्यक हैं।

इनमें वनरोपण, बढ़ी हुई चट्टानों का अपक्षय शामिल है जो चट्टानों को अधिक कार्बेंडाईऑक्साइड को अवशोषित करने में सक्षम बनाता है, और उन्नत समुद्री निषेचन जो एक जियोइंजीनियरिंग तकनीक है जिसके परिणामस्वरूप समुद्री प्रणालियों में उच्च जैविक विकास हो सकता है, इस प्रकार कार्बन कैप्चर और भंडारण (बीईसीसी) के साथ उच्च कार्बन अवशोषण और बायोएनर्जी का अर्थ होता है। जो उत्सर्जन बैलेंस शीट में गोलाकारता का परिचय देता है। प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों में उत्पादन प्रक्रियाओं या जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके बिजली उत्पादन के दौरान कार्बेंडाइऑक्साइड उत्सर्जन को कैप्चर करना शामिल है, जिसमें मुख्य रूप से एमाइन नामक रसायनों का उपयोग किया जाता है जो तापमान विनियमन पर कार्बेंडाइऑक्साइड को अवशोषित और जारी कर सकते हैं। कैप्चर किए गए कार्बेंडाइऑक्साइड को गहरी भूवैज्ञानिक संरचनाओं में संग्रहीत किया जाता है, जिससे इसकी रिहाई को रोका जा सकता है। बेहतर तेल पुनर्प्राप्ति के लिए तेल भंडारों में कार्बेंडाइऑक्साइड की पंपिंग तेल और गैस उद्योग में एक स्थापित प्रथा है। एक अन्य तकनीक अर्थात् डायरेक्ट एयर कैप्चर, जिसमें एक संकेंद्रित बिंदु स्त्रोत के बजाय हमारे आस-पास की हवा से कार्बेंडाइऑक्साइड कैप्चर शामिल है, भी लोकप्रियता हासिल कर रही है, हालांकि इसमें लागत संबंधी चिंताएं हैं।

तथ्य यह है कि कुछ तकनीकें उद्योग में पहले से ही प्रचलित हैं, प्रस्ताव की व्यवहार्यता के प्रति एक निश्चित मात्रा में विश्वास पैदा करती हैं। हालांकि, इसके बड़े पैमाने पर अपनाने पर संदेह है, खासकर महासागरों और अन्य प्राकृतिक प्रणालियों में संभावित हस्तक्षेप के संदर्भ में। इसके अतिरिक्त, बढ़ते वनीकरण और बीसीसी को अपनाने से हमारी खाद्य आपूर्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भूवैज्ञानिक संरचनाओं से कार्बनडाइऑक्साइड रिसाव की संभावनाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, यह तर्क दिया जाता है कि कार्बन हटाने के मार्गों पर अत्यधिक निर्भरता से उत्सर्जन शमन और अनुकूलन प्रयासों में शिथिलता आ सकती है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया पर तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है और निस्संदेह, एक बहुआयामी शमन रणनीति आवश्यक है। हालांकि, कार्बन हटाने से जुड़ी अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए, इसकी तैनाती को सावधानी के साथ किया जाना चाहिए और धीरे-धीरे बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि हम इसके बारे में अधिक सीखते हैं।

## आप की बात

### भारत-विरोधी शक्तियां

**कनाडा** भी आजकल भारत का विरोध करने में पाकिस्तान, चीन व तुर्की की राह पर चलने लगा है। आजकल कनाडा में भारत-विरोधी शक्तियों का जमावड़ा हो रहा है। खालिस्तान के समर्थक भारत में बहुत कम हैं लेकिन कनाडा उनको पनाह दे रहा है, उन्हें पाल रहा है व उन्हें अपनी नागरिकता भी दे रहा है हमने अक्सर कनाडा को अपने सहयोगी देश के रूप में ही देखा था, परंतु अब उसके प्रति भारतीय जनता का दृष्टिकोण बदल रहा है। कनाडा ने भारत पर एक बेतुका आरोप लगाया है कि कनाडा के नागरिक एक खालिस्तानी समर्थक की हत्या करवाने में भारत सरकार ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसी आरोप के चलते कनाडा ने हमारे राजनयिक को अपने देश से निकाल दिया है। भारत सरकार का यही कहना है कि इस अलगाववादी की मौत में भारत सरकार का कोई हाथ नहीं है। भारत ने भी कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर अपना विरोध दर्ज कराया तथा कनाडा के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया है। खुशी की बात है कि वर्तमान मोदी सरकार भारत-विरोधी शक्तियों से कठोरता से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है, फिर चाहे वे देश के भीतर हों या दुनिया के किसी भी देश में छिपी हों। भारतीय जनता इससे खुश है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### दुनिया में तनाव

**रूस-यूक्रेन युद्ध** और चीन की कुटिल नीतियों के चलते विश्व में वैसे ही भारी तनाव व्याप्त है, आर्थिक मंदी की आशंकाएं व्यक्त की जाने लगी है तथा खाद्यान्न की कमी होने लगी है। ऐसे में कनाडा की त्रूदो सरकार ने भारत सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर नए तनाव को जन्म दिया है। खालिस्तानी गतिविधियों का केंद्र रहा कनाडा राजनीतिक लाभ उठाने के लिए खालिस्तानी संगठनों को अपने यहां न सिर्फ बढ़ावा दे रहा है बल्कि उनके कुकृत्यों को अभिव्यक्ति की आजादी का नाम दे रहा है। ऐसी स्थिति में भारत को भी कनाडा से राजनीतिक, सामरिक व व्यावसायिक संबंधों पर पुनर्विचार करना होगा। दो माह पहले कनाडा में इंदिरा जी की हत्या की झांकी निकालकर खालिस्तानियों ने अपने निरंकुश होने का संकेत दे दिया था। भारत को देश के भीतर विशेष तौर से पंजाब में खालिस्तान-समर्थक तत्वों की गतिविधियों और कनाडा से उनके संबंधों पर नजर रखनी होगी। पंजाब व हरियाणा के तथाकथित किसान आंदोलनों में भी खालिस्तान-समर्थक तत्वों पर नजर रखनी होगी। भारत को दुनिया में तनाव के कारणों को दूर करने के प्रयास वैश्विक स्तर पर करने होंगे।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिला सशक्तीकरण

**महिलाओं** को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का नारी शक्ति वंदन विधेयक लोकसभा में पारित करवा कर मोदी सरकार ने अभूतपूर्व कदम उठाया है। कांग्रेस शासन में भी उक्त बिल पारित करवाने का प्रयास किया गया था पर बात आगे नहीं बढ़ सकी थी। सबसे अच्छी बात यह रही कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों का भी इस विधेयक को समर्थन मिला है। इस विधेयक के समर्थन में 454 और विरोध में सिर्फ दो वोट पड़े। अभी तक किसी भी पार्टी ने सत्ता और संगठन में महिलाओं को उनकी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं दिया है। यह विधेयक न्याय के सिद्धांत को बल प्रदान करता है। यह विधेयक पारित करवा कर सरकार ने अपना सामाजिक सरोकार भी पूर्ण किया है। स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद देश की आधी आबादी को संसद व विधानसभाओं में समुचित प्रतिनिधित्व का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जनगणना एवं परिसीमन का कार्य शेष होने के कारण तत्काल महिला आरक्षण को लागू नहीं किया जा रहा है, पर भविष्य में इसका लाभ निश्चित ही महिलाओं के साथ पूरे देश को प्राप्त होगा। यह महिला सशक्तीकरण और तेज होगा।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

### पक्षियों पर संकट

**बर्ड्स ऑफ इंडिया** की एक स्टडी के अनुसार देश में पक्षियों की कई प्रजातियों की संख्या में साल दर साल कमियां नजर आ रही है। इनमें से कुछ तो लुप्त भी हो चुकी है और कुछ लुप्त होने की कगार तक पहुंच गई है। हरियाली, झीलें, झरने, पक्षियों की चहचहाट, रंग-बिरंगे पक्षी धरती को सर्वाधिक सुंदर बनाते हैं। मगर इंसानों की निरंतर बढ़ती हुई आबादी और भौतिक प्रगति के चलते बड़ी संख्या में पेड़ पौधे नष्ट हो गए हैं। दुनिया का तापमान बढ़ रहा है। वातावरण असंतुलित हो रहा है तथा कई लोग पक्षियों को अपना भोजन बना लेते हैं। ऐसी स्थिति में विश्व भर में पक्षियों की प्रजातियां धीरे.धीरे लुप्त हो रही है। इसे रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के साथ-साथ राष्ट्रीय और सामाजिक प्रयास भी जरूरी है। कोरोना काल में लॉकडाउन के समय कई तरह के नए पक्षी देखने में आए। पक्षियों के लिए उचित वातावरण बनाए रखना उनके अस्तित्व के लिए जरूरी है। पिंजरे में पक्षियों को पालना पक्षी-प्रेम नहीं बल्कि उसकी आजादी नष्ट करना है। पक्षियों का खुले आकाश में उड़ना ही उनकी स्वतंत्रता है।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# साझा पात्रता परीक्षा पास अभ्यर्थियों की परिवार आय और आर्थिक स्थिति की होगी जांच

## अभ्यर्थियों की पूरी डिटेल भेजकर प्रमाणीकरण करने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** में ग्रुप-सी के लिए साझा पात्रता परीक्षा पास 2.04 लाख अभ्यर्थियों का प्रमाणीकरण किया जाएगा। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने इसके लिए हरियाणा परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि इन अभ्यर्थियों की पारिवारिक आय और घर में सरकारी नौकरी की पड़ताल की जाए।

हालांकि आयोग पहले ही काफी उम्मीदवारों का प्रमाणीकरण कर चुका है, लेकिन पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की एकल पीठ के एक फैसले का हवाला देते हुए आयोग ने प्राधिकरण को अभ्यर्थियों की पूरी जानकारी भेजकर प्रमाणीकरण करने के लिए कहा है।

साझा पात्रता परीक्षा में लिखित परीक्षा के अंक और सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंक जुड़े हुए हैं और सिंगल बैंच ने फैसला दे रखा है कि पहले सामाजिक-आर्थिक मानदंड का प्रमाणीकरण हो, उसके बाद ही साझा पात्रता परीक्षा का संशोधित अंक जारी हो। संशोधित अंक के अनुसार ही भर्ती प्रकिया शुरू की जाए। हालांकि आयोग ने एकल पीठ के इस फैसले के लिए दो सदस्यीय पीठ में अपील की है, लेकिन आयोग ने भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिए यह फैसला लिया है।

साझा पात्रता परीक्षा पास 3.20 लाख उम्मीदवारों में से 2.11 लाख उम्मीदवारों ने सामाजिक-आर्थिक मानदंडों के अंकों का दावा किया है। इनमें 2.04 ने परिवार में कोई सरकारी नौकरी नहीं होने, विधवा और पिता न होने के लिए 14143 ने दावे किए हैं। डिनोटिफाइड के 35 और अनुभव के लिए 6441 उम्मीदवारों ने अंकों का दावा पेश किया है। इनमें परिवार में सरकारी कर्मचारी न होने, विधवा, पिता के न होने, डिनोटिफाइड और अनुभव के अंक शामिल हैं। इसके तहत अभ्यर्थियों को अधिकतम 5 अंकों का लाभ मिलना है।

आयोग ने यह फैसला अपने प्लान बी के तहत किया है। यदि पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की दो सदस्यों की बेंच ने एकल पीठ के फैसले को जारी रखा तो आयोग का यह फैसला कारगर साबित होगा। अभी संभावना यह भी बनी हुई है कि आयोग अपने स्तर पर प्रमाणीकरण के बाद साझा पात्रता अंक संशोधित कर लें। यदि ऐसा हो जाता है तो भर्ती प्रक्रिया को कोई भी रोक नहीं पाएगा।

## राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा की शादी के लिए दुल्हन की तरह सजा 'द लीला पैलेस'

### कल होगा परिणय बंधन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़





**बॉलीवुड** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और सांसद राघव चड्ढा 24 सितंबर को वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। विवाह की रस्में शुरू हो चुकी हैं। उदयपुर की द लीला पैलेस होटल इस विवाह के लिए खुद भी दुल्हन की तरह सज गई। हरियाणा के अंबाला कैंट में रह रहे परिणीति चोपड़ा के पिता पवन चोपड़ा व माता रीना चोपड़ा भी उदयपुर शादी की रस्म पूरी करने पहुंच गए हैं। अपनी छोटी बहन की शादी में शामिल होने अमेरिका से प्रियंका चोपड़ा भी आ रही हैं। प्रियंका और उनकी बेटी मालती की टिकट बुक हो चुकी है।

शादी समारोह में परिवार और करीबी दोस्तों सहित बहुत कम लोगों को आमंत्रित किया गया है। बताया गया कि शादी में नजदीकी रिश्तेदारों को ही न्योता दिया गया है। शादी में जिन रिश्तेदारों को न्योता नहीं दिया जा सका, उन्हें प्रीति भोज में बुलाया जाएगा।

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा का जन्म 22 अक्टूबर 1988 को अंबाला में हुआ। उनकी शुरुआती पढ़ाई भी कान्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी से हुई थी। 17 साल की उम्र में परिणीति लंदन चली गई। जहां से उन्होंने मैंनचेस्टर बिजनेस स्कूल से बिजनेस, फाइनेंस और इकनॉमिक्स में ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की।

प्रदेश सरकार द्वारा परिणीति चोपड़ा को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर भी बनाया गया था। उनके पिता पवन चोपड़ा और मां रीना चोपड़ा अंबाला कैंट में स्टाफ रोड पर रहते हैं। परिणीति के पिता की राय मार्केट में चोपड़ा ऑटोमोबाइल नाम से स्पेयर पार्ट्स की दुकान है।

## बीएससी की छात्राओं ने परीक्षा परिणाम में मचाई धूम



छात्राओं को सम्मानित करते हुए समिति के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**इंदिरा** गांधी पीजी महिला महाविद्यालय की बीएससी कंप्यूटर साइंस से रितिका और बीएससी मेडिकल से सिमरन ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में दूसरा व सातवां स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा घोषित चौथे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की छात्रा रितिका ने 600 अंकों में से 546 अंक प्राप्त कर 91 प्रतिशत के साथ विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान तथा छात्रा सिमरन ने 630 अंकों में से 569 अंकों के साथ 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके सातवां स्थान हासिल कर कॉलेज को गौरवान्वित्त किया। कॉलेज की महिला महाविद्यालय समिति के प्रधान जगदीश बहादुर खुरानिया ने कॉलेज के प्राध्यापक वर्ग को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्राओं का प्रदर्शन उच्च कोटि का है। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने छात्राओं को पुरस्कार और आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमें गर्व है कि कॉलेज की छात्राएं अपनी लगन व परिश्रम से निरंतर सफलता के कृतिमान स्थापित करती आ रही है। प्रबंधक समिति के महासचिव नरेंद्र मिगलानी व सदस्य पुनीत गुप्ता ने भी छात्राओं के उत्कर्ष परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर सांयकालीन सत्र की प्रिंसिपल इंचार्ज सुरभि शर्मा और स्टाफ सदस्यों में से सृष्टि, गीतांजलि, साक्षी, डिंपल, चित्रा, निशा, अनीशा, दीपिका, नेहा, पूजा व कमलेश मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### लोग की प्रवृत्ति को त्यागना भी धर्मः जैन



श्री शान्तिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दसलक्षण महापर्व के दौरान पूजा-अर्चना करते जैन समाज के लोग।

**सोनीपत।** श्री शान्तिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी में दसलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के कार्याध्यक्ष जगदीश जैन परिवार द्वारा श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांतिधारा करने का शुभ अवसर हीरक जैन, स्वर्ण जैन, शिवम जैन और जगदीश जैन परिवार को प्राप्त हुआ जैन मिलन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जयकुमार जैन ने कहा कि लोभ की प्रवृत्ति को त्यागना ही धर्म है। जब व्यक्ति के मन में लोभ नहीं होगा और संतोष होगा अपनी चीजों के प्रति तो वह व्यक्ति संसार का सबसे सुखी व्यक्ति होता है। जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महन्त जैन टोनी ने कहा कि इस संसार में दुख का कारण लोभ है, जो चीज हमारे पास है हम उसमें संतुष्ट न होकर दूसरों की अपेक्षा रखते हैं। वही सबसे बड़ा मन को विचलित करने वाला अवसर होता है। इस अवसर पर जैन मिलन सोनीपत के अध्यक्ष जगदीश जैन ने कहा की यदि व्यक्ति सुखी होने का अवसर ढूंढता है, तो वह एकमात्र अपने संसाधनों में संतुष्ट हो तो सुखी हो सकता है। अन्यथा कितना भी धन वैभव इकट्ठा हो जाए बिना संतुष्टि के अधूरा है अर्थात दुख का कारण है। इस अवसर पर पवन जैन, मुकेश जैन, अनु जैन, संतोष जैन, अनीता जैन इत्यादि उपस्थित रहे।

### मां की हत्या करने के मामले में कलयुगी बेटा गिरफ्तार



थाना सदर पुलिस गिरफ्त में मां का हत्यारा।

**कैथल।** गांव जगदीशपुरा में अपनी मां की गला दबाकर हत्या करने के मामले की जांच थाना सदर एसएचओ एसआई रमेश चंद्र द्वारा करते हुए आरोपी जगदीशपुरा निवासी गुरदेव को गिरफ्तार कर लिया गया हे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मृतका की बेटी गुरमीत कौर की शिकायत के अनुसार उसकी मां कुलदीप कौर करीब दस साल से जगदीशपुरा में रह रही थी। उसका भाई गुरदेव भी उसकी मां के पास ही रहता था। गुरदेव शराब पीने का आदी था। बुधवार देर शाम गुरदेव ने उसकी मां से शराब के लिए पैसे मांगे थे लेकिन उसकी मां ने मना कर दिया था। पैसे नहीं मिले तो गुरदेव घर से इन्वर्टर उठाकर बेचने के लिए ले जाने लगा। उसकी मां ने उसे ऐसा करने से रोक दिया तो गुरदेव ने गला दबाकर उसकी मां की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद भी आरोपित इन्वर्टर लेकर मौके से फरार हो गया। इस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। आरोपी शुक्रवार को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## एसपी ने किया थाना शहर का निरीक्षण

**कैथल।** शुक्रवार की सुबह एसपी उपासना ने थाना शहर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसपी ने थाना में तैनात सभी पुलिस कर्मचारियों-अधिकारियों की मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा पुलिस थाना में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए तथा उसका समय से निस्तारण किया जाए। इसके अलावा पुलिस थाने में आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी परेशानी ना हो, इसका ध्यान रखा जाए।

साथ ही उन्होंने पुलिस थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने के निर्देश भी दिए। एसपी ने मीटिंग के दौरान मौजूद पुलिस कर्मचारियों-अधिकारियों की विभाग संबंधी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया गया।

## पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हमारा जीवन भी स्वस्थ रहेगा : दुरेजा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**कल्पना** चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उमा भारत सरकार के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत ब्लड सेंटर विभाग द्वारा एक पौधारोपण कार्यकर्म का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ जगदीश चंद्र दुरेजा डॉक्टर विजयपाल चिकित्सा अधीक्षक, डॉक्टर ज्योति सेठी डीन एकेडमिक, डॉक्टर सचिन गर्ग इंचार्ज ब्लड सेंटर, डॉक्टर मनमीत हॉर्टिकल्चर इंचार्ज, डॉक्टर कुणाल खन्ना डीएम एस , कैलाश चंद्र चीफ अकाउंट ऑफिसर ने पौधारोपण किया इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉक्टर जगदीश चंद्र दुरेजा ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के उपरांत उनके संरक्षण पर भी ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि पर्यावरण स्वच्छ रहेगी तो हमारा जीवन भी स्वस्थ रहेगा ।

पेड़ पौधे हमारे जीवन में खुशहाली लाते हैं और हमारी धरा हरी भरी और सुंदर हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए पेड़ पौधों का लाभ आज हम सभी को मिल रहा है। डॉक्टर दुरेजा ने सभी कर्मचारियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने का निश्चय करने का आह्वान किया । इस अवसर पर मनोज कुमार स्वास्थ्य निरीक्षक, मदनलाल लैब टेक्नीशियन,, विनोद कुमार लैब टेक्नीशियन, अशोक कुमार लिपिक, हंसराज छायाकार, और अन्य कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## मोबिल-1 पावरिंग द्वारा पहली बार मोटो जीपी भारत का जश्न मना रहा है

पानियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**22 से** 24 सितंबर, 2023 तक भारत के 2023 ग्रैंड प्रिक्स के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में डेब्यू करते हुए मोटो जीपी भारत के उद्घाटन में मोबिल भारत में रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम को टर्बो-पावर कर रहा है। एक्सॉनमोबिल और रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम के बीच वैश्विक साझेदारी का जश्न मनाते हुए, दो सवारों - ऑस्ट्रेलियाई जैक मिलर और दक्षिण अफ्रीकी ब्रैड बाइंडर द्वारा एड्रेनालाईन-पंपिंग प्रदर्शन, जिनके लिए जीतना एक स्वभाव है, जिन्होंने वैश्विक सर्किट स्तर पर अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया है, इनकी के टी एम आर सी 16 बाइक्स के पूर्ण-दमदार प्रदर्शन का गवाह बनेगा। दोनों राइडर्स अपनी ग्रांड प्रिक्स बाइक्स को मोबिल द्वारा सुनिश्चित प्रदर्शन और आत्मविश्वास से संचालित करेंगे। उन्होंने हाल ही में जेपी ग्रीन्स में आयोजित मोबिल कार्यक्रम में प्रशंसकों के साथ अपना उत्साह साझा किया, जहां जैक मिलर ने मोबिल सुपर मोटो10 डब्ल्यू -30 को लॉन्च किया था।

सिद्ध इंजन सुरक्षा, लंबा इंजन जीवन और बेहतर ईंधन किफायत के साथ, मोबिल सुपर मोटो10 डब्ल्यू -30 बिल्कुल वही है जो देश भर में रोजमर्रा के सवारों को चाहिए। इसके अलावा, उत्पाद पैकेजिंग में अब इसके लेबल पर रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम का लोगो होगा।मोबिल ब्रांड को बाइक, राइडर ओवरऑल, गैराज और टीम किट पर भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

एक्सॉनमोबिल ल्यूब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, विपिन राणा ने कहा, हम रेड बुल परिवार के साथ मोटरस्पोर्ट्स की दुनिया में अपनी उपस्थिति का और विस्तार कर रहे हैं। फॉर्मूला1 में ओरेकल रेड बुल रेसिंग टीम के साथ हमारी वर्तमान सफल साझेदारी के अलावा, हमने रेड बुल केटीएम रेसिंग टीम के साथ बहु-वर्षीय समझौते के माध्यम से मोटोजीपी में भी प्रवेश किया है। हम केटीएम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए अपने अत्याधुनिक मोबिल ल्यूब्रिकेंट्स और ईंधन की आपूर्ति के माध्यम से टीम की सफलता का हिस्सा बनने के लिए तत्पर हैं। रेसिंग मोबिल को मोटरसाइकिल ल्यूब्रिकेंट्स प्रौद्योगिकी में सुधार करने के लिए अंतिम परीक्षण मैदान प्रदान करती है।

## हरियाणा में संपति पंजीकरण के लिए अब नहीं करना होगा इंतजार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक सुविधा में सुधार एवं संपत्ति पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य की सभी तहसीलों और उप-तहसीलों में ऑनलाइन ई-अपॉइंटमेंट सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। इस विस्तार से गुरुग्राम को छोड़कर बाकी सभी जिलों में ई-अपॉइंटमेंट की संख्या 100 से बढ़कर 200 हो जाएगी, साथ ही तत्काल ई-अपॉइंटमेंट की संख्या भी 10 से बढ़कर 50 हो जाएगी। इस संबंध में आज यहां जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गुरूग्राम जिले में ऑनलाइन ई-अपॉइंटमेंट को 100 से बढ़ाकर 300 किया गया है

## हिन्दु धर्म में आस्था के प्रतीक है भगवान श्री गणेश : ओम प्रकाश यादव

**रोहतक** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा है कि भगवान श्री गणेश हिंदू धर्म में आस्था के प्रतीक हैं। ओम प्रकाश यादव आज दुर्गा भावना मंदिर में श्री 78 संघ परिवार व दुर्गा भवन मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 15वें गणेश महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता कहा जाता है। साथ ही ये सुख-समृद्धि और वैभव के प्रतीक हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि भगवान श्री गणेश रिद्धि-सिद्धि के दाता है। उन्होंने कहा कि श्री गणेश का सर्वकालिक महत्व सत्य सनातन धर्म ही नहीं बल्कि सभी मान्यताओं में सर्वोपरि माना गया है। उन्होंने कहा श्री गणेश शुभ के प्रदाता और प्राणी मात्र के शुभंकर हैं।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060118674612 **दलबीर सिंह ( ऋणी )**, प्रियंका ( सह-ऋणी ) | 17 मई 2022 ₹ 589519/- रु. पांच लाख नवासी हजार पांच सौ उन्नीस मात्र 16 मई 2022 | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति क्षेत्र 0के-10एम जिसका 10/960 भूमि क्षेत्रफल 48के-0एम का हिस्सा, किट्टा 6, कम्प्रेसिंग खेवत नं. 253/213, खतौनी नं. 312, खसरा नं. 120/16 से 18 ( 24-0 ) 23 से 25 ( 24-0 ) जमाबन्दी के अनुसार वर्ष 2013-14 के लिए, स्थित गांव तुईयां, सब तहसील भट्टू कालन, जिला - फतेहाबाद हरियाणा, पूर्व : जगत पाल का प्लॉट, पश्चिम : कॉमन गली, उत्तर : कॉमन गली, दक्षिण : कॉमन गली | 19 सितम्बर 2023 |
| ऋण खाता सं.: L9001060726119121 **अजय कुमार एण्ड ब्रदर्स ( ऋणी )**, श्रीमती कमलेश देवी ( सह-ऋणी ), जितेन्द्र उमेद सिंह ( सह-ऋणी ), अजय कुमार ( सह-ऋणी ) | 13 जून 2023 ₹ 4883007/- रु. अड़तालीस लाख तिरासी हजार सात मात्र 12 जून 2023 | ( 1 ) सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खेवत नं. 101/91 का हिस्सा, खाता नं. 166, केएच नं. 59/6/2( 4-4 ), 15( 8-0 ), मौजा खरमन, तह. बहादुरगढ़, जिला - झज्जर, हरियाणा **क्षेत्रफल 400 वर्गगज**, पूर्वः रोड, पश्चिम : बादी, उत्तर : सुरेन्द्र का प्लॉट, दक्षिण : सुरेन्द्र का क्षेत्र ( 2 ) सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खोवत नं. 150//117, खातौनी नं. 200, केएच नं. 59//6/2( 4-4 ) बरानी, 15( 8-0 ), बरानी, मौजा खरमन, तह. बहादुरगढ़, जिला - झज्जर, हरियाणा **क्षेत्रफल 4 कनाल 15 मार्ला** | 20 सितम्बर 2023 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थानः हरियाणा** **दिनांकः22-सितम्बर-2023** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की'' धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) L9001060116695585 **मुस्ताक अली (ऋणी)**, श्रीमती मुर्तजा (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 780508/- रु. सात लाख अस्सी हजार पांच सौ आठ मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत ग्राम मंडोली, हदबासैट नं. 137 22/5/1, 5311/44020 व्यवसायिक यमुना नगर जगाधरी, हरियाणा **क्षेत्रफल 109 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060818967116 **मुस्ताक अली (ऋणी)**, श्रीमती मुर्तजा (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 341153/- रु. तीन लाख इकतालीस हजार एक सौ तिरपन मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत ग्राम मंडोली हदबस्त नं. 138 22 5 1 मंडावली यमुना नगर जगाधरी, हरियाणा **क्षेत्रफल 109 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120307551 **सैनी कॉटन स्टोर (ऋणी)**, जय प्रकाश (सह-ऋणी), श्रीमती शशि देवी (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 896989/- रु. आठ लाख छियानवे हजार नौ सौ नवासी मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित फ्रीहोल्ड - नगरपालिका सीमा अर्ध शहरी व ग्रामीण वार्ड नं. 17, दिल्ली दरवाजा ढोलियां की सिल, महेंद्रगढ़, नारनौल, हरियाणा **क्षेत्रफल 24.41 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120502985 **मॉडल एजुकेशनल सोसायटी फरकपुर (ऋणी)**, शिवम वर्मा (सह-ऋणी), विजय कुमार वर्मा (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 1988338/- रु. उन्नीस लाख अट्ठासी हजार तीन सौ अड़तीस मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित व्यासायिक कॉम्पलेक्स नगर निगम वाका नंदा कॉलोनी फरकपुर तह. जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा **क्षेत्रफल 320 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060721639130 **राजेंद्र पार्षद व संस जरिए प्रापराइटर हरि ओम (ऋणी)**, हरिओम (सह-ऋणी), राजेन्द्र प्रसाद (सह-ऋणी), संदीप कुमार (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 2351892/- रु. तेईस लाख इक्यावन हजार आठ सौ बानवै मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित वार्ड नं. 05, आदर्श नगर (बास), ते. - नारनौल, जिला- महेंद्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 139.9 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060121916737 **रूधेर स्वीट्स (ऋणी)**, श्रीमती कुसुम (सह-ऋणी), सुंदर सिंह (सह-ऋणी), प्रीतम सिंह (सह-ऋणी), श्रीमती मंजू रानी (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 1629890/- रु. सोलह लाख उनतीस हजार आठ सौ नब्बे मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित खेवट नं. 543, खतौनी नं. 608, खसरा नं. 103//1/1(1-0), ग्राम पथेरा, तहसील कनीना, जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 605 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060122439107 **अजीत डेयरी फार्म (ऋणी)**, अजीत सिंह (सह-ऋणी), जगदीश प्रसाद (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 489409/- रु. चार लाख नवासी हजार चार सौ नौ मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित फ्रीहोल्ड - नगरपालिका सीमा अर्ध शहरी व ग्रामीण केएचएस 25 10 1 केएचडब्ल्यू 98 केएचटी 246 नूनी अव्वल राम नगर कॉलोनी महेंद्रगढ़ नारनौल, हरियाणा **क्षेत्रफल 21.75 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060827831226 **अजीत डेयरी फार्म (ऋणी)**, अजीत सिंह (सह-ऋणी), जगदीश प्रसाद (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 497070/- रु. चार लाख सतानवे हजार सत्तर मात्र दिनांक 11 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित मुस्तेल नं. 25 किला नं. 10 1 0 1 मौजा नुन्नी अवल नारनौल महेंद्रगढ़ हरियाणा **क्षेत्रफल 21.75 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060124909877 **दिल्ली ड्राई क्लीनर्स (ऋणी)**, श्रीमती ममता रानी (सह-ऋणी), सुशील कुमार (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 522393/- रु. पाँच लाख बाईस हजार तीन सौ तिरानवे मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित एच नं.-226 का पश्चिमी भाग, मौजा गोविंदपुरी, मोसुम्मा प्रोफेसर कॉलोनी, एक्सटेंशन, जगाधरी, जिला-यमुना नगर, हरियाणा **क्षेत्रफल 23 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060125586584 **राजेंद्र डेयरी फार्म (ऋणी)**, श्रीमती रोशनी राजेंदर (सह-ऋणी), राजेंदर (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 649584/- रु. छः लाख उनचास हजार पांच सौ चौरासी मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित खसरा नं. - 316, ग्राम - कोथल खुर्द, तह. व जिला-महेंद्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060126845364 **जीतेन्द्र सिंह (ऋणी)**, श्रीमती रामवती (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 500391/- रु. पाँच लाख तीन सौ इक्यानवे मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित खेवट/खाता नं. 67/81 मु.नं. 020 किला .नं. 24/2 वाका मौजा भुलावाना तहसील - होडल जिला-पलवल हरियाणा **क्षेत्रफल 200 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060130697295 **विक्की किराना स्टोर (ऋणी)**, तरसेम चंद (सह-ऋणी), विक्की (सह-ऋणी) | 11 अगस्त 2023 ₹ 579032/- रु. पाँच लाख उनासी हजार बत्तीस मात्र दिनांक 10 अगस्त 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम - कालांवाली तहसील - कालांवाली जिला-सिरसा हरियाणा **क्षेत्रफल 135 वर्ग गज** |

**स्थान : हरियाणा** **दिनांकः 22-09-2023** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# पहलवानों के दांव पेंच में उलझी धनखड़ और अभिमन्यू की सियासत

## खापों के आक्रामक रूख से नेताओं में खौफ

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक





**कुश्ती** में लगने वाले दांव पेंच अब अखाड़ों में कम और खाप प्रधान व नेताओं पर ज्यादा प्रभावी लग रहे है। यौन शोषण का आरोप लगा दिल्ली जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों के प्रति जन भावनाएं बदल रही है। पिछले लगभग एक साल से बिना ट्रायल खेलने की जो राजनीति बिसात बिछाई गई वो कुश्ती प्रेमियों के साथ नये पहलवानों के भविष्य को लेकर कुठाराघात साबित हो रही है।

पहलवानों के धरने की शुरूआती दौर में लोगों ने ट्रायल में छुट को लेकर संदेह जाहिर तो किया था लेकिन धरना देने वाले पहलवानों ने मीडिया में आकर जिस प्रकार की ब्यानबाजी की थी उससे पहलवानों के प्रति आम लोगों में सहानुभूति बढ़ी थी लेकिन जब से एशियन खेलों में पहलवान बजरंग पूनिया का बिना ट्रायल चयन किया गया तबसे धरने की मंशा व आम लोगों की भावना दोनो ही बदल गई है। दो धड़ों में बटे हरियाणा की खाप व कुश्ती प्रेमियों का मानना है कि यौन शोषण के आरोप लगा धरने पर बैठने वालों की मंशा देश की छवि को अंतराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने व ब्रजभूषण के नए ट्रायल नियमों के विरूद्ध थी ताकि उनको बिना ट्रायल के ही ओलंपिक जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिल सके।

बजरंग पुनिया और पहलवान विशाल कालीरमन के इस ट्रायल विवाद को लेकर खाप प्रधानों की चार बार पंचायतें भी हो चुकी हैं लेकिन इन पंचायतों में कुछ खापों ने अपनी क्षेत्रवादी मानसिकता का परिचय देते हुए खाप पंचायतों में भाग नही लिया। पूर्व में पहलवानों द्वारा दिये गये धरने में जिस प्रकार खाप पंचायतें व किसान संगठनों ने भाग लिया था वहीं इस मामले में जिस प्रकार वो पीछे हट रहे इससे साफ जाहिर होता है कि किसान संगठनों व खाप प्रधानों की मंशा पहलवानों के हित ना होकर मात्र सरकार का विरोध करना था। पिछले एक साल से देश की कुश्ती में चल रही इस ऊठापटक ने जिस प्रकार खाप पंचायतों व किसान संगठनों को कटघरे में खड़ा करने का काम किया वहीं अब यह विवाद भाजपा के दो पूर्व मंत्रियों के लिए गले की फांस बन रहा है। जिससे पहलवानों के इस दाव पेंच में उनकी सियासत उलझ कर रह गई है सियासत के दाव पेंच में माहिर माने जाने वाले ये दोनो नेता इस मामले से सकते में है। बजरंग पुनिया का गांव खुड्डन झज्जर जिले में जो पूर्व मंत्री व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ के बादली हलके में है वहीं विशाल कालीरामन का गांव सिसाय कैप्टन अभिमन्यू के हलके नारनौंद में है। भाजपा के इन दोनों नेताओं ने दो फाड़ हुई खाप पंचायतों के आक्रामक रूख को देखकर चुप्पी साध ली है। पहलवानों से जुड़े इस विवाद में भारतीय कुश्ती संघ के निवृतमान अध्यक्ष ब्रजभूषण जो कि भाजपा सांसद भी है एक अहम भूमिका में रहे है। विकट स्थिती में फसे इन दोनों नेताओं की स्थिती सांप छछूंदर की बनी हुई है। विशाल कालीरमन के मामले में हलके वासियों को कैप्टन अभिमन्यू से कहीं ना कहीं ये उम्मीद तो अवश्य है कि वो इस मामले में केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करवा कर मामले का निपटवाये।

ठीक विपरीत पहले ही अपने समाज का विरोध झेल चुके पूर्व कृषि मंत्री मंत्री औमप्रकाश धनखड़ भी इस मामले में मौन रहने में अपना हित मान चुके बजरंग पुनिया के पक्ष या विपक्ष में बोलना नही चाह रहे है।पूर्व में हरियाणा में भाजपा सरकार में मंत्री रहे ये दोनो नेता इस मामले में अंदर खाते जोड़ घटा में लगे हुए है।

### आना-कानी करने वाले अधिकारी के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई: डीसी

**यमुनानगर।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सीएम अनाउंसमैंट के तहत सभी विकास कार्यों का तेजी से एस्टिमेट बनाए ताकि विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकें। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी काम करने में देरी करता है उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उपायुक्त ने जिला सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में सीएम अनाउंसमेंट से जुड़े विकास कार्यो की समीक्षा के लिए अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री ने जिले के लिए जो भी घोषणाएं की है उन पर शीघ्र काम शुरू किया जाए। पहले विकास कार्य का एस्टिमेट बनाए उसके बाद ही मुख्यालय को आगामी कार्य के लिए भेजे। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग, उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, खेल विभाग, हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड व अन्य विभाग से सम्बंधित विभागों के द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यो की भी समीक्षा की और अधिकारियों को कहा कि सभी विभाग के अधिकारी अपने से सम्बंधित सभी विकास कार्यो को पूरा करें कोई भी कार्य पेडिंग न रहे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वह अपनी जिम्मेवारी समझे। हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड व अन्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उनके कार्यालयों द्वारा जो कार्य करवाने है उन विकास कार्यो की कार्य प्रणाली को जल्द पूरा करें।

# कैथल डिपो कर्मचारियों ने फूंका परिवहन विभाग के प्रधान सचिव का पुतला

## मांगों को लेकर निर्णायक आंदोलन करेंगे रोडवेज कर्मी: कुंडू

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**हरियाणा** रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर डिपो की सभी यूनियनों के प्रधान अमित कुमार कुंडू, महाबीर सिन्धु व अनिल शर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में कैथल डिपो कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया जिसका संचालन कृष्ण गुल्याना व दिलबाग खरक ने किया। सांझा मोर्चा के प्रांतीय वरिष्ठ नेता जसबीर सिंह, कृष्ण किछाना, मुख्य संगठन सचिव बलवान कुंडू, सुरेश मराठा ने पुरानी पेंशन बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, खाली पदों पर पक्की भर्ती, निजीकरण पर रोक लगाने व मानी गई मांगों को लागू करवाने के लिए सांझा मोर्चा के आह्वान पर प्रदर्शन कर प्रधान सचिव का पुतला फूंका। सांझा मोर्चा नेताओं ने कहा कि रोडवेज कर्मचारी सांझा आंदोलन के तहत सरकार की निजीकरण नीतियों को बदलवाने का काम करेंगे। आम जनता व कर्मचारियों की निजीकरण की मांग नहीं है फिर भी सरकार जनता के गाढ़े खून पसीने से खड़े किए गए हरियाणा रोडवेज विभाग का निजीकरण कर पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। उन्होंने बताया कि निजीकरण के इरादे से सरकार अंतरराज्यीय रूटों पर 20 प्रतिशत, अंतरजिला रूटों पर 50 प्रतिशत व लोकल रूटों पर 80 प्रतिशत प्राइवेट बसों को चलाने की योजना बनाकर विभाग को धन्ना सेठों के हवाले कर रही है। अपनी लम्बित मांगों को लेकर हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों को बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। आज की मीटिंग में दिलबाग सिंह, प्रवीण कुमार क्योड़क, रामफल शिमला, अमित कुमार शर्मा, सुशील कुमार, जगतार सिंह पीडल, गुरदयाल, रमेश कुमार, कृष्ण गुल्याना, अनिल कुमार, कपिल कुमार शर्मा, संदीप सारण, जसबीर वजीर खेड़ा, रमेश शर्मा, जसबीर गुज्जर क्योड़क, सुनील कुमार, संदीप कुमार, सुशील कुमार आदि नेता शामिल हुए।



प्रधान सचिव का पुतला फूंकते हुए रोडवेज कर्मी।

### ये हैं रोडवेज कर्मचारियों की मांगें

**राज्य** के नेता जसबीर सिंह, कृष्ण कुमार किच्छाना व सुरेश बनवाला ने कहा कि निजीकरण पर रोक लगाने, बढ़ती आबादी के अनुसार विभाग में 10 हजार सरकारी बसें शामिल करने, वेतन में संशोधन कर लिपिक व परिचालक को पे-मैट्रिक्स लेवल 6 में 35400 वेतन देने, सभी श्रेणियों की वेतन विसंगति दूर करने, 1992 से 2003 के मध्य लगे सभी कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने, जोखिम भत्ता देने, सभी कर्मचारियों को एक माह के वेतन के समान बोनस देने, कर्मचारियों के फ्राड़ व अन्य मामलों में निष्पक्ष जांच होने के बाद दोषी पाए जाने पर ही कानूनी कार्रवाई करने, कर्मशाला कर्मचारियों को तकनीकी स्केल देने व कम किए गए राजपत्रित अवकाश पहले की तरह लागू करने, लिपिकों सहित सभी खाली पड़े पदों पर प्रमोशन करने, पंजाब, हिमाचल व डी टी सी की तर्ज पर चालकों की प्रमोशन उप निरीक्षक के पद पर करने, हटाए गए कर्मचारियों की नौकरी बहाली, एचआरईसी गुरुग्राम में वेतन भुगतान का स्थाई समाधान करने, कोरोना महामारी के दौरान बसें खड़ी रहने व डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए विभाग को 2000 करोड़ का पैकेज देना आदि उनकी मुख्य मांगें हैं।

# वद्यार्थियों में रचनात्मकता और बहुमुखी प्रतिभा को विकसित करें शिक्षक : ढिल्लो

## अंतर्गत निरीक्षण के दौरान दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मौलिक** शिक्षा हरियाणा के निदेशक आरपी सिंह ढिल्लो ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग के शिक्षा-दीक्षा शैक्षणिक पर्यवेक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दातौली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गुणवत्तापरक शिक्षा पर बल देते हुए शिक्षकों को प्रोत्साहित किया कि वे विद्यार्थियों को चहुंमुखी प्रतिभा के धनी बनायें। निदेशक आरपी सिंह ढिल्लो सुबह स्कूल शुरु होने से पहले ही राजकीय वमा. विद्यालय दातौली में पहुंचे। उन्होंने शुरुआत से लेकर स्कूल की छुट्टी होने तक स्कूल में ही रहकर विस्तार से प्रत्येक गतिविधि की समीक्षा की। प्रार्थना सभा के उपरांत उन्होंने कक्षाओं का दौरा किया। स्कूल की लाईब्रेरी, ऑटोमोबाइल लैब, बाल वाटिका, साइंस लैब और टूरिज्म लैब इत्यादि की गंभीरता से समीक्षा की। विभिन्न कक्षाओं में बैठकर उन्होंने शिक्षकों की पढ़ाने की विधि की परख की। मौलिक शिक्षा निदेशक ने स्कूल के विद्यार्थियों से सीधी बातचीत करते हुए हर प्रकार की सुविधाओं और शिक्षा को लेकर जानकारी ली।



छात्रा से पढ़ाई के बारे बातचीत करते मौलिक शिक्षा हरियाणा के निदेशक आरपी सिंह ढिल्लो।

# धान खरीद शुरू होने से पहले मंडियों में ठीक हों सारी व्यवस्था : डीसी



**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**धान** खरीद का सीजन शुरू होने से पहले डीसी अनीश यादव ने शुक्रवार को अलग-अलग विभाग के अधिकारियों की लघु सचिवालय स्थित सभागार में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने धान खरीद से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए । जिला की सभी अनाज मंडियों में व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। खरीद के दौरान किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी न आने दी जाए। सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे स्वयं मंडियों का दौरा करें और मार्केट कमेटी सचिवों व आढ़तियों के साथ बैठक करें। उन्होंने कहा कि मंडियों में लगे सीसीटीवी की पहले से जांच कर लें, जहां-जहां कैमरे खराब पड़े हैं, उन्हें तत्काल ठीक करवाया जाए।

### हरियाणा में बाजरे की खरीद आज से शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए 23 सितंबर से बाजरे की खरीद आरंभ करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार हैफेड द्वारा आज से रेवाड़ी, कनीना, भिवानी, कोसली और चरखी दादरी मंडियों में बाजरे की व्यवसायिक खरीद की जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एफ.ए.क्यू गुणवत्ता वाले बाजरे की खरीद प्रचलित बाजार दर पर राज्य के उन किसानों से की जाएगी, जो मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत और सत्यापित हैं। प्रवक्ता ने बताया कि प्रचलित मंडी दर और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी) के अंतर का भुगतान राज्य सरकार की भावांतर भरपाई योजना के तहत किसानों को दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### यामाहा मोटर्स ने आईटीआई के 57 विद्यार्थियों का किया चयन



साक्षात्कार लेते हुए कंपनी के अधिकारी।

**कैथल।** यहां राजकीय आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट में मल्टीनेशनल कंपनी इंडिया यामाहा मोटर्स प्राईवेट लिमिटेड नोएडा कंपनी द्वारा विद्यार्थियों का अप्रैंटिस पर रखने के लिए चयन किया गया। प्लेसमेंट में फीटर, वैल्डर, टर्नर, पेंटर जनरल, इलेक्टोनिक मैकेनिक सहित विभिन्न व्यवसाय के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट में कंपनी के मनोज कसाना, अश्वनी चैहान, जगदेश सचदेवा तथा रूपक दूबे ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। अंतिम चयन प्रक्रिया में 57 विद्यार्थियों का चयन किया गया। विद्यार्थियों को प्रारंभिक तौर पर 10741 व अन्य भत्ते प्रतिमाह की दर से दिए जाएंगे। प्लेसमेंट में जेएपीओ अनिल ढुल, अनिल कुमार, श्रीराम, दीपक मदान, अमन कोहली, सत्यवान पेंटर जनरल, अमरजीत आदि उपस्थित थे। प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्लेसमेंट का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेहनती व कुशल कारीगरों की कंपनियों में हमेशा जरूरत रहती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने कौशल को निखारें।

### गर्भवती महिलाओं को दी पौष्टिक आहार की जानकारी



गोद भराई की रस्म पूरी करते हुए

**कैथल।** महिला एवं बाल विकास विभाग ब्लॉक कैथल शहरी ने अंबेडकर नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सीबीई दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कमलेश गर्ग ने की। कमलेश गर्ग ने गर्भवती महिलाओं को पोषण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपने आहार में मोटे अनाज रागी, बाजरा, जौं, मक्की आदि को जरूर शामिल करेंद्ध इसके अतिरिक्त हरी सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करें। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ माता ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है, इसलिए अपने खान-पान पर विशेष ध्यान रखें और अपनी सेहत का भी ध्यान रखें। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी करवाई गई। मौके पर सुपरवाइजर मंजू बंसल, आंगनवाड़ी वर्कर्स शकुंतला, मीनाक्षी, सीमा, सुनीता, सुषमा, रीना, सविता आदि भी उपस्थित रहीं।

# महिला आरक्षण बिल महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम : कंवरपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



**हरियाणा** के कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से आए महिला आरक्षण बिल के पास होने पर इसका स्वागत किया है और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा कदम बताया हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इसको लेकर काफी लंबे समय से मांग थी और वे केंद्र सरकार द्वारा इस ओर संसद में बड़ा कदम उठाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशक से इस विषय पर लंबी चर्चा चल रही थी। सब लोगों ने बिल को लेकर सिर्फ भाषण दिया लेकिन बिल पास नहीं किया। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये करके दिखाया। ये बिल देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कैबिनेट मंत्री जगाधरी में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने भी महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया था। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू होने से संसद, विधानसभाओं में महिलाओं को अपनी बात रखने की ज्यादा जगह मिलेगी और देश-प्रदेश के बदलावों में उनकी हिस्सेदारी होगी।

### राजकीय महाविद्यालय कालका में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई आयोजित

**चंडीगढ़।** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या कामना के मार्गदर्शन में विज्ञान संकाय द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता विज्ञान संकाय के डीन डॉ रामचंद्र एवं संयोजक डॉ नीरू ने सफलतापूर्वक आयोजित करवाई। डॉक्टर सरिता रानी एवं प्रोफेसर आशीष कुमार द्वारा प्रतियोगिता का संचालन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में से आठ विद्यार्थियों का चयन राजकीय महाविद्यालय पंचकूला सेक्टर 1 में आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में से राजकीय महाविद्यालय कालका की दो छात्राएं ध्वनि और उपासना सिंह का चयन राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक से बढ़ेगा नारी का आत्म-सम्मान: कमलेश ढांडा

### कैंप कार्यालय में राज्य मंत्री ने सुनीं समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



जन समस्याएं सुनते हुए कमलेश ढांडा।

**महिला** एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत इच्छा शक्ति की बदौलत आज देश में महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पारित हुआ है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक से नारी का आत्म-सम्मान बढेगा और इस कदम से देश में महिलाएं के हर क्षेत्र में आगे बढने के अनुकूल वातावरण तैयार होगा। शुक्रवार को कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याओं का निदान कर रही राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने महिला आरक्षण बिल के लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी सर्वसम्मति से पारित होने पर खुशी जताई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के उनके संकृप आज सिद्धि की ओर बढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज, शहरी निकाय संस्थाओं में महिला को उचित प्रतिनिधित्व देने के बाद अब लोकसभा से लेकर विधानसभा स्तर पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से न केवल उनकी प्रतिभागिता बढ़ेगी, अपितु उनके आत्म-विश्वास में भी वृद्धि होगी।

# जखमी होने से बचना सक्रियता वाला नजरिया है : डॉ. ईशा सहदेव

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**कई** एथलीट और खेल पेशेवरों को मामूली चोट के कारण भी अपने एथलेटिक करियर को समय से पहले खत्म करना पड़ता है। इससे करियर में बदलाव या खेल से छुट्टी और दूसरे शब्दों में सेवानिवृत्ति की भी संभावना रहती है। इनमें फ्रैक्चर, लिगामेंट टूटना, जोड़ों की गड़बड़ी और गंभीर रूप से गिरना शामिल है। दर्द, चलना-फिरना सीमित हो जाना या कमजोरी भी किसी एथलीट के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के मार्ग में बाधा बन सकती है। प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के दौरान जब उसे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है तब एथलीट की प्रदर्शन अवधि या शक्ति पर असर पड़ सकता है। बायोमैकेनिक्स में भी बदलाव हो जा सकता है। इससे उसका फॉर्म और उसकी कार्यकुशलता प्रभावित हो सकती है। एथलीट को दोबारा चोट लगने का डर हो सकता है या वे अपने प्रदर्शन को लेकर चिंतित हो सकते हैं। इससे उनका आत्मविश्वास डिग सकता है या उसमें कमी आ सकती है। जिससे चिंता, अवसाद या मुश्किल स्थिति का तनाव उत्पन्न हो सकता है।

ईजालिग्न क्लिनिक की वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट, ऑस्टियोपैथ और कायरोप्रैक्टर, डॉ. ईशा सहदेव कहती हैं, चोट की रोकथाम शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण पहलू है, आप एथलीट हों या सक्रिय जीवन शैली का आनंद लेने वाले व्यक्ति हों, फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा नियमित मूल्यांकन और रीढ़ की हड्डी की नियमित जांच और अलाइनमेंट (संरेखण) लंबे समय तक मदद करता है। वे मरीजों को उनकी स्थिति, जोखिम की आशंकाओं और उनके कारणों तथा चोट की रोकथाम के लिए तकनीक के बारे में शिक्षित करते हैं।

अध्ययन से पता चलता है कि चोट पर नियमित काइरोप्रैक्टिक संरेखण का सीधा निवारक प्रभाव होता है।

काइरोप्रैक्टिक संरेखण संयुक्त गतिशीलता, लचीलेपन और समग्र स्वास्थ्य भलाई को बढ़ावा देने के लिए रीढ़ और अन्य मस्कुलोस्केलेटल संरचनाओं को समायोजित करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे शारीरिक गतिविधियों के दौरान तनाव या मोच के जोखिम की संभावना को कम किया जा सकता है।

# श्रीराम लाइफ ने कैथल में अपने एपेक्स चैनल के कार्यालय का किया शुभारंभ

### गोल्डन जुबली यूनिट लिंक्ड प्लान भी लॉन्च किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

सभी वर्गों की सुरक्षा और जीवन बीमाओं की पूरी जानकारी देने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल के पूरे देश में कार्यलय खोले जा रहे है। इसी कड़ी में श्रीराम लाइफ ने अपना अपैक्स चैनल का कार्यलय का शुभारम्भ हरियाणा के कैथल में किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीराम लाइफ के बिजनेस हेड टॉप सिटीज उत्कर्ष चौधरी, ज़ोनल हेड मनीष छाबड़ा, ब्रांच हेड ईश्वर सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

इस दौरान उत्कर्ष चौधरी और मनीष छाबड़ा ने बताया कि श्रीराम ग्रुप इस साल अपनी स्थापना की गोल्डन जुबली मना रहा है व व वित्तीय क्षेत्र में 50 वर्षों से बनी विश्वसनीयता को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल इस साल 50 नए कार्यालय खोलने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ये चैनल के जरिए सभी उम्र के वर्गों के लिए बिमा सुरक्षा में फायदे से जुडे नए प्लान्स लॉन्च किए है। साथ ही हमने डिफेन्स के लिए भी कई प्लान्स का इस कार्यक्रम के दौरान लोकार्पण किया। कंपनी अपने स्वर्ण जयंती उत्पाद के लिए शुद्ध इक्विटी, डेट और हाइब्रिड फंड सहित कई तरह के फंड की पेशकश कर रही है। इस कार्यक्रम के मौके पर गोल्डन जुबली यूनिट लिंक्ड प्लान भी लॉन्च किया गया है। इस से न सिर्फ रोजगार के बहुत सारे नए अवसर बनेंगे बल्कि वित्तीय योजनाओं का लाभ भी अधिक लोगों तक पहुंच पाएगा।

# स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को दी जाएं सभी सुविधाएं : निदेशक अंशज सिंह

### स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक ने किया राजकीय विद्यालय अकबरपुर बारोटा व सफियाबाद का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों से सवाल-जबाव करते स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. अंशज सिंह।

**स्कूल** शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. अंशज सिंह ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर बरोटा व सफियाबाद का दौरा किया। जहां उन्होंने स्कूल पहुंचते ही स्कूल के हर कमरे में चल रहे क्लास रूम का बारीकी से निरीक्षण किया।

स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. अंशज सिंह ने अपने काफिले के साथ विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे तो बच्चों ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से कई सवाल पूछे जिनका बच्चों ने जवाब दिया। कुछ कक्षाओं में हुए अनुपस्थित बच्चों के बारे में अध्यापकों से जानकारी ली की वे किस कारण स्कूल में नहीं आए। उन्होंने कक्षाओं का दौरा करते हुए बच्चो से हिंदी व अंग्रेजी में मेरा विद्यालय पर पांच लाइन लिखने के लिए कहा और उनकी कॉपी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में बनी साइंस लैब, केमेस्ट्री लैब व बायोलॉजी लैब के साथ साथ कंप्यूटर लैब का दौरा किया। अधिकारियों ने स्कूल में कुछ कमियों का जिक्र किया तो उन्होंने मौके पर ही मुख्यालय में फोन कर उन्हे दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# केवल बैंक के अनुरोध पर लुकआउट सर्कुलर जारी नहीं किए जा सकते: कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने एक कंपनी के पूर्व निदेशकों की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कहा है कि संविधान के तहत दिया गया विदेश यात्रा का अधिकार मनमाने एवं अवैध तरीके से छीना नहीं जा सकता और केवल किसी बैंक के अनुरोध पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी), दिमाग का इस्तेमाल किए बिना जारी कर दिए गए। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि अदालत में बड़ी संख्या में ऐसे मामले आ रहे हैं, जिनमें बैंक अब बिना कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू किए, केवल धन की वसूली के एक उपाय के रूप में एलओसी जारी करने पर जोर दे रहे

### ऐसा केवल देश की अर्थव्यवस्था या हितों को प्रभावित करने वाली परिस्थितियों में ही किया जा सकता है

हैं जबकि ऐसा केवल देश की अर्थव्यवस्था या हितों को प्रभावित करने वाली असाधारण परिस्थितियों में ही किया जा सकता है।

न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा कि एलओसी जारी करते समय प्राधिकारियों को दिमाग का थोड़ा इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि इससे व्यक्ति के विदेश जाने पर रोक लग जाती है, जो कि उसका अधिकार है और यह रोक सामाजिक कलंक का कारण बनती है। अदालत




ने 19 सितंबर के अपने आदेश में कहा, लुक आउट सर्कुलर जारी करने वाले प्राधिकारी को स्वयं यह संतुष्टि करनी होगी कि जिस व्यक्ति के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है उसका (देश से बाहर) जाना भारत की संप्रभुता या सुरक्षा या अखंडता के लिए हानिकारक होगा या यह किसी अन्य देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों या भारत के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाएगा या ऐसे व्यक्ति को व्यापक सार्वजनिक हित के मद्देनजर किसी भी समय (देश से बाहर) जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा, यह एक स्थापित तथ्य है कि विदेश यात्रा का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदान किया गया है, जिसे मनमाने या अवैध तरीके से छीना नहीं जा सकता।

### कोर्ट ने आदेश कंपनी के पूर्व अधिकारी की याचिका पर दिया

**अदालत** ने यह आदेश एक कंपनी के पूर्व निदेशकों की याचिकाओं पर दिया, जिनमें कंपनी द्वारा ऋण चूक के संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा के कहने पर उनके खिलाफ जारी एलओसी को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं ने ऋण के लिए गारंटी दी थी। उन्होंने तर्क दिया कि एलओसी जारी करना केवल ब्लैकमेल करने एवं दबाव बनाने की रणनीति है और बैंक केवल उन्हें पैसे का भुगतान होने तक देश में बंधक बनाकर रखना चाहता है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ जारी एलओसी न्यायसंगत नहीं है और बरकरार रखने योग्य नहीं है। अदालत ने एलओसी को खारिज कर दिया। उसने कहा कि याचिकाकर्ता पिछले कई साल से कंपनी के रोजाना के मामलों में शामिल नहीं हैं। उसने कहा कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ न तो कोई आपराधिक मामला है और न ही इस बात का कोई संदेह है कि उन्होंने धन की हेराफेरी की।

# रूस ने गैसोलीन और डीजल के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी। मॉस्को**

**रूस** ने बढ़ती घरेलू दरों में स्थिरता लाने और देश की ईंधन आपूर्ति में सुधार के मकसद से गैसोलीन और डीजल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। सरकार ने इस संबंध मे आदेश जारी करते हुए कहा कि पाबंदियां अस्थाई होंगी। हालांकि पाबंदियां कब खत्म होंगी, इसकी जानकारी सरकार ने नहीं दी।

रूस के इस फैसले से वैश्विक बाजार में ईंधन के दाम बढ़ने के आसार हैं। सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार रूस प्रतिदिन लगभग 9,00,000 बैरल डीजल और 60,000 से 1,00,000




तक बैरल गैसोलीन का निर्यात करता है। तास की खबर के अनुसार प्रतिबंध की घोषणा होने के बाद ईंधन की घरेलू दरों में चार प्रतिशत के आसपास गिरावट आई है।

रूस के नेतृत्व वाले व्यापारिक समूह यूरेशियन इकॉनोमिक यूनियन में शामिल अन्य देशों आर्मेनिया, बेलारूस, किर्गिस्तान और कजाखस्तान पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

### संसदीय समिति की सिफारिश

# युवा अपराधियों की स्पष्ट परिभाषा दी जाए, राज्यों को दिए जाएं निर्देश

### समिति ने अपनी रिपोर्ट के पैरा 2.5.3 में कहा है कि राज्यों में युवा अपराधियों की तस्वीर स्पष्ट नहीं है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**विभाग** से संबंधित गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) को युवा अपराधियों की स्पष्ट परिभाषा देने की सिफारिश की है। समिति की सिफारिश जेल - शर्तें, बुनियादी ढांचा और सुधार विषय पर अपनी 245वीं रिपोर्ट में आई है। यह रिपोर्ट गुरुवार को संसद के दोनों सदनों (राज्यसभा और लोकसभा) में पेश की गई।

समिति ने अपनी रिपोर्ट के पैरा 2.5.3 में कहा है कि राज्यों में युवा अपराधियों की तस्वीर स्पष्ट नहीं है। इसे देखते हुए समिति सिफारिश करती है कि गृह मंत्रालय द्वारा युवा




अपराधियों की एक स्पष्ट परिभाषा दी जानी चाहिए, साथ ही सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की सरकारों को एक सामान्य दिशानिर्देश के साथ उन्हें नियंत्रित करने की प्रक्रिया का वर्णन करना चाहिए। समिति ने कहा, यह भी सिफारिश की जाती है कि इस संबंध में दिशानिर्देश राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों की सुविधा के लिए प्रदान किए जाएं। रिपोर्ट में कहा गया है, राज्य सरकारें इन युवा अपराधियों को शिक्षा, कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण, पोषण प्रदान करके उनके समग्र विकास के लिए कदम उठा सकती हैं। इसके अलावा, इस श्रेणी के कैदियों के बीच पुनरावृत्ति की दर की नियमित रूप से निगरानी की जा सकती है और ऐसे युवा अपराधियों की सामाजिक पृष्ठभूमि को समझने के लिए एक अध्ययन किया जा सकता है। समिति ने अपनी रिपोर्ट के पैरा 2.5.4 में कहा है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के अधिकार क्षेत्र में स्कूल नहीं हैं। केवल तमिलनाडु और सात अन्य राज्यों अर्थात् हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना के अधिकार क्षेत्र में स्कूल हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए समिति ने सिफारिश की है कि उन क्षेत्रों कम से कम दो से तीन स्कूल खोले जाने चाहिए, जहां यह आवश्यकता के आधार पर मौजूद नहीं है।

रिपोर्ट के शुरुआती पैरा में समिति ने यह भी कहा कि अति भीड़-भाड़ और न्याय में देरी का मुद्दा एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है, जिससे कैदियों और आपराधिक न्याय प्रणाली दोनों के लिए परिणामों की एक श्रृंखला बन गई है। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि भीड़भाड़ वाली जेलों के कैदियों को उसी राज्य या अन्य राज्यों में खाली सेल वाली अन्य जेलों में स्थानांतरित किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री को अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राजधानी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उसके मुताबिक इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय विधिज्ञ परिषद (बार काउंसिल ऑफ इंडिया) कर रहा है। यह आयोजन 23-24 सितंबर को किया जाएगा। सम्मेलन का मुख्य विषय न्याय प्रदान प्रणाली में उभरती चुनौतियां है। इससे पहले परिषद ने बताया था कि उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ मुख्य अतिथि होंगे और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा ब्रिटेन के न्याय मंत्री एलेक्स चॉक केसी विशिष्ट अतिथि होंगे।

## विदेश मंत्री ने की अमेरिका की नौ दिवसीय यात्रा शुरू

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अमेरिका की नौ दिन की यात्रा की शुरुआत की। विदेश मंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक सत्र में हिस्सा लेंगे साथ ही ग्लोबल साउथ पर एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल किया जाता है।

# मणिपुर सरकार ने हथियारों की बरादमगी पर न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**मणिपुर** सरकार ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में सभी स्रोतों से हथियार बरादम होने के मामले पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। केंद्र और मणिपुर सरकार की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि स्थिति रिपोर्ट केवल न्यायाधीशों के लिए है।

पीठ के समक्ष कहा गया कि मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा से जुड़े मामलों में सीबीआई को हस्तांतरित 11 प्राथमिकियों में उसके द्वारा की जा रही जांच की ताजा जानकारी देने के लिए कहा जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि उसने आपराधिक मामलों की जांच पर नजर रखने के लिए अनुभवी आईपीएस अधिकारी दत्तात्रेय पडसालगीकर को नियुक्त किया है।

पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे। पीठ ने कहा, अधिकारी को कामकाज संभालने के लिए, हालात पर नजर रखने के लिए थोड़ा समय दिया जाए और फिर स्थिति रिपोर्ट देने को कहा जा सकता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक पडसालगीकर प्रक्रिया पर निगरानी के लिए मणिपुर गए थे। उन्होंने कहा कि वह महाराष्ट्र के सबसे सम्मानित अधिकारियों में शामिल हैं। मेहता ने पीठ को मामले में एक और संक्षिप्त हलफनामे के बारे में बताया।

मेहता ने पीठ को बताया कि हलफनामे में कहा गया है, यहां जिन भी मुद्दों पर बहस हो रही है, उन्हें पहले ही (शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त) समिति के संज्ञान में लाया जा चुका है और वह उन पर विचार कर रही है। शीर्ष अदालत ने मणिपुर में जातीय हिंसा के पीड़ितों को दी जा रही राहत और उनके पुनर्वास पर नजर रखने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गीता मित्तल की अध्यक्षता में न्यायाधीशों की समिति बनाई थी।



### पीठ मामले पर अगली सुनवाई 25 को करेगी

**याचिकाकर्ताओं** की ओर से अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने पीठ से कहा कि उन दो महिलाओं के शव अब तक उनके परिवारों को नहीं सौंपे गए हैं जिनकी मणिपुर में मई महीने में सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। मेहता ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त समिति ने पहले ही इस बात का संज्ञान लिया है और अधिकारियों को निर्देश जारी कर चुकी है जिन्हें लागू किया जा रहा है। पीठ ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की। न्यायालय ने छह सितंबर को मणिपुर सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में सभी स्रोतों से हथियारों की बरामदगी पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

# केरल: माता अमृतानंदमयी को मिला वर्ल्ड लीडर फॉर पीस एंड सिक्योरिटी अवार्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**प्रसिद्ध** आध्यात्मिक नेता माता अमृतानंदमयी देवी को बोस्टन ग्लोबल और फोरम (बीजीएफ) और माइकल डुकाकिस इंस्टीट्यूट फॉर लीडरशिप एंड इनोवेशन (एमडीआई) की तरफ से 2023 वर्ल्ड लीडर फॉर पीस एंड सिक्योरिटी अवार्ड के लिए चुना गया है। मिली सूचना के मुताबिक अपने प्रशंसकों और अनुयायियों के बीच अम्मा के नाम से लोकप्रिय देवी को वैश्विक शांति, आध्यात्मिकता और करुणा में उनके



उल्लेखनीय योगदान के लिए इस सम्मान के लिए उनका चुनाव हुआ है। बीजीएफ और एमडीआई के अनुसार, अम्मा की गहन आध्यात्मिकता, मूल मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया है। इसमें कहा गया है कि भारत में 2023 जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान जी20 नागरिक समाज के नेताओं वाले सिविल 20 एंगेजमेंट ग्रुप के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए, अम्मा ने जी20 के मोटो, यू आर द लाइट को मूर्त रूप दिया। यह घोषणा 31 जुलाई को जयपुर, भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में की गई थी।

एजेंसी के अनुसार बोस्टन ग्लोबल फोरम मैसाचुसेट्स में स्थित एक अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंक है, जो शांति, सुरक्षा और आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहयोग करने वाले नेताओं, विद्वानों, नीति निर्माताओं और व्यापारिक नेताओं को बुलाने को समर्पित है।

## राजस्थान: 30 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों का होगा उन्नयन

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने विभिन्न जिलों में स्थित 30 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उन्नयित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इन विद्यालयों के लिए 390 विभिन्न पद भी सृजित किए जाएंगे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित 30 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उन्नयित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने इन विद्यालयों में 390 पद भी सृजित करने की मंजूरी दी है। प्रत्येक उन्नयित विद्यालय के संचालन के लिए 13-13 पदों का सृजन किया गया है। इन पदों में प्रधानाचार्य, कनिष्ठ सहायक एवं सहायक कर्मचारी के एक-एक, अध्यापक लेवल-2 एवं लेवल-1 के दो-दो एवं वरिष्ठ अध्यापक के छह पदों का सृजन शामिल है।

# सरकार महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी को शामिल करे: मायावती

### कहा, एससी-एसटी को अलग से दे आरक्षण

**एजेंसी। लखनऊ**

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को महिला आरक्षण विधेयक में शामिल करने के साथ ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति की महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की मांग की।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जारी पोस्ट में कहा, महिला आरक्षण बिल संसद के दोनों सदनों से पारित हो जाने का स्वागत, किन्तु देश इसका भरपूर व



जोरदार स्वागत करता अगर उनकी अपेक्षाओं के मुताबिक यह अविलंब लागू हो जाता। अब तक लगभग 27 वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के बाद अनिश्चितता का अब आगे और लम्बा इंतजार करना कितना न्याय संगत? मायावती ने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, वैसे देश की आबादी के बहुसंख्यक ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समाज की महिलाओं को आरक्षण में शामिल नहीं करना बहुजन समाज के उस बड़े वर्ग को न्याय से वंचित रखना है। इसी प्रकार एससी व एसटी समाज की महिलाओं को अलग से आरक्षण नहीं देना भी उतना ही अनुचित व सामाजिक न्याय की मान्यता को नकारना है।

उन्होंने कहा, किन्तु जहां चाह है वहां राह है और इसलिए सरकार ओबीसी समाज को इस महिला आरक्षण बिल में शामिल करे, एससी व एसटी वर्ग (अनुसूचित जाति-जनजाति) महिलाओं को अलग से आरक्षण दे तथा इस विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू करने के सभी जरूरी उपाय करे। धार्मिक अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं की भी उपेक्षा अनुचित।

## पाकिस्तान: आधारित सैन्य अभियानों में आठ आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर दो अलग-अलग अभियानों में आठ आतंकवादी मारे गए और पांच को गिरफ्तार कर लिया गया। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि पहला अभियान बन्नू जिले के जानी खेल में चलाया गया। सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में छह आतंकवादी मारे गए जबकि पांच को पकड़ लिया गया। आईएसपीआर के अनुसार, अभियान में मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियों में शामिल थे, जिनमें पिछले महीने जानी खेल में एक सैन्य काफिले पर मोटरसाइकिल से किया गया आत्मघाती हमला शामिल है। इस हमले में सेना के नौ जवानों की मौत हुई थी।

# भारत पर कनाडा के आरोप भारतीय अधिकारियों की बातचीत पर आधारित

**एजेंसी। टोरंटो**

**कनाडा** के मीडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में कनाडाई सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा है कि सिख अलगाववादी नेता की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोप इंसानी तथा खुफिया जानकारी तथा ओटावा के फाइव आइज खुफिया नेटवर्क के एक सहयोगी देश से मिली गोपनीय सूचनाओं पर आधारित हैं।

खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद जारी है। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को हुई निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद यह विवाद उत्पन्न हुआ। भारत ने मंगलवार को कनाडा के आरोपों को बेतुका और बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था और इस मामले में कनाडा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित किए जाने के बदले में उसने कनाडा के एक वरिष्ठ



राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की एक इकाई ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि कनाडा की सरकार ने सिख व्यक्ति की हत्या के मामले में एक माह से जारी जांच में इंसानी तथा खुफिया जानकारी जुटाई हैं। कनाडाई सरकार से जुड़े सूत्रों ने कहा कि इस खुफिया जानकारी में, कनाडा में मौजूद भारतीय राजदूतों की तथा भारतीय अधिकारियों की आपस में की गई बातचीत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि खुफिया जानकारी केवल कनाडा से ही नहीं मिली हैं, इनमें से कुछ फाइव आइज खुफिया नेटवर्क के एक अनाम सहयोगी से मिली हैं।

### सांसद रमेश बिधूड़ी के बिगड़े बोल लोकसभा स्पीकर ने दी चेतावनी

# विपक्ष के हंगामे के बाद राजनाथ सिंह ने मांगी माफी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की आपत्तिजनक भाषा पर माफी मांगी है। दरअसल चंद्रयान-3 मिशन पर एक चर्चा के दौरान दिल्ली से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद कुंवर दानिश अली के विरुद्ध ऐसी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया कि विपक्ष ने हंगामा कर दिया। कांग्रेस ने मांग की है कि रमेश बिधूड़ी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी रमेश बिधूड़ी को चेतावनी दी है और उन्हें सदन में मर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने को कहा है।

दरअसल संसद में कार्यवाही के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी चंद्रयान-3 मिशन और इसरो की



सफलता पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की सरकार की तारीफ की। जिस पर बसपा सांसद कुंवर दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी के संबोधन के बीच उठकर कुछ सवाल उठाए। इसके बाद भाजपा सांसद ने अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुए इस पर अपनी नाराजगी जताई। भाजपा सांसद के बयान पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मांग की कि रमेश बिधूड़ी को सदन से निलंबित कर देना चाहिए।



वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि %अगर उन्होंने आतंकवादी कहा है तो हमें इसकी आदत है। इन शब्दों का इस्तेमाल पूरे मुस्लिम समुदाय के खिलाफ किया गया था। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि भाजपा से जुड़े मुस्लिम इसे कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं? इससे पता चलता है कि वह हमारे बारे में क्या सोचते हैं? उन्हें शर्म आनी चाहिए।

राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि उन्हें रमेश बिधूड़ी के बयान से दुख हुआ है लेकिन वह हैरान नहीं हैं। प्रधानमंत्री के वसुधैव कुटुंबकम का यही सच है। हमें इस बारे में सोचने की जरूरत है अगर ऐसे शब्द देश की संसद में किसी सांसद द्वारा इस्तेमाल किए गए तो देश के मुस्लिमों, दलितों के खिलाफ किस तरह की भाषा को वैधता दी गई है? अभी तक पीएम मोदी ने रमेश बिधूड़ी को लेकर एक शब्द नहीं कहा है।

### विपक्ष के हंगामे पर राजनाथ सिंह ने मांगी माफी

**भाजपा** सांसद की अमर्यादित भाषा पर विपक्षी सांसदों ने आपत्ति जताई। विपक्ष के हंगामे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने भाजपा सांसद की बातों को नहीं सुना लेकिन आसन से अपील की कि अगर टिप्पणी से विपक्षी सदस्य नाराज हैं तो इन शब्दों को कार्यवाही से हटा दिया जाए। इसके बाद राजनाथ सिंह ने सांसद के बयान पर माफी मांगी। राजनाथ सिंह के इस कदम की विपक्षी सांसदों ने भी तारीफ की।

### लोकसभा स्पीकर ने लगाई फटकार

**लोकसभा** स्पीकर ने भी रमेश बिधूड़ी को उनके बयान के लिए फटकार लगाई है। स्पीकर ने बिधूड़ी को चेताते हुए उन्हें भविष्य में सतर्कता बरतने को कहा है। स्पीकर ओम बिरला ने भाजपा सांसद से सदन में भाषा की मर्यादा बनाए रखने को कहा है। साथ ही सदन की कार्यवाही से अमर्यादित शब्दों को हटा लिया गया है।

### पार्टी ने जारी किया नोटिस

**भाजपा** ने बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पार्टी सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पार्टी सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी है।

### सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने कहा

# कनाडा में आक्रामकता, नफरत धमकी के लिए कोई स्थान नहीं

**एजेंसी। टोरंटो**

**कनाडा** में हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी भरे एक ऑनलाइन वीडियो के सामने आने के बीच कनाडा ने शुक्रवार को कहा कि देश में आक्रामक कृत्यों, नफरत, धमकी या भय पैदा करने वाले कृत्यों के लिए कोई स्थान नहीं है।

सार्वजनिक सुरक्षा, आपात प्रबंधन, राष्ट्रीय सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों के लिए जिम्मेदार सार्वजनिक सुरक्षा कनाडा ने कहा कि वीडियो का प्रसारित होना आपत्तिजनक और नफरत फैलाने वाला है तथा यह सभी कनाडाई लोगों और हमारे मूल्यों का अपमान है। विभाग ने एक्स पर पोस्ट किया,



कनाडा में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। विभाग ने कहा, आक्रामकता, नफरत, धमकी या डर का माहौल पैदा करने वाले कृत्यों के लिए इस देश में कोई जगह नहीं है और यह सिर्फ हमें बांटने के लिए किया गया है। हम सभी कनाडा वासियों से एक दूसरे का सम्मान करने और कानून के नियमों का पालन करने का अनुरोध करते हैं। कनाडा वासियों को अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने का हक है।

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 23 सितंबर, 2023



# रफ्तार का रोमांच शुरू, 350 किमी रफ्तार से दौड़ेंगी बाइक

मोटो जीपी



## स्पेनिश राइडर की रेसिंग बाइक 100 मीटर तक फिसली


**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा में बाइक रेसिंग चैंपियनशिप की शुरुआत हो गई है। शुक्रवार को प्रैक्टिस सेशन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में किया गया। प्रैक्टिस सेशन में दो बाइक क्रैश हुईं।

सबसे पहले जापानी राइडर टाइयो फ्रस्टा की बाइक क्रैश हुई। उसके कुछ देर बाद स्पेनिश राइडर डेनियल होल्गाडो की बाइक क्रैश हो गई। जापानी राइडर टाइयो फ्रस्टा की बाइक मोड़ पर अचानक स्किड कर गई। जिससे कुछ मीटर तक बाइक के साथ घीसटते चले गए। हालांकि सेफ्टी गार्ड और सेफसूट की वजह से उनको चोट नहीं आई। टाइयो फ्रस्टा होंडा टीम एशिया की ओर से रेसिंग कर रहे हैं। इससे पहले टाइयो फ्रस्टा एशिया टैलेंट कप में हिस्सा लिया था। 2021 में चैंपिनयनशिप भी जीती थी। इसके थोड़ी ही देर बाद स्पेनिश राइडर डेनियल होल्गाडो की बाइक भी क्रैश हो गई। उनकी बाइक करीब 100 मीटर से अधिक दूरी तक घीसटती चली गई। हालांकि वह सुरक्षित हैं। डेनियल रेड बुल 3 टीम की ओर से रेसिंग में हिस्सा ले रहे हैं। दो दिनों की प्रैक्टिस के साथ ही शनिवार से चैंपियनशिप का क्वालिफाइंग मैच शुरू होगा।

मोटो जीपी के पूरे सीजन में कुल 21 रेस होती है। एक रेस 100 से 130 कि लो मीटर की होती है, जो लगभग 45 मिनट तक चलती है। सर्किट की लंबाई 5.14 किलोमीटर है। इसमें 24 लैप्स होंगे। इस हिसाब से ये रेस करीब 118 किलोमीटर की होगी।

चैम्पियनशिप में जो टीम और राइडर्स सबसे ज्यादा प्वॉइंट हासिल करते हैंवो चैम्पियन बनती है।



## पहले दिन चला प्रैक्टिस सेशन, पांच किलोमीटर का ट्रैक और 16 हैं खतरनाक मोड

## रेस को 180 कैमरों से लाइव

**जीपी मोटो 2023 में दर्शक 41 टीमों के 82 राइडर के रफ्तार का रोमांच देखेंगे। हर टीम में दो राइडर होंगे। शुक्रवार को पहले दिन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक प्रैक्टिस सेशन हुई। शनिवार को प्रैक्टिस सेशन के साथ-साथ क्कालिफाइड और 12-लैप टिसोट स्प्रिंट भी होगा। रविवार को वार्म-अप के बाद तीनों कैटेगरी (मोटो-3, मोटो-2 ) की मुख्य रेस होगी। इन तीन दिनों में कुल 20 अलग-अलग रेसिंग कॉम्पिटिशन होंगे। अंतिम रेस 24 सितंबर को होगी। इस आयोजन से दुनिया भर में 45 करोड़ से अधिक दर्शकों के जुटने की उम्मीद है। रेस को 180 कैमरों से लाइव किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में रोजाना लगभग 1.5 लाख लोग शामिल होंगे। जिसमें 10,000 लोग विदेश से बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आएंगे। इसके अलावा, यह इवेंट 200 देशों में प्रसारित किया जाएगा और इवेंट के टिकट 800 रुपए से 1.80 लाख रुपए की कीमत में बेचे जा रहे हैं।**

# उच्चतम न्यायालय ने कहा अदालतें सेना को संचालित नहीं कर सकतीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को एक महिला कर्नल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालतें सेना को संचालित नहीं कर सकतीं।

महिला कर्नल को सैनिकों की एक कंपनी का प्रभार सौंपा गया था, जिसकी कमान आमतौर पर दो रैंक कनिष्ठ मेजर के पास होती है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ तीन मामलों की संयुक्त सुनवाई कर रही थी, जिनमें दो याचिकाएं थलसेना की महिला अधिकारियों और एक याचिका नौसेना की महिला अधिकारियों की ओर से दायर की गई थी। इन याचिकाओं में पदोन्नति सहित कई मुद्दे उठाए गए हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने जब न्यायालय को अवगत कराया कि महिला कर्नल को एक कंपनी का प्रभार सौंप दिया गया है, जबकि इसका नेतृत्व आमतौर पर मेजर रैंक का अधिकारी करता है। इस पर पीठ ने कहा, हम अब सेना के कामकाज को संचालित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा, हम विधि संबंधी मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। इसने कहा, निश्चित तौर पर हम सेना की कमांड संरचना को संचालित करना शुरू नहीं कर सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि यह ऐसा मामला है, जहां एक महिला अधिकारी को स्थाई कमीशन दिया गया है और वह सेना में एक कर्नल है। अरोड़ा ने कहा कि यह उस महिला अधिकारी का घोर अपमान है, जो अब कर्नल है।

# जीडीए की संपत्ति की कई लोगों ने लगाई बोली

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




**जीडीए** ने अपनी खाली प्रॉपर्टी को सेल करने के लिए आज भी नीलामी का आयोजन किया। नीलामी लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित किया गया। हिंदी भवन में सबसे पहले जीडीए द्वारा आयोजित प्रॉपर्टी की नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया।

समाचार लिखे जाने तक दो दर्जन से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। रजिस्ट्रेशन के बाद कई लोगों ने बोली में हिस्सा लेने के लिए सबसे पहले संबंधित प्रॉपर्टी की लोकेशन को देखा। इसके बाद प्रॉपर्टी खरीद के लिए बोली में हिस्सा लिया है। जीडीए प्रत्येक शुक्रवार को खाली पड़ी प्रॉपर्टी की सेल करता है। इसी क्रम में अभी तक जीडीए कई करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी को सेल कर अपनी इनकम कर चुका है। आज नीलामी में अधिकारियों की कमेटी ने हिस्सा लिया। इसमें प्रॉपर्टी अफ सर सीपी त्रिपाठी, एफ सी, जीडीए के चीफ इंजीनियर, और सीएटीपी आदि शामिल रहे।

# फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर मॉडल की डाली अश्लील फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**मोदीनगर** में माडलिंग करने वाली एक युवती के नाम से फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। इनमें कुछ फोटो एडिट कर अश्लील भी बनाए गए हैं।

मोदीनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी की रहने वाली युवती गाजियाबाद की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। नौकरी के साथ में ही वह माडलिंग भी करती है। कुछ दिन पहले उनके नाम से किसी शातिर ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बना दी। उस आईडी पर उनके फोटो भी अपलोड कर दिए। उनके एक परिचित ने उन्हें इसके बारे में बताया। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने कुछ फोटो एडिट कर अश्लील बना दी है।

# अपार्टमेंट में लगी आग, महिला की मौत

- 36 लोगों ने फ्लैट्स से भागकर जान बचाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



**गाजियाबाद** में गुरुवार रात अंकुर विहार में 4 मंजिला 2 बिल्डिंगों के ग्राउंड फ्लोर पर आग लग गई। हादसे में एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि पति की हालत गंभीर है। करीब 36 लोगों ने फ्लैट्स से भागकर जान बचाई। वहीं 8 लोगों को फायर फाइटर्स ने सुरक्षित रेस्क्यू किया। इस दौरान 3 पुलिसकर्मी झुलस गए। जबकि पार्किंग में खड़ी 4 कार और 12 बाइकें बुरी तरफ जल गईं। ग्राउंड फ्लोर पर बिजली मीटर में स्पार्किंग से आग लगी थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, गुरुवार रात 1 बजकर 12 मिनट पर लोनी फायर स्टेशन को सूचना मिली। बताया गया कि अंकुर विहार में डड रोड पर प्लॉट नंबर डड.53 पर बनी अपार्टमेंट बिल्डिंग में आग लग गई है। 2 फायर टेंडर घटनास्थल पर रवाना किए गए। राहुल पाल ने बताया, मौके पर 4 मंजिला भवन के ग्राउंड फ्लोर पर बनी पार्किंग में खड़े वाहनों में आग लगी हुई थी। इसके साथ ही पीछे वाले प्लॉट नंबर 11/4 पर बने 4 मंजिला भवन के ग्राउंड फ्लोर की पार्किंग में खड़े वाहनों में भी आग लग चुकी थी। क्योंकि इन दोनों भवनों की पार्किंग भूतल पर एक जालीदार बड़े गेट के माध्यम से एक.दूसरे से जुड़ी हुई थीं।

घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे लोनी के दोनों फायर टेंडर ने पार्किंग के दोनों तरफसे पंपिंग करके दो टीमों ने आग बुझाना शुरू किया। एक टीम ने डड.53 अपार्टमेंट्स में तीन फ्लोरों पर बने 16 फ्लैटों से कुल 5 महिलाओं और 3 पुरुषों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। फ्लैट्स में धुआं घुसने से पूनम शर्मा और उनके पति नवीन शर्मा अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। फायर फाइटर्स ने इन्हें कंधे पर लादकर सीढ़ियों के जरिए नीचे उतारा और फिर दोनों को लोनी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में पूनम शर्मा की मौत हो गई। वहीं, नवीन शर्मा का जीटीबी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। आग के विकराल रूप को देखते हुए दो फायर टेंडर साहिबाबाद और कोतवाली फायर स्टेशन से बुलवाए गए। प्लॉट नंबर .11/4 की 4 मंजिला बिल्डिंग में भी 19 फ्लैट्स बने हुए हैं। यहां रहने वाले करीब 36 लोग खुद ही टैरेस पर पहुंच गए थे। क्योंकि आग का धुआं फ्लैट्स में भर चुका था और वहां रहना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में फायर फाइटर्स ने महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को पास की बिल्डिंग की छत के रास्ते सुरक्षित नीचे उतारा। बिल्डिंग की पार्किंग में 4 दुपहिया वाहन जल गए। वहीं, 53 नंबर बिल्डिंग की पार्किंग में खड़े 4 चौपहिया और लगभग 8 दोपहिया वाहन आग में जलकर क्षतिग्रस्त हो गए।

# संक्षिप्त समाचार



शत्रु संपत्ति के मामले में विरोध प्रदर्शन करते किसान।

### मोदीनगर में किसानों का अर्द्धनग्न प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में शत्रु संपत्ति के मामले को लेकर ग्रामीणों ने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर अर्द्धनग्न होकर पैदलमार्च करते हुए मोदीनगर तहसील पहुंचे और अपना विरोध जताया। ग्रामीणों प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन जारी रहेगा। किसान सभा ने धरने को अपना समर्थन दिया। पैदल मार्च के चलते दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। किसानों की मांग है कि उनकी संपत्ति, शत्रु संपत्ति होने का आदेश वापस लिया जाए। शत्रु संपत्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष व किसान नेता डॉ बबली गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव सीकरी खुर्द गेट के सामने एकत्र हुए। इसके बाद वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर अर्द्धनग्न होकर पैदल मार्च करते हुए तहसील की और चल दिए। अध्यक्षता मंगू सिंह व संचालन राहुल गुर्जर द्वारा किया गया। इसके अलावा क्रमिक अनशन पर रोहताश शर्मा, रामप्रकाश, टीटू शर्मा, ओमप्रकाश व शंकर बैठे। नोएड़ा से आए किसान सभा के डॉ रुपेश वर्मा व वीर सिंह नागर सैकड़ों समर्थकों के साथ धरनास्थल पर पहुंचे और अपना समर्थन दिया। डॉ रुपेश शर्मा ने कहा कि देश में सरकार की तानाशाही व हिटलर शाही चल रही है। इस मौके पर जगवीर नम्बरदार, अजब सिंह, सतीश चंद्र, गजेन्द्र चौधरी, मोहित भाटी, तिलकराज, सतबीर प्रजापति व देव शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ठगी करने वाला गैंग चढ़ा पुलिस के हत्थे



**गाजियाबाद।** डीसीपी रूरल विवेक चंद यादव के द्वारा अपराधियों विशेषकर भूमाफियाओं और जमीनों को फर्जी तरीके से बेचने वाले अपराधियों के खिलाफचलाये जा रहे अभियान को उस समय भारी सफलता मिली जब उनकी टीम ने मसूरी थाना पुलिस के साथ मिलकर एक ऐसे गैंग के तीन शातिर नटवरलालों को गिरफ्तार कर लिया जो अबतक दूसरों अथवा सरकारी जमीन दिखाकर सैकड़ों लोगों को करोड़ों की चपत लगा चुका था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस गैंग में आधा दर्जन से अधिक अपराधी शामिल हैं और ये लोग जमीन खरीदने वालों को दूसरों की जमीन दिखाते और अपने शिकार से मोटी रकम बयाने के रूप में ले लेते। इस गैंग का सरगना सलीम है। पुलिस की कई टीम इस गैंग के अन्य अपराधियों को दबोचने के लिए छापेमारी कर रही थी।


### आरआरटीएस से निगम टेकओवर करेगा नाला

**गाजियाबाद।** लिंक रोड के पास से होकर जा रहे नाले को अब नगर निगम टेकओवर करेगा। हाईस्पीड ट्रेन के निर्माण कार्य करने के लिए तीन वर्ष पहले इस नाले को नगर निगम ने ही आरआरटीएस को ट्रांसफर किया था। नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी से आरआरटीएस के अधिकारियों ने आज मुलाकात की थी। इनका कहना था कि लिंक रोड के बगल से होकर गांव साहिबाबाद से आगे भूषण स्टील तक जाने वाले नाले को जिस कार्य के लिए लिया गया है। कार्य करने के बाद नाले की मरम्मत का कार्य अनुबंध के हिसाब से पूरा कराया गया है। अब इस नाले की जमीन की कोई जरूरत नहीं है। इस कारण आरआरटीएस ने निगम से कहा है कि वह इस नाले के रखरखाव का कार्य स्वयं करे। नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी का कहना है कि जल्दी ही इस नाले को निगम आरआरटीएस से टेकओवर करेगा।

# नगर निगम के वसुंधरा जोन में टैक्स घोटाला

- आरसी जारी करने के बाद भी 16 करोड़ की वसूली नहीं हुईः मेयर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



**मेयर** सुनीता दयाल ने फिर से तेवर दिखाए। मेयर ने निगम पर आरोप लगाया कि कार्यकारिणी की बैठक में जब विज्ञापन का बकाया दबाए बैठे 61 कंपनियों पर आरसी जारी करने के बाद भी करीब 16 करोड़ रुपये के टैक्स की वसूली नहीं कर पाया है।

इससे पता चलता है कि कार्यकारिणी को भी निगम ने गंभीरता से नहीं लिया। मेयर ने आरोप लगाया कि निगम जेम पॉर्टल के माध्यम से कर्मचारियों की आपूर्ति ले रहा है। मेयर ने इसे शासनादेश के खिलाफ बताया। इसके लिए निगम अधिकारियों से सहीं पॉलिसी बनाने के निर्देश दिए। जल्दी ही त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है।

मेयर ने निगम से कहा है कि वह लाइट की खरीद करे। ताकी शहर में प्रकाश की व्यवस्था को और दुरूस्त किया जा सके। एक अन्य मामले में मेयर ने आरोप लगाया कि वसुंधरा जोन में 2022 में विभिन्न संपत्तियों का कर कम कर घोटाला किया गया। संबंधित पत्रावली गायब नहीं होनी चाहिए, इनकी जांच कराने के लिए भी मेयर ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए है।

इस दौरान मेयर ने कहा कि सभी विभाग पत्रावली उपलब्ध कराते है मगर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी फाइल में हेराफेरी एवं फाइल देने में आना कानी करते हैं।

## गाजियाबाद में बिल्ली को डंडे से पीटकर मार डाला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक युवक ने घर के सामने बैठी बिल्ली को डंडे से पीट.पीटकर मार डाला। बिल्ली का पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें युवक उसे पीट रहा है।

पुलिस ने पेटा इंडिया संस्था के पदाधिकारी के बयान पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मोदीनगर के शाहजहांपुर का है। सोशल मीडिया के माध्यम से मामला पेटा इंडिया संस्था के पास पहुंचा। पुलिस ने वीडियो के आधार पर छानबीन की तो मामला शाहजहांपुर का निकला। इसके बाद पुलिस आरोपी दबोच लिया।

# कुत्ते को बेरहमी से पीटा, वीडियो सोशल मीडिया पर हुई वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में कुछ लोगों ने एक स्ट्रीट डॉग को पहले जाल में पकड़ा और फिर उसको डंडे से खूब मारा। उसके बाद मरणासन्न अवस्था में छोड़कर आरोपी भाग गए। वहां खड़े एक शख्स ने पहले पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाया, और सोशल मीडिया पर डाल दिया।

थाना कविनगर ने मुकदमा दर्ज करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। लोगों का कहना था कि कुत्ता पागल हो चुका था और लगातार काट रहा था, हालांकि मेडिकल जांच में इस कुत्ते को रैबीज की पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, ये घटनाक्रम गुरुवार रात कविनगर थाना क्षेत्र में बाग वाली कॉलोनी आरा मशीन के सामने मुरसलीन चिकन शॉप के पास का है।

वायरल हुए वीडियो में एक शख्स डंडे से कुत्ते के मुंह पर हमला रहा है। ये कुत्ता एक जाल में कैद था। उसड़क के दूसरे छोर पर खड़ा वहीं का रहने वाला मोहित मोबाइल से इस वीडियो को बना रहा था और फिर दौड़कर मौके पर पहुंचा।



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए साइबर सेल को दिशा निर्देश दिए।

# कंपनियों ने विज्ञापन प्रसार नियमों का किया उल्लंघन

- रेरा ने एम थ्री एम दि कलिनेन, आयरिश पर्ल्स, साया पियाजा, साया स्टेटस को भेजा नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




उप्र भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने रेरा अधिनियम की धारा-11 के उल्लंघन के सापेक्ष गौतम बुद्ध नगर की 4 परियोजनाएं एम थ्री एम दि कलिनेन, आयरिश पर्ल्स, साया पियाजा और साया स्टेटस के प्रमोटर्स को कारण दर्शाओ नोटिस जारी किया।

एम थ्री एम दि कलिनेन के प्रमोटर लैविश बिल्डमार्ट, आयरिश पर्ल्स के आयरिश इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रालि साया पियाजा के आरजीबी इंफ्रा एलएलपी और साया स्टेटस के साया सीमेंटेशन लिमिटेड हैं। एम थ्री एम दि कलिनेन के द्वारा प्रसारित प्रिन्ट विज्ञापन में उप्र रेरा वेबसाइट का उल्लेख नहीं किया गया और रेरा पंजीयन संख्या प्रमुख रूप से अंकित नहीं की गई। जबकि आयरिश पर्ल्स, साया पियाजा और साया स्टेटस परियोजनाओं के सोशल मीडिया विज्ञापनों में प्रेरा पंजीयन संख्या एवं वेबसाइट दोनों ही, अंकित नहीं पाए गए। रेरा अधिनियम की धारा.11 में वर्णित है कि रेरा पंजीकृत परियोजना का प्रचार.प्रसार किसी भी माध्यम से करते समय रेरा पंजीयन संख्या और वेबसाइट दोनों ही प्रमुख रूप से अंकित करना अनिवार्य है।

रेरा सचिव प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि उप्र रेरा द्वारा लगातार ऐसे प्रमोटर्स को चिह्नित किया जा रहा है जो परियोजनाओं के प्रचार.प्रसार संबंधी नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। परियोजनाओं के प्रचार.प्रसार में रेरा के निर्धारित नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य है। धारा.11 का अनुपालन न करने वाले प्रमोटर्स को परियोजना की कुल लागत के 5 प्रतिशत तक की राशि का अर्थदंड आरोपित किया जा सकता है।

रेरा सचिव ने यह भी कहा कि रेरा अधिनियम का उद्देश्य रियल एस्टेट सेक्टर का विकास करना है और यह तभी संभव है जब प्रमोटर्स अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण रूप से करें। होम बायर्स को परियोजना संबंधी सही सूचना उपलब्ध करानाए पंजीयन संख्या की सही जानकारी देना और रेरा वेबसाइट पोर्टल पर परियोजना संबंधी पूर्ण और सही जानकारी उपलब्ध कराना प्रमोटर्स के प्रमुख दायित्व हैं।

प्रमोटर जितनी पारदर्शिता से रेरा अधिनियम का पालन करेंगे घर खरीदारों में रियल एस्टेट उद्यमीय के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

# जेवर में दो लोगों को बदमाशों ने बंधक बनाकर पीटा, घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**कई** दिन से सुरक्षा व्यवस्था चाक.चौबंद होने का अधिकारियों द्वारा दावा किया जा रहा है। लेकिन उसके बावजूद भी क्षेत्र में बीती रात अल-अलग दो जगह पर जिला अस्पताल के कर्मचारी और एक कंपनी के कर्मी को बंधक बनाकर 4 बदमाशों ने पहले तो जमकर पीटा।

फिर लूटपाट के बाद दोनों को घायल अवस्था में फेंककर आरोपी फरार हो गए। जिसमें अस्पताल कर्मी की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पहला मामला ककोड़ कोतवाली के अलौदा गांव निवासी सचिन कुमार नोएडा में स्थित जिला अस्पताल में स्टाफनर्स हैं।

उन्होंने बताया कि रोजाना की तरह वह गुरुवार की देर रात ड्यूटी खत्म करने के बाद कार में अकेले ही सवार होकर दनकौर क्षेत्र से होते हुए अपने गांव को लौट रहे थे। उसी दौरान बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट से कुछ दूरी पर पीछे से एक कार में सवार होकर आए चार बदमाशों ने उनको ओवरटेक करके रुकवा लिया।

इस घटना में पीड़ित की कार का आगे का शीशा टूट गया बाद में आरोपियों ने पीड़ित को तमंचे के बल पर बाहर निकाल कर उसकी ही कार में बंधक बना लिया। उसके बाद आरोपियों ने जमकर मारपीट की। वहीं अलीगढ़ के बांजना निवासी हरीश रावत ग्रेनो के घरबरा गांव के नजदीक स्थित एक कंपनी में कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि छुट्टी होने के बाद गुरुवार रात वह यमुना एक्सप्रेसवे पर लिफ्ट लेने के लिए खड़े थे। उसी दौरान एक कार में सवार होकर आए चार लोगों ने उनको अलीगढ़ तक जाने के लिए कार में लिफ्ट दे दी।



## रावल गांव में हुआ था राधा रानी का जन्म




**रावल** गांव में स्थापित राधारानी के मंदिर के ठीक सामने प्राचीन बगीचा है। कहा जाता है कि यहां पर पेड़ स्वरूप में आज भी राधा और कृष्ण मौजूद हैं। यहां पर एक साथ दो पेड़ हैं। एक श्वेत है तो दूसरा श्याम रंग का। इसकी रोज पूजा होती है। मंदिर के पुजारी ललित मोहन कहते हैं कि राधा और कृष्ण पेड़ स्वरूप में आज भी यहां से यमुना जी को निहारते हैं।मान्यता है कि रावल गांव में ही राधाजी का जन्म हुआ था। मंदिर के पुजारी ललित मोहन कल्ला बताते हैं कि यहां करीब पांच हजार साल पहले यमुना बहती थी। शास्त्रों के अनुसार कृतिजी यमुना में स्नान करते समय पुत्र की कामना करती थीं। एक दिन पूजा करते समय यमुना से कमल का फूल प्रकट हुआ। उस फूल से रोशनी निकल रही थी और वह सोने की तरह चमक रहा था। जब कृतिजी पास जाकर देखा तो कमल का फूल पूरी तरह से खिल गया। इसमें एक नन्ही सी बच्ची थी, जिसके नेत्र बंद थे। कहा जाता है कि वह बच्ची कोई और नहीं बल्कि राधा-रानी थीं। अब उस जगह पर इस मंदिर का गर्भगृह है।

### राधा अष्टमी का महत्व

**मान्यता** है कि राधा के बिना कृष्णजी की पूजा अधूरी मानी गई है। जो लोग कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखते हैं, उन्हें राधा रानी के जन्मोत्सव यानी राधा अष्टमी पर भी व्रत रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि राधा अष्टमी के व्रत के बिना कृष्ण जन्माष्टमी के व्रत का पूरा फल प्राप्त नहीं होता है। इस दिन व्रत और पूजन करने वालों को सभी सुखों की प्राप्ति होती है।

# आज राधाष्टमी पर बरसाना सहित मसूचे ब्रज में श्रीराधे की गूंज

## बरसाने में करीब आठ लाख श्रद्धालु पहुचने की उम्मीद

### भीड़ नियंत्रण के लिए बांके बिहारी मंदिर की तरह बनाया होल्डिंग प्लान

**मथुरा।** मथुरा में राधाष्टमी पर्व पर बरसाना में करीब आठ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पर्व 23 सितंबर को मनाया जाएगा, लेकिन श्रद्धालुओं का आगमन 22 सितंबर से ही शुरू हो जाएगा। 23 को तड़के चार बजे राधाजी जन्म लेंगी और उनका अभिषेक किया जाएगा।

इस पल के साक्षी बनने के लिए हर कोई श्रद्धालु आतुर रहता है। इस वजह से कस्बे की तमाम गलियां मंदिर तक खचाखच भर जाती हैं। खुफिया विभाग से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से 2000 पुलिसकर्मियों की तैनाती कही है, वहीं क्षेत्र को सात जोन और 16 सेक्टर में बांटा है। लाडली जी मंदिर में एक मार्ग से प्रवेश और तीन से निकासी की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए बांकेबिहारी मंदिर की तरह होल्डिंग प्लान बनाया है।

एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि बरसाना में भीड़ नियंत्रण के लिए 10 होल्डिंग एरिया बनाए हैं और दो हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। 13 मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं। पूरे इलाके को सात जोन और 16 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोन में जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। बृहस्पतिवार रात से रूट डायवर्जन के साथ ही पुलिसकर्मियों की सुरक्षा ड्यूटी लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि लाडली जी मंदिर में प्रवेश सुदामा चौक मार्ग से होगा। वहीं, निकासी ऊंचा मार्ग, जयपुर मंदिर मार्ग और रोप-वे की ओर की जाएगी।

### कुंड में स्नान की मनाही

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बरसाना के सभी कुंडों में स्नान प्रतिबंधित किया गया है। कुंडों को कवर करा दिया गया है। पुलिस और पीएसी भी यहां तैनात की गई है। इसके अलावा दो कंट्रोल सेंटर बनाए गए हैं। बृजेश्वरी में जूता घर बनाया गया है। यहीं खोया-पाया केंद्र भी बनाया गया है। 18 सीसीटीवी कैमरे मंदिर परिसर के भीतर लगे हैं। इसके अलावा 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे बाहरी हिस्सों में लगाए गए हैं। ड्रोन से भी सुरक्षा व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी।

### 11 महीने बाद बालकृष्ण के सामने खुले नेत्र

**शास्त्रों** के अनुसार, राधाजी के नेत्र जन्म से लेकर करीब 11 महीने तक बंद रहे। वहीं, दूसरी तरफ मथुरा में कंस के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। रातोंरात उन्हें गोकुल में नंदबाबा के घर पहुंचाया गया। कंस के डर से उस वक्त कृष्ण का जन्मोत्सव नहीं मनाया गया। 11 महीने बाद नंदबाबा ने सभी जगह संदेश भेजा और कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। गोकुल के राजा वृषभान जी भी बधाई लेकर गोकुल पहुंचे। उनकी गोद में राधारानी भी थीं। वहां बैठते ही राधारानी घुटने के बल चलते हुए बालकृष्ण के पास पहुंची और तभी उन्होंने अपने नेत्र खोल दिए।

### राधा अष्टमी पूजा मुहूर्त

23 सितंबर को राधा अष्टमी वाले दिन राधा रानी की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 01 मिनट से दोपहर 01 बजकर 26 मिनट तक है।

### राधा अष्टमी 2023 पूजा विधि

- राधा अष्टमी के दिन प्रात: काल जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें।
इसके बाद तांबे या मिट्टी का कलश पूजन स्थल पर रखें और एक तांबे के पात्र में राधा जी की मूर्ति स्थापित करें।
- एक साफ चौकी पर लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाएं। उसके ऊपर राधा रानी की प्रतिमा स्थापित करें।
- पंचामृत से स्नान कराकर सुंदर वस्त्र पहनाकर दोनों का श्रृंगार करें।
- फल-फूल और मिष्ठान अर्पित करें। इसके बाद राधा कृष्ण के मंत्रों का जाप करें, कथा सुनें। साथ ही राधा कृष्ण की आरती अवश्य गाएं।




## एक दिन पहले ऊंचागांव में मनाया जाता है सखी ललिता का जन्म

**प्रिया**-प्रियतम की लीलाओं की सहनायिका और राधा रानी की अष्टसखियों में प्रधान ललिता सखी का जन्मोत्सव बरसाना के ऊंचागांव में बृहस्पतिवार को धूमधाम से मनाया गया। ललिता सखी के जन्म लेते ही ऊंचागांव राधाकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। ललिता सखी के अभिषेक के दर्शनों बड़ी संख्या में भक्त उमड़े। भाद्रपद शुक्ल पक्ष षष्ठी को ऊंचागांव स्थित ललिता अटा अटोर नामक पहाड़ी पर बने ललिता मंदिर में दोपहर 12 बजे ललिता जी के अभिषेक के साथ जन्मोत्सव की शुरूआत हुई। सेवायतों ने ललिता जी के श्रीविग्रह का घी, दूध, दही, शहद, बूरा, केसर, जटामसी, चंदन, नागर मोथा, अगर-तगर, गुलाब जल, इत्र आदि से अभिषेक किया। इसी के साथ मंदिर में घंटे-घड़ियाल बज उठे। पूरा मंदिर परिसर राधारानी व ललिता सखी के जयकारों से गूंज उठा। ललिता सखी की एक छलक पाने को श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस दौरान गुर्जर समुदाय के लोगों ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया। श्रद्धालु लोक नृत्य देखकर भाव-विभोर हो गए। जन्म से पूर्व नंदगोपाल सखी द्वारा बधाई गायन व ढाडिन लीला मंदिर परिसर में की गई।



## वन्दे वृन्दावनानन्दां राधिकां परमेश्वरीम्। गोपिकां परमां श्रेष्ठां ह्लादिनीं शक्तिरुपिणीम्।।

**श्रीराधा** कौन हैं? श्रीराधा हैं-श्रीकृष्ण का सुख। श्रीराधा हैं-श्रीकृष्ण का आनन्द। भगवान का आनन्दस्वरूप ही श्रीराधा के रूप में अभिव्यक्त है। श्रीराधा न हों तो श्रीकृष्ण के आनन्दरूप की सिद्धि ही न हो। श्रीराधा सचिदानन्द परमात्मा की मौज हैं, अन्तर का आह्लाद हैं, उसी आह्लाद की प्रकटरूपा श्रीराधा हैं। जैसे सूर्य से ताप, चन्द्र से शीतलता, जल से वीचि (लहर) अलग नहीं की जा सकती, उसी प्रकार श्रीकृष्ण से उनकी आह्लादिनी शक्ति पृथक् नहीं की जा सकती। वे ही श्रीराधा हैं।
श्रीकृष्ण सत् चित् और आनन्दस्वरूप हैं। संतों ने सत् से वृन्दावनधाम, चित् से चित्स्वरूप भगवान की परम सहायिका योगमाया और आनन्द से श्रीकृष्ण की आह्लादिनी शक्ति श्रीराधा को माना है। कहने का तात्पर्य यह है कि वृन्दावनधाम (गोलोक) नित्य है, योगमाया नित्य है और श्रीराधिका नित्य हैं, जिनकी नित्य लीला सदैव होती रहती है। श्रीकृष्ण ब्रह्माण्ड-रचियता हैं तो श्रीराधा उनकी ऊर्जा हैं। राधाकृष्ण रूप में ही समस्त ब्रह्माण्ड व्याप्त हो रहा है।
श्रीराधा अनादि हैं। इनका प्राकट्य भी भगवान के प्राकट्य की भांति सदा दिव्य हुआ करता है। श्रीराधा भगवान श्रीकृष्ण की भांति ही नित्य सच्चिदानन्द-स्वरूपा हैं। भगवान श्रीकृष्ण की भांति ही समय-समय पर लीला के लिए आविर्भूत होती हैं। एक बार ये गोलोकधाम में श्रीकृष्ण के वामांग से प्रकट हुई थीं। उन्होंने ही फिर व्रजभूमि के अंतर्गत बरसाने (वृषभानुपुर में रावल ग्राम) में श्रीवृषभानुजी के घर कीर्तिदारानीजी की कोख से प्रकट होने की लीला की थी। श्रीराधा अयोनिजा थीं, माता के पेट से पैदा नहीं हुईं। उनकी माता ने अपने पेट में 'वायु' को धारणकर रखा था। उन्होंने योगमाया की प्रेरणा से वायु को ही जन्म दिया, परन्तु वहां स्वेच्छा से श्रीराधा प्रकट हो गयीं। श्रीमद्देवीभागवत के अनुसार दुर्गा, राधा, लक्ष्मी, सरस्वती और सावित्री-ये पांच प्रकृति हैं। उनमें सर्वशक्तिस्वरूपा दुर्गा, सर्वसम्पत्स्वरूपा लक्ष्मी, सर्वविद्यास्वरूपा सरस्वती, शुद्धसत्यस्वरूपा सावित्री तथा



परमानन्दस्वरूपा राधा परिपूर्णतमा हैं। श्रीराधा पांच प्राणों की अधिदेवी होने से पांचवीं प्रकृति बतलायी गयी हैं। परमानन्दस्वरूपा ये श्रीकृष्ण की रासक्रीडा की अधिष्ठात्री देवी हैं, जो सभी सुन्दरियों में सुन्दरी हैं, श्रीकृष्ण के वामअंग से प्रकट होने से अर्धस्वरूपा हैं। ये निर्गुणा (प्राकृत गुणों से रहित), निराकारा (प्राकृत आकार से रहित), निर्लिप्ता, संतोष एवं हर्षरूपिणी हैं।
श्रीराधिकाजी स्वयं यशोदाजी से कहती हैं- 'रा' शब्द का अर्थ है- जिनके एक-एक रोमकूप में सम्पूर्ण विश्व (महाविष्णु, विश्व के प्राणी और सम्पूर्ण विश्व) भरे हैं एवं 'धा' शब्द धात्री (माता) का वाचक है। अत: मैं ही महाविष्णु, विश्व के सम्पूर्ण प्राणी तथा समस्त विश्व की धात्री (माता) ईश्वरी मूलप्रकृति हूं।' रासलीला में जब रासेश्वर श्रीकृष्ण रासेश्वरी के साथ अन्तर्धान हो गए तब युगलसरकार के पदचिन्हों को देखकर गोपियों ने ही श्रीकृष्ण के साथ गयी गोपी का 'राधा' नामकरण किया- 'अवश्य ही सर्वशक्तिमान भगवान श्रीकृष्ण की वे 'आराधिका' (आराधन करने वाली राधिका) होंगी। इसीलिए उन पर प्रसन्न होकर हमारे प्यारे श्रीकृष्ण ने हमको छोड़ दिया है और उन्हें एकान्त में ले गए हैं।' इसी कारण इनका नाम श्रीराधा प्रसिद्ध हुआ। एक अन्य मत के अनुसार-गोलोक में जो रास के समय श्रीकृष्ण के समीप धावन करके पहुंची, वे राधा के नाम से प्रख्यात हुईं। राधा श्रीकृष्ण की भक्ता हैं, प्रेमिका हैं, उपासिका-आराधिका हैं। श्रीराधा श्रीकृष्ण की शक्ति हैं, श्रीराधा भगवान की सम्पूर्ण ईश्वरी, हैं, सम्पूर्ण सनातनी विद्या हैं, श्रीकृष्ण के प्राणों की अधिष्ठात्री देवी हैं। एकान्त में चारों वेद इनकी स्तुति करते हैं। इनकी महिमा का ब्रह्माजी अपनी समस्त आयु में भी वर्णन नहीं कर सकते।

## मंदिर का इतिहास 5000 साल पुराना



माना जाता है कि राधा रानी मंदिर मूल रूप से लगभग 5000 साल पहले राजा वज्रनाभ (कृष्ण के परपोते) द्वारा स्थापित किया गया था। कहा जाता है कि मंदिर खंडहर में बदल गया था तब प्रतीक नारायण भट्ट द्वारा फिर से इसे खोजा गया और 1675 ईस्वी में राजा वीर सिंह द्वारा एक मंदिर बनाया गया था। बाद में मंदिर की वर्तमान संरचना का निर्माण नारायण भट्ट ने राजा टोडरमल की मदद से किया था, जो अकबर के दरबार में एक राज्यपाल थे। मंदिर के निर्माण के लिए लाल और सफेद पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है, जो राधा और श्रीकृष्ण के प्रेम का प्रतीक माने जाते हैं। राधा रानी के पिता का नाम वृषभानु और माता का नाम कीर्ति था। राधा रानी का जन्म जन्माष्टमी के 15 दिन बाद भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को हुआ था। इसलिए बरसाना के लोगों के लिए यह जगह और दिन बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन राधा रानी के मंदिर को फूलों से सजाया जाता है। राधा रानी को छप्पन प्रकार के व्यंजन परोसे जाते हैं।

श्रीजी मंदिर, अपने मेहराबों, स्तंभों और लाल बलुआ पत्थर के साथ, मुगल काल की संरचना की तरह दिखता है। यह लाल बलुआ पत्थर से बना है और इसकी आंतरिक दीवारों और छत पर जटिल हाथ की नक्काशी, सुंदर मेहराब, गुंबद और उत्तम चित्रों से सजाया गया है। मंदिर के लाल और सफेद पत्थरों को राधा और कृष्ण के प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इस मंदिर में 200 से अधिक सीढ़ियां हैं जो जमीन से मुख्य मंदिर की ओर जाती हैं। इस मंदिर की ओर जाने वाली सीढ़ियों के तल पर वृषभानु महाराज का महल है जहां वृषभानु महाराज, कीर्तिदा (राधा की मां), श्रीदामा (राधा की सहोदर) और श्रीराधिका की मूर्तियां हैं। इस महल के पास ही ब्रह्माजी का मंदिर भी स्थित है। इसके अलावा, पास में ही अष्टसखी मंदिर है जहां राधा और उनकी प्रमुख सखियों की पूजा की जाती है। चूंकि मंदिर पहाड़ी की चोटी पर स्थित है इसलिए मंदिर के परिसर से पूरे बरसाना को देखा जा सकता है।

# हांगझोउ जाने वाली भारतीय टी20 टीम अभ्यास में कर्नाटक से हारी

एजेंसी। बेंगलुरु

**एशियाई** खेलों के लिए रवानगी से पहले आयोजित एक अभ्यास मैच में भारत की टी20 टीम शुक्रवार को यहां कर्नाटक से चार विकेट से हार गई। भारतीय एकादश टीम 20 ओवर में 133 रन पर सिमट गई जिसमें मनोज भंडाजे ने चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट झटके जबकि वासुकी कौशिक और शुभांग हेगडे को तीन तीन विकेट मिले।

जवाब में मनीष पांडे ने नाबाद 52 रन (40 गेंद में) की पारी खेली जबकि सलामी बल्लेबाज एलआर चेतन (29 रन), मयंक अग्रवाल (19 रन) और अभिनव मनोहर (नाबाद 17 रन) ने भी कर्नाटक को पांच गेंद रहते जीत दिलाने में योगदान दिया। आवेश खान, रवि बिश्नोई और आर साई किशोर ने भारत की एशियाड टी20 टीम के लिए एक एक विकेट लिया। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और प्रभसिमरन सिंह ने हालांकि भारतीय टीम के कर्नाटक के गेंदबाजों के आगे घुटने टेकने से पहले अच्छी शुरुआत दिलाई। प्रभसिमरन ने 31 गेंद में सात चौके और एक छक्के से 49 रन जबकि जायसवाल ने 17 गेंद में सात चौकों से 31 रन बनाए। इसके बाद कर्नाटक के गेंदबाजों ने शीर्ष और मध्यक्रम को झकझोर दिया जिससे राहुल त्रिपाठी, जितेश शर्मा, रिंकू सिंह और शिवम दूबे दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके। कौशिक ने तीन विकेट लेकर भारतीय टीम को समेट दिया। एशियाई खेलों के लिए जाने वाली भारतीय टीम कप्तान रूतुराज गायकवाड के बिना खेल रही थी जिन्हें मोहाली में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे के लिए अंतिम एकादश में चुना गया है।

भारतीय पुरुष टीम पहली बार एशियाई खेलों में हिस्सा लेगी जिसमें मुकाबले 28 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चलेंगे। भारतीय महिला टीम पहले ही एशियाड के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।



# मोटो जीपी के प्रसारण में भारत के नक्शे से गायब दिखा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख

एजेंसी। नोएडा

**भारत** में आयोजित हो रही सबसे बड़ी मोटरसाइकिल रेस स्पर्धा मोटोजीपी के लाइव स्ट्रीम के दौरान भारत के विवादित नक्शे को प्रसारित किया गया जिसमें जम्मू कश्मीर और लद्दाख इसका हिस्सा नहीं था।

सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा इस मामले को उजागर किए जाने के कुछ ही घंटों के अंदर मोटोजीपी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने आधिकारिक अकाउंट पर गलती के लिए माफी मांगी। मोटोजीपी ने कहा, मोटोजीपी प्रसारण के पहले भाग में दिखाए गए नक्शे के लिए हम भारत में अपने प्रशंसकों से माफी मांगना चाहते हैं। अपने मेजबान देश के लिए समर्थन और सराहना के अलावा कोई भी बयान देना हमारा इरादा नहीं है। इसमें कहा गया, हम आपके साथ इंडियन ऑयल ग्रांप्री ऑफ इंडिया का लुत्फ उठाने लिए उत्साहित हैं और हम आपके साथ हैं। हमें पहली नजर में यहां बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पसंद आ रहा है। भारत फार्मूला वन रेस 2013 के बाद पहली बार इस स्तर के मोटो रेस की मेजबानी कर रहा है। शुक्रवार को मोटो 2, मोटो 3 और मोटो जीपी के रेसर अभ्यास करेंगे जबकि क्वालीफाइंग मुकाबले शनिवार को होगें। मुख्य रेस रविवार को होगी।



# आईसीसी ने अनाउंस की प्राइज मनी वर्ल्डकप चैंपियन को मिलेंगे 33 करोड़

एजेंसी। दुबई

**भारत** में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप की प्राइज मनी का ऐलान इंटरनेशनल क्रिकेट कांउसिल (आईसीसी) ने शुक्रवार को किया। आईसीसी इस बार करीब 83 करोड़ रुपए (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की प्राइज मनी बांटेगा। इसमें से विनर को करीब 33 करोड़ रुपए (4 मिलियन यूएस डॉलर) मिलेंगे, जबकि उपविजेता को करीब 17 करोड़ रुपए (2 मिलियन यूएस डॉलर) का इनाम मिलेगा।

काउंसिल ने अलग-अलग राउंड के लिए प्राइज मनी जारी की है। आईसीसी ने मौजूदा प्राइज मनी में विनर और रनर्स के अलावा सेमीफाइनल हारने वाली टीम को करीब 6 करोड़ और ग्रुप स्टेज से बाहर होने वाली टीम को करीब 82 लाख रुपये मिलेंगे। इस बार जारी प्राइज मनी पिछले सीजन के बराबर ही है। काउंसिल ने पिछली प्राइज मनी करीब 83 करोड़ रुपये में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले सीजन की चैंपियन इंग्लैंड को करीब 33 करोड़ रुपये दिए गए थे। पिछले साल में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में विजेता बनने वाली इंग्लैंड टीम को 13 करोड़ पांच लाख 35 हजार रुपये मिले थे। वहीं, रनर अप रही पाकिस्तानी टीम को छह करोड़ 52 लाख 64 हजार मिले थे।

### फाइनल में हारने वाली टीम को मिलेंगे 16 करोड़ का इनाम

### भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को

भारत में पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे आईसीसी मेंस वनडे वर्ल्ड कप की इनामी राशि अनाउंस कर दी गई है। इस बार वर्ल्ड चैंपियन को 33 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं, रनर्स अप को 16 करोड़ रुपये मिलेंगे। आईसीसी की अपेक्स क्रिकेट बॉडी के अनुसार इस बार टूर्नामेंट में करीब 83 करोड़ रुपए की इनामी राशि दी जाएगी।



# भारत को जीत के लिए मिला 277 रन का लक्ष्य

एजेंसी। मोहाली

**ऑस्ट्रेलिया** ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय में शुक्रवार को यहां भारत के खिलाफ 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 276 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने सबसे ज्यादा 52 रन बनाए। मोहम्मद शमी सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। उन्होंने 51 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

ऑस्ट्रेलियाई पारी के 35.4 ओवर ही डले थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा, हालांकि थोड़ी ही देर में बारिश बंद हो गई और मैच दोबारा शुरू हो गया।

### आस्ट्रेलिया की टीम 276 रनों पर हुई ढेर

ओपनर डेविड वॉर्नर ने वनडे करियर की 29वीं फिफ्टी जमाई। उन्होंने 49 बॉलों पर अर्धशतक पूरा किया। वॉर्नर 53 बॉल पर 98.11 के स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। 4 रन पर मिचेल मार्श का विकेट गंवाने के बाद डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला।

दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 106 बॉल पर 94 रनों की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप को रवींद्र जडेजा ने वॉर्नर को आउट करके तोड़ा। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत औसत रही। टीम ने शुरुआती 10 ओवर में एक विकेट पर 42 रन बनाए। भारतीय टीम को मोहम्मद शमी ने पहले ही ओवर में सफलता दिलाई। उन्होंने ओपनर मिचेल मार्श को 4 रन पर आउट किया।

## भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम की एशियाई खेलों में जीत से शुरुआत



**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने शुक्रवार को यहां यमन पर 3-0 से आसान जीत दर्ज करके एशियाई खेलों में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। अनुभवी शरथ कमल, जी साथियान और हरमीत देसाई को सीधे गेम में जीत दर्ज करने के लिए किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

साथियान ने अली उमर अहमद को 14 मिनट में 11-3, 11-2, 11-6 से हराकर शानदार शुरुआत की। एशियाई खेलों में आखिरी बार खेल रहे 41 वर्षीय शरथ ने इसके बाद इब्राहिम अब्दुलहकीम मोहम्मद गुब्रान को 11-3, 11-4, 11-6 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। देश के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी हरमीत ने मगद अहमद अली अल्धुभानी को 11-।, 11-1, 11-7 से हराकर मुकाबला भारत के नाम किया। भारतीय पुरुष टीम ग्रुप एफ के अपने अगले मुकाबले में सिंगापुर का सामना करेगी। महिला टीम भी अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर के खिलाफ करेगी।

# अंतिम पंघल ने दिलाया रेसलिंग का पहला ओलिंपिक कोटा

### वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज भी जीता, स्वीडन की एमा जोना को हराया

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** पहलवान अंतिम पंघल ने भारत को ओलिंपिक-2024 के लिए रेसलिंग का पहला कोटा दिला दिया है। सर्बिया के बेलग्रेड में चल रही वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में उन्होंने ब्रॉन्ज भी जीत लिया। यह चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन का पहला मेडल भी है। अंतिम ने 53 किग्रा कैटेगरी के ब्रॉन्ज मेडल मैच में स्वीडन की एमा जोना डेनिस को 16-6 के अंतर से हराया। इस कैटेगरी का फाइनल आज यानी शुक्रवार को खेला जाएगा।

अंतिम वही पहलवान हैं, जिन्हें नेशनल ट्रायल जीतने के बाद भी एशियन गेम्स के लिए स्टैंड बाय में रखा गया था और उनकी जगह विनेश फोगाट को बिना ट्रायल दिए ही एशियाड की टीम में चुन लिया गया था, हालांकि विनेश विदेश में ट्रेनिंग के दौरान चोटिल हो गईं और टीम में अंतिम को मौका मिला। 19 साल की अंतिम पंघल ने अपने पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैम्पियन को हराया था। उन्होंने अमेरिका की डोमिनिक ओलिविया पैरिस को पहले मुकाबले में 3-2 के अंतर से हराकर अगले राउंड में एंट्री की थी। दूसरे राउंड में अंतिम ने पोलैंड की रोकसाना मार्टा जसिना को टेक्निकल सुपिरियॉरिटी के आधार पर हराया था। वहीं क्वाार्टरफाइनल में उन्होंने रूस की नैटली मलेशेवा को 9-6 के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।



### बेलारुस की खिलाड़ी से सेमीफाइनल हारीं

**अंतिम** को सेमीफाइनल में बेलारुस की वेनेसा कालजिन्सकाया के खिलाफ 5-4 के अंतर से करीबी हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद अंतिम को ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने जीत दर्ज कर ओलिंपिक कोटा भी बुक किया।

### चार भारतीय खिलाड़ियों को हार मिली

**ग्रीको** रोमन रेसलिंग के मेंस इवेंट में 77 किग्रा वेट कैटेगरी में गुरप्रीत सिंह और 55 किग्रा कैटेगरी में अजय को पहले ही मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 82 किग्रा में सजन और 130 किग्रा कैटेगरी में मेहर सिंह भी क्वालिफिकेशन राउंड में बाहर हो गए।

## ओलंपिक के लिए अमेरिकी तैराकी टीम के पहले अश्वेत कोच बने एंथोनी

**न्यूयॉर्क।** एंथोनी नेस्टी को अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए अमेरिका की पुरुष तरह की टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह पहले अश्वेत कोच होंगे जो ओलंपिक में अमेरिका की टीम की अगुवाई करेंगे।

अमेरिकी तैराकी संघ ने नेस्टी की नियुक्ति की घोषणा की। उनके अलावा टॉड डेसोर्बो को महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। नेस्टी फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के कोच हैं। वह अमेरिकी टीम में केटी लेडेकी, कैलेब ड्रेसेल और बॉबी फिन्के जैसे शीर्ष तैराकों के साथ काम करेंगे। नेस्टी ने अमेरिकी तैराकी संघ के बयान में कहा, मैं पेरिस ओलंपिक में पुरुष टीम की अगुवाई करने को लेकर रोमांचित हूं। मैं और टॉड इन खिलाड़ियों को ओलंपिक के लिए तैयार करने के लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

# वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

एजेंसी। इस्लामाबाद

**वनडे** वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत पांच अक्टूबर से हो रही है। पाकिस्तान का पहला मुकाबला छह अक्टूबर को हैदराबाद के उप्पल मैदान पर नीदरलैंड से होगा। वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। नसीम शाह को एशिया कप 2023 सुपर-4 में भारत के खिलाफ हुए मुकाबले के दौरान चोट लग गई थी। मैच में वो अपना ओवर भी पूरा नहीं कर सके थे, उन्होंने अपने कोटे के केवल 9.2 ओवर फेंके और बाद में बैटिंग के लिए भी नहीं आए। चोटिल नसीम शाह की जगह पर मीडियम पेसर हसन अली की करीब 1 साल बाद टीम में वापसी हुई है। हसन अली ने अपना आखिरी वनडे मैच वेस्टइंडिज के खिलाफ मुल्तान में पिछले साल 12 जून को खेला थाा।

### वर्ल्ड कप में खेले जाएंगे 48 मुकाबले

**भारत** में अक्टूबर-नवंबर में 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड होगा, जिसमें 48 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 5 अक्टूबर को पिछले वर्ल्ड कप की विजेता और उप-विजेता इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में होगा। 12 नवंबर तक ग्रुप स्टेज के 45 मैच होंगे। 15 और 16 नवंबर को 2 सेमीफाइनल और 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल खेला जाएगा।

## राष्ट्रीय मूकबधिर क्रिकेट चैंपियनशिप 25 से भुवनेश्वर में

**भुवनेश्वर।** भारतीय मूकबधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) की राष्ट्रीय मूकबधिर टी20 क्रिकेट चैंपियनशिप 25 सितंबर से यहां शुरू होगी। आईडीसीए की विज्ञप्ति के अनुसार सात दिन तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में कुल 19 टीम भाग लेंगी।

टीमों को चार अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है तथा फाइनल से पहले कुल 42 मैच खेले जाएंगे। ओडिशा मूकबधिर क्रिकेट संघ की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट के मैच चार अलग-अलग स्थान में खेले जाएंगे। फाइनल एक अक्टूबर को भुवनेश्वर स्थित ईस्ट कोस्ट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की विजेता टीम को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी।


# एशियाड में इंडियन एथलीट्स के नाम हैं 79 गोल्ड

### देश ने कुल 672 मेडल जीते, कबड्डी में 100 प्रतिशत सक्सेस सेट

एजेंसी। नई दिल्ली

**एशियन** गेम्स के 19वें सीजन की शुरुआत 23 सितंबर से हो रही है। चीन के हांगझोऊ शहर में आठ अक्टूबर तक गेम्स होंगे। क्वालिफिकेशन मैच 19 सितंबर से ही शुरू कर दिए गए। 23 सितंबर को ओपनिंग सेरेमनी के बाद 24 सितंबर से एशियाड का ऑफिशियल पहला दिन शुरू होगा।

भारत 1951 में पहली बार हुए एशियाड से ही गेम्स का हिस्सा रहा है। तब नई दिल्ली ने ही मेजबानी की थी। इस बार भी भारत के 655 प्लेयर्स 40 स्पोर्ट्स में हिस्सा लेंगे। इस स्टोरी में हम एशियाड में भारत के अब तक के प्रदर्शन पर नजर डालेंगे। जानेंगे कि देश को किन स्पोर्ट्स में सबसे ज्यादा मेडल मिले



और किन प्लेयर्स ने देश को सबसे ज्यादा गोल्ड दिलाए हैं। 1951 में पहली बार नई दिल्ली में एशियन गेम्स का आयोजन हुआ।

तब से हर 4 साल में गेम्स होते आ रहे हैं। आखिरी बार 2018 में इंडोनेशियन के जकार्ता ने मेजबानी की थी। इस बार गेम्स 2022 में होने वाले थे, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इन्हें एक साल पोस्टपोन कर इस साल आयोजित करवाया गया।

18 एशियाड में भारत ने कुल 672 मेडल जीते हैं। इनमें 155 गोल्ड, 201 सिल्वर और 316 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। ओवरऑल रैंक में भारत 5वें नंबर पर हैं। चीन (1473), जापान (1032), साउथ कोरिया (745) और ईरान (179) ने भारत से ज्यादा गोल्ड जीते हैं। इसीलिए उनकी रैंक भारत से ज्यादा है। कजाकिस्तान ने भारत के बराबर 155 गोल्ड जीते हैं, लेकिन उनके सिल्वर भारत से कम (158) है, इसीलिए उनकी रैंक छठी है।

### मेडल टैली में कभी टॉप नहीं कर सका भारत

**अब** तक हुए 18 एशियन गेम्स में भारत कभी भी मेडल टैली में टॉप पर नहीं रहा। 1951 में पहले ही एशियाड में देश 15 गोल्ड जीतकर दूसरे नंबर पर रहा था। इसके बाद भारत कभी टॉप-2 पोजिशन पर नहीं आ सका। लेकिन 17 में से 16 बार देश मेडल टैली के टॉप-10 में ही रहा। 1990 में देश ने एक ही गोल्ड जीता था, तब हम 11वें नंबर पर रहे थे। 2018 के पिछले एशियाड में भारत ने 70 मेडल जीते थे। इनमें 16 गोल्ड, 23 सिल्वर और 31 ब्रॉन्ज शामिल रहे। देश मेडल टैली में 8वें नंबर पर रहा, लेकिन इससे पहले भारत ने इतने ज्यादा मेडल कभी नहीं जीते थे।

### एथलीट्स ने सबसे ज्यादा 254 मेडल दिलाए

**भारत** ने अब तक 32 अलग-अलग खेलों में मेडल जीते हैं। इनमें 18 खेल ऐसे हैं जिनमें देश को कम से कम एक गोल्ड मेडल तो मिला ही है। एथलीट्स ने देश को सबसे ज्यादा 79 गोल्ड, 88 सिल्वर और 87 ब्रॉन्ज सहित 254 मेडल दिलाए हैं। देश को इस बार भी एथलीट्स से बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। रेसलिंग में भारत को 11 गोल्ड समेत कुल 59 मेडल मिले हैं। शूटिंग, कबड्डी, टेनिस और बॉक्सिंग में देश को 9-9 गोल्ड मेडल मिले हैं। कबड्डी के मेंस और विमेंस कैटेगरी में अब तक 11 इवेंट हुए, भारत ने इनमें नौ गोल्ड जीते। एक-एक बार देश को सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल मिला।